CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 20 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 309 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 28 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



योगी ने मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा की पेज 2



वनडे रैंकिंग में मिचेल ने ली रोहित की जगह खेल टाइम्स




सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व सम्पादकीय



भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार पेज 12

## राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों ने लिखा खुला पत्र

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक खुला पत्र जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। पत्र में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं।

■ **कहा: कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही**



इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने खुला पत्र में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है। पत्र में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है। दरअसल, राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की 'बी टीम' भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था। पत्र में कहा गया है कि पहले सेना, फिर न्यायपालिका और संसद पर सवाल उठाए गए और अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। यह एक खतरनाक चलन बन गया है, जिसमें चुनावी हार को छिपाने के लिए संस्थाओं की साख पर हमला किया जा रहा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर वोट चोरी का आरोप लगाया, उसे गद्दारी तक कहा और अधिकारियों को धमकाया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कोई आधिकारिक शिकायत या हलफनामा पेश नहीं किया। यह सिर्फ राजनीतिक नाराजगी है, जिसका कोई ठोस आधार नहीं है। जब विपक्षी पार्टियां जीतती हैं, तब चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगता, लेकिन हार मिलते ही आयोग को दोषी ठहराना शुरू हो जाता है। यह राजनीतिक अवसरवाद है। टीएन शेषन और एन. गोपालस्वामी जैसे पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने आयोग को बेहद मजबूत और निष्पक्ष संस्था बनाया है, इसलिए आज उस पर बेबुनियाद हमले लोकतंत्र के लिए नुकसानदायक हैं।

### भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना जरूरी नहीं: भागवत

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारत और हिंदू एक ही हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी सभ्यता पहले से ही इसे जाहिर करती है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि जो भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है। हिंदू सिर्फ धार्मिक शब्द नहीं बल्कि एक सभ्यता गत पहचान है, जो हजारों साल की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है। आरएसएस चीफ सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे।



**पुट्टपर्थी (आंध्र प्रदेश): दिवंगत आध्यात्मिक गुरु श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन द्वारा पीएम मोदी का स्वागत किया गया।**

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश: मुठभेड़ में सात माओवादी ढेर

**पडेरू।** आंध्र प्रदेश में अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिली गांव के घने जंगलों में बुधवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। खुफिया विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक महेश चंद्र लड्डा ने बताया कि भीषण मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। इनमें तीन महिला माओवादी भी शामिल हैं। मृत माओवादियों की पहचान जोगा राव उर्फ टेक शंकर, सीता उर्फ ज्योति, सुरेश, गणेश, वासु, अनीता और शम्मी के रूप में हुई है। मृतक माओवादी जोगा राव उर्फ टेक शंकर दक्षिण क्षेत्रीय समिति का सदस्य और आंध्र-ओडिशा सीमा प्रभारी भी था। एक अन्य मृतक सुरेश माओवादी संचार दल का प्रमुख था, जबकि अनीता जगरकोंडा समिति सदस्य एवं क्षेत्र समिति सदस्य थी। इन सभी मृतक माओवादियों पर इनाम घोषित थे।

### हाईकोर्ट ने उप्र सरकार पर लगाया 15 हजार का हर्जाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने 11 वर्षों से विचाराधीन एक जनहित याचिका के मामले में विभागीय उदासीनता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। यह मामला मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग करवाने का है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश जयंत सिंह तोमर की याचिका पर दिया है। वहीं, आदेश के बावजूद एनएचएआई और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा भी जवाब न देने पर भी नाराजगी जताई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने पहले भी पूछा था कि कि क्या मैंगो बेल्ट में पेड़ों के जियो-टैगिंग की वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जा सकती है, लेकिन इस बार भी राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने सरकार से निर्देश लेकर जानकारी देने की बात कही।

### राजस्थान में शीतलहर, 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा ठंडा मौसम माउंट आबू रहा। यहां न्यूनतम तापमान जीरो डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा कई शहरों में रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री नीचे है। मंगलवार रात 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

# संसद कोर्ट के फैसले नहीं पलट सकती: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के प्रावधान रद्द किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया और कहा कि यह कानून शक्तियों के बंटवारे एवं न्यायिक स्वतंत्रता के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन करता है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने विभिन्न न्यायाधिकरणों में नियुक्तियों के संबंध में पूर्व के निर्णयों में बाध्यकारी निर्देशों को लागू करने में बार-बार विफल रहने पर केंद्र सरकार पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने कहा कि 2021 के अधिनियम में पहले निरस्त किए गए प्रावधानों को पुन: लागू किया गया तथा मद्रास बार एसोसिएशन (एमबीए) के कई मामलों में न्यायालय द्वारा चिन्हित दोषों को समाप्त नहीं किया गया। एमबीए द्वारा 2021 में दायर चुनौती को स्वीकार करते हुए, शीर्ष अदालत ने माना कि यह अधिनियम आधिकारिक न्यायिक घोषणाओं को विधायी रूप से खारिज करने के समान है और इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता है। इसने दोहराया कि पूर्व एमबीए निर्णयों में निर्धारित निर्देश, जैसे न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम पांच वर्ष का कार्यकाल और कम से कम दस वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं की पात्रता, तब तक लागू रहेंगे जब तक कि संसद न्यायिक निर्देशों के अनुपालन में नया कानून नहीं बना लेती। पीठ ने केंद्र सरकार को चार महीने के अंदर राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग स्थापित करने का भी निर्देश दिया। इसने आगे स्पष्ट -शेष पृष्ठ दो पर

■ **चार महीने में नेशनल ट्रिब्यूनल कमीशन बनाने का आदेश**

### दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवम्बर-दिसम्बर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स फंक्शन पर रोक लगनी चाहिए। कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। अपराजिता सिंह ने कहा था कि दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे, ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रैप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि ग्रैप-3-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता दी जाए।



## अल-फलाह विवि के कुलाधिपति 13 दिन की ईडी हिरासत में

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं कुलाधिपति जावेद अहमद सिद्दीकी को कथित धोखाधड़ी वाले मान्यता दावों से जुड़े धनशोधन मामले में 13 दिनों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया है। यह आदेश मंगलवार देर रात साकेत जिला न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने पारित किया।

ईडी ने 14 दिन की हिरासत की मांग करते हुए तर्क दिया था कि सिद्दीकी उस योजना के केंद्र में था जिसमें अल-फलाह विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध संस्थानों ने कथित रूप से लगभग 415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित की थी। एजेंसी के अनुसार, यह राशि एनएएसी मान्यता और यूजीसी मान्यता के झूठे दावों के आधार पर छात्रों से एकत्रित की गई फीस है। ईडी ने तर्क दिया कि इन भ्रामक प्रथाओं का उपयोग छात्रों एवं अभिभावकों को बेईमानी से फीस का भुगतान करने के -शेष पृष्ठ दो पर




■ **415.10 करोड़ रुपये की अपराध आय अर्जित करने का मामला**

### दिल्ली विस्फोट की जांच में संदिग्ध कार कानपुर में मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट मामले की जांच कर रही एनआईए ने उत्तर प्रदेश के कानपुर के हितकारी नगर से हरियाणा में पंजीकृत एक संदिग्ध कार बरामद की है। एनआईए अधिकारी कार के मालिकाना हक की जांच कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इस मामले में गिरफ्तार डा. शाहीन सईद विस्फोट से लगभग 25 दिन पहले कानपुर गई थी। पूछताछ में डा. शाहीन और उसके सहयोगी मुजम्मिल ने कथित रूप से फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से बम बनाने के लिए रसायन चुराने की बात स्वीकार की। कई छापों के बाद विश्वविद्यालय पहले ही जांच के दायरे में है। इस बीच, एनआईए की व्यापक आतंकवाद- रोधी जांच से पता चला है कि डा. उमर नबी कथित रूप से अतिरिक्त आत्मघाती हमलावरों की भर्ती एवं प्रशिक्षण की कोशिश कर रहा था। जांचकर्ताओं ने पाया कि उसने कम से कम 11 व्यक्तियों को प्रेरक वीडियो वितरित किया था, जिनमें से सात कश्मीर से तथा अन्य उत्तर प्रदेश, केरल और कर्नाटक से थे।

## अनमोल बिश्नोई को 11 दिन की रिमांड पर भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरते ही एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद एनआईए की टीम ने आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने 11 दिन की एनआईए रिमांड पर भेज दिया है। गिरफ्तार गैंगस्टर को एनआईए मुख्यालय लाया गया।

अनमोल बिश्नोई दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपी है। वहीं सलमान खान पर फायरिंग जैसे कई मामलों में वांछित भी है। एनआईए ने कोर्ट से अनमोल की 15 दिनों की कस्टडी मांगी थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि अनमोल को अमेरिका ने मंगलवार को भारत डिपोर्ट कर दिया था। इसके बाद दिल्ली पहुंचते ही एनआईए ने उसे पकड़ लिया। बिश्नोई गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुए अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा। इसके लिए उसने जमीनी स्तर पर उसके गुर्गों का इस्तेमाल किया। जांच से पता चला है कि अनमोल बिश्नोई ने गिरोह के शूटरों और जमीनी गुर्गों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान की थी।



■ **अमेरिका से प्रत्यर्पित लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को एनआईए ने किया गिरफ्तार**

## एनडीए ने नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना, पटना में शपथग्रहण समारोह आज

**पटना।** बिहार में नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। एनडीए विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद शपथ ग्रहण समारोह के लिए गुरुवार (आज) का दिन तय किया गया है।

एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने नीतीश कुमार के नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया है। जेडीयू बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बैठक के बाद कहा कि शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को होगा। एनडीए नेता का चयन हो चुका है। सभी एनडीए सहयोगियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एनडीए विधायक दल का नेता चुना है। इसी क्रम में आरएलएम की नेता स्नेहलता ने भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए कहा कि नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे।



## मोदी ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की।

उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये की मदद भी दी गई है। उन्होंने नेचुरल फॉर्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि नेचुरल फॉर्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट 2 गुना हुआ है।

■ **9 करोड़ किसानों के खाते में 18000 करोड़ से ज्यादा ट्रांसफर**

## एसआईआर में चूक पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे

**नई दिल्ली।** देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है। पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने कहा कि एसआईआर के दौरान किसी भी तरह की चूक पाए जाने पर अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

एक अधिकारी के अनुसार, उप चुनाव आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कोलकाता में समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए यह बयान दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल भी इन बैठकों में मौजूद थे। बंगाल में 18 नवम्बर की शाम 6 बजे तक 7.63 करोड़ गणना फार्म बांटे जा चुके हैं। कुल 1.09 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं। दूसरी तरफ, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश में एक-एक बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) आत्महत्या कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में एक बीएलओ ने आत्महत्या की धमकी दी है। मंगलवार को तमिलनाडु के तंजावुर में एक आंगनवाड़ी सेविका ने जान देने की कोशिश की।

■ **चुनाव आयोग की दिसम्बर तक डेडलाइन**
■ **दबाव से परेशान बीएलओ, राजस्थान-मप्र और केरल में तीन सुसाइड कर चुके**



### SIR कार्य के तनाव ने छीन ली जिंदगी

**सवाई माधोपुर।** जिले के खंडार उपखंड क्षेत्र के बहरावड़ा खुर्द गांव में मंगलवार सुबह एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। मृतक बीएलओ हरिओम बैरवा के परिजनों ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य को लेकर एसडीएम और तहसीलदार द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिसकी वजह से वह पिछले छह दिनों से गंभीर तनाव में था। परिजनों का कहना है कि हरिओम घर पर भी किसी से बातचीत नहीं कर रहा था और मानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रहा था। मंगलवार सुबह उसे तहसीलदार का फोन आया। परिजनों ने बताया कि फोन पर हुई बातचीत के कुछ ही मिनट बाद हरिओम को सीने में तेज दर्द उठा और वह गिर पड़ा। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बृजमोहन बैरवा और भाइयों ने बहरावंडा खुर्द चौकी में लिखित शिकायत देकर संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### योगी सरकार ने होमगार्ड भर्ती का किया ऐलान

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने यूपी में होमगार्ड विभाग में भर्ती के लिए बेरोजगार युवाओं को मौका दिया है। प्रदेश में 41,424 होमगार्ड्स की भर्ती की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 दिसम्बर 2025 आखिरी तारीख है आवेदन करने का। सभी 75 जिलों के लिए होमगार्ड्स की भर्ती होनी है, सबसे अधिक कानपुर में 1947 और सबसे कम भदोही में कुल 43 ही पद हैं। भर्ती के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया है और योग्यता बारहवीं। सभी 75 जिलों को मिलाकर कुल 41,424 पदों पर भर्तियां होनी हैं। इसमें न्यूनतम शैक्षिक योग्यता बारहवीं हैं और 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए, इसमें राज्य सरकार के आरक्षण नियमों के हिसाब से अलग-अलग वर्गों में छूट भी है। महिला आरक्षण इस भर्ती में भी है, आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 17 दिसम्बर 2025 तक चलेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को यहां उनकी समाधि शक्ति स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री को नमन करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी का अनुकरणीय और गतिशील नेतृत्व, जिसमें उन्होंने अपार राजनीतिक साहस दिखाया, सदैव प्रेरणादाई रहेगा। जन सेवा के लिए उनके अटूट संकल्प और समर्पण ने भारत की प्रगति यात्रा पर अमिट छाप छोड़ी है। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान कोटि-कोटि नमन का पात्र है।

# धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे दानाजीवी मीडिया हाउस: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हमारे महाकाव्यों की कथाओं को तोड़मरोड़ रहे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ मीडिया संस्थानों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि ये राजनीतिक स्वार्थ में डूबे 'दानाजीवी मीडिया हाउस' हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं।

साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है। यादव ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि भाजपा और उसके समर्थक परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं। उनका आरोप है कि जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे 'परिवार' शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है, और परिवारों की एकजुटता ही समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके 'अपरिवारवादी' समर्थक चाहते हैं कि लोग परिवारों से अलग-थलग पड़ जाएं, ताकि उन्हें भय और भ्रम के सहारे नियंत्रित किया जा सके।

### भाजपा 'पर्यवेक्षक' नहीं, 'पर्चीवेक्षक' भेजती है

**लखनऊ।** बिहार में सरकार गठन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लिया है। यादव ने कहा कि भाजपा संगठनात्मक लोकतंत्र का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन वास्तविकता यह है कि पार्टी में फैसले पर्ची से होते हैं।

### एलओसी पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में बुधवार की सुबह नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संदिग्ध हलचल के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एलओसी के पास हलचल देखने के बाद सेना ने कमलकोट इलाके में ऑपरेशन शुरू किया। एक अधिकारी ने बताया कि जैसे ही संदिग्ध हलचल का पता चला, संदिग्ध घुसपैठियों को रोकने के लिए कुछ गोलियां चलाई गईं। अभी भी तलाशी अभियान चल रहा है। ऐसी जानकारी मिली है कि सर्दी शुरू होने और ऊपरी इलाकों में बर्फ जमने से पहले घुसपैठिए अंदर आने की कोशिश कर सकते हैं। कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में गत आठ नवम्बर को एलओसी पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था।

# बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप हों कार्यक्रम

लखनऊ/नई दिल्ली।



■ महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार व झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक में बोली मायावती

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम बसपा की मिशनरी सोच के अनुरूप होने चाहिए।

उन्होंने महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, बिहार और झारखंड इकाइयों की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी तथा पिछड़े, दलित और मुस्लिम समाज के उत्पीड़न पर पार्टी को देशव्यापी संघर्ष तेज करना होगा। सुश्री मायावती ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार पर विपक्षियों को कमजोर करने, एजेंसियों का दुरुपयोग करने और देश को जातिवादी-धार्मिक तनाव की ओर धकेलने के गंभीर आरोप लग रहे हैं। आरक्षण के संवैधानिक अधिकार पर हमले और उसे कमजोर करने के प्रयास बेहद चिताजनक हैं। उन्होंने चेताया कि यदि आरक्षण को बचाने की लड़ाई को मजबूती से नहीं लड़ा गया, तो बहुजन वर्ग के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव की चुनौती बढ़ती जा रही है, इसलिए बाबा साहेब के मार्गदर्शन और कांशीराम जी के सामाजिक परिवर्तन मिशन को आगे बढ़ाना समय की मांग है। उन्होंने आगामी चुनावों में बसपा को और अधिक मजबूती के साथ उतरने के निर्देश दिए तथा कहा कि पार्टी को मतदाता सूची के चल रहे विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि बहुजन मतदाताओं का नाम किसी भी स्थिति में हटने न पाए। उन्होंने सभी राज्यों की इकाइयों से अपील की कि वे छह दिसम्बर 2025 के महापरिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिशनरी उत्साह से काम करें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम किसी भी तरह से दिखावटी या अवसरवादी नहीं बल्कि पार्टी की परम्पराओं के अनुरूप अनुशासित, सारगर्भित एवं प्रेरणादायक होने चाहिए।

## यूपी के तीन जिलों में 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार

# मेरठ, कानपुर व मथुरा-वृंदावन में होगा विकास

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री ने विकास कार्ययोजना की समीक्षा की
■ मंडलायुक्तों ने सीएम को बताई कार्ययोजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे। मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है।

इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे।

### उप्र में नहर व्यवस्था सुधार के लिए 95 नई परियोजना मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि ए परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अधिकारियों के अनुसार कुल 39453.39 लाख की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग नौ लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

# एटीएस ने मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में मांगी जानकारी

प्रयागराज, वार्ता

■ दिल्ली धमाकों के बाद सरकार ने लिया फैसला

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने बुधवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को एक पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी है।

एटीएस प्रयागराज यूनिट ने दिल्ली कार विस्फोट के बाद जोन के सभी जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को भेजा पत्र, पत्र भेजकर मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों, पढ़ाने वाले मौलवियों और प्रबंधकों के संबंध में जानकारी मांगी। सूचना में मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का नाम, पिता का नाम, पता मोबा. इल नंबर के साथ जानकारी मांगी गई है। प्रयागराज के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि प्रयागराज जिले की मदरसों की सूचना एटीएस को दे दी है, सूचना मिलने के बाद एटीएस ने अपने स्तर पर मदरसों की जांच भी शुरू कर दी है। प्रयागराज जिले में कुल 206 मदरसे संचालित हो रहे हैं।

इसमें से 43 मदरसे अनुदानित हैं। अनुदानित मदरसों में 620 शिक्षक कार्यरत हैं और 11378 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि जिले में मान्यता प्राप्त मदरसों की संख्या 169 है। मान्यता प्राप्त मदरसों में 854 शिक्षक और 14551 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। कई मदरसों में छात्रों के साथ छात्राएं भी दीनी तालीम हासिल कर रही हैं।



सेंसेक्स 85186.47
निफ्टी 26052.65



सोना रु. 125010
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 165000
प्रति किलो



# पहली बार 85 हजार के पार बंद हुआ सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



आईटी कंपनियों के नेतृत्व में घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी देखी गई और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 85 हजार अंक के पार बंद हुआ। सेंसेक्स 513.45 अंक चढ़कर 85,186.47 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 142.60 अंक की बढ़त में 26,052.65 अंक पर बंद हुआ। इसका रिकॉर्ड बंद स्तर 29 अक्टूबर को 26,053.90 अंक रहा था। आईटी सेक्टर की कंपनियों में जबरदस्त तेजी रही। कनाडा के कैलगेरी में कार्यालय खोलने की घोषणा के बाद एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर सेंसेक्स में सवा चार फीसदी से अधिक चढ़े। मंगलवार को शेयर पुनर्खरीद के विवरण साझा करने के बाद इंफोसिस का शेयर भी पौने चार फीसदी की मजबूती के साथ बंद हुआ। टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर पौने तीन प्रतिशत से अधिक और मारुति सुजुकी का सवा फीसदी से ज्यादा टूट गया। मझौली कंपनियों में भी तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली अधिक देखी गई। एनएसई में आईटी के बाद सार्वजनिक बैंकों के समूह में सबसे अधिक तेजी रही। स्वास्थ्य, रियलिटी, तेल एवं गैस और मीडिया समूहों के सूचकांक लुढ़क गए।

# चार दिन बाद फिर सोने ने मारी छलांग, चांदी की कीमतें भी बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेजी आई है। शादी-विवाह का सीजन चल रहा है और खरीदारी जोरों पर है। लगातार चौथों दिन गिरावट के बाद सर्राफा बाजार में सोने की चमक फिर बढ़ी है। बुधवार को बाजार खुलने के साथ सोना 1280 रुपये प्रति ग्राम की बढ़ा है। आज चांदी के भाव में भी 3000 रुपये प्रति किलो उछाल आया है। सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 1200 रुपये प्रति 10 ग्राम उछलकर 1,25,010 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को इसका भाव 1,23,810 रुपये प्रति 10 ग्राम था। राजधानी लखनऊ में सोने के कीमत की करें तो आज वहां 24 कैरेट सोने की कीमत 1280 रुपये के तेजी के बाद 1,25,140 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मेरठ में आज इसका भाव 1,25,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत में बुधवार को बड़ी तेजी आई। बाजार खुलने के साथ चांदी 3000 रुपये प्रति किलो बढ़ी है, जिसके बाद इसका भाव 1,65,000 रुपये प्रति किलो हो गया। मंगलवार को इसकी कीमत 1,62,000 रुपये प्रति किलो थी। वाराणसी सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री रवि सर्राफ ने बताया कि वेडिंग सीजन की शुरुआत हो गई है।

### फतेहपुर की नूरी जामा मस्जिद में नहीं होगी तोड़फोड़: हाईकार्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फतेहपुर स्थित नूरी जामा मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर दायर याचिका का निपटारा कर दिया है। अदालत ने यह फैसला राज्य सरकार की ओर से दिए गए इस आश्वासन के बाद सुनाया कि मस्जिद के जिस हिस्से को सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाया जाना आवश्यक था, उसे पहले ही ढहा दिया गया है और अब आगे कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मस्जिद प्रबंधन द्वारा जमीन के सीमांकन से संबंधित आवेदन पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता की द्वैतीय पीठ ने की। मस्जिद की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया था कि राज्य सरकार मस्जिद को अवैध निर्माण बताकर हटाने की कोशिश कर रही है, जबकि मस्जिद का निर्माण वर्ष 1839 में हुआ था और यह ऐतिहासिक संरचना है।

# संघ पर पाबंदी लगाने की कोशिश करने वाले अपना खुद का नुकसान करेंगे: आलोक

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने गैर भाजपा सरकारों वाले राज्यों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की मांगों के प्रति आगाह करते हुए कहा है कि ऐसा करने वाले खुद अपना नुकसान करेंगे।

आलोक कुमार ने बातचीत में संघ को भारतीय संस्कृति और परम्परा से जुड़ा संगठन बताया है और कहा है कि संघ पर पहले भी कुछ सरकारों ने पाबंदी लगाने के कदम उठाए थे, या उसे दबाने की कोशिश की गई थी, लेकिन व्यापक जनभावनाओं के समक्ष उन्हें अपने कदम वापस लेने पड़े। संघ के पंजीकरण को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर कुमार ने कहा कि संगठन का स्वरूप क्या हो, यह निर्णय उसका है। उसके वर्तमान स्वरूप से किसी कानून का उल्लंघन नहीं होता। उल्लेखनीय है कि कुमार एक विधिवेत्ता भी हैं। कर्नाटक में कथित तौर पर संघ की गतिविधियों को लक्षित कर सार्वजनिक सभा आदि को लेकर हाल में लगाए गए कुछ विवादास्पद प्रतिबंधों और उस पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सफाई से जुड़े मुद्दों पर विहिप नेता ने कहा कि संघ पर प्रतिबंध लगाना उसके कार्यों में रोक-टोक पैदा करना, उन्हीं लोगों के हित में नहीं है, जो ऐसा कर रहे हैं। कुमार ने कांग्रेस और कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार को नसीहत देने के अंदाज में कहा कि संघ पर जो भी प्रतिबंध लगाते हैं, या कोई रोक-टोक करते हैं, वे काल के प्रभाव में नष्ट हो जाते हैं, संघ को लेकर अगर कर्नाटक (सरकार) कोई ऐसा प्रयत्न करेगी, तो उसका परिणाम भी यही होगा।

उन्होंने कर्नाटक के मुद्दे को गंभीर बताया और कहा कि महात्मा गांधी की हत्या के बाद जवाहर लाल नेहरु सरकार ने संघ को प्रतिबंधित किया था, उस समय जनता के प्यार एवं संघ कार्यकर्ताओं के संकल्प ने पूरे देश में उसके खिलाफ एक विशाल आंदोलन खड़ा किया, जिसके कारण संघ पर लगे प्रतिबंध को हटाना पड़ा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**संसद कोर्ट...** किया कि 2021 अधिनियम से पहले हुई नियुक्तियां एमबीए-4 और एमबीए-5 निर्णयों द्वारा शासित होंगी। उच्चतम न्यायालय ने इसके अलावा यह भी आदेश दिया कि आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) के सदस्य 62 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहेंगे तथा अध्यक्ष 65 वर्ष की आयु तक सेवा में रहेंगे। सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (सीईएसटीएटी) के सदस्यों और अध्यक्ष के लिए भी यही आयु मानदंड लागू होगा। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि 2021 अधिनियम के कुछ प्रावधान, जैसे कि चार साल का कार्यकाल, न्यूनतम आयु 50 वर्ष की आवश्यकता और खोज-सह-चयन समिति के कामकाज में बदलाव, स्थापित न्यायिक जनादेश के विपरीत हैं और इसलिए संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य हैं।

**अल-फलाह....** लिए प्रेरित करने के लिए किया गया, जिससे अत्यधिक अपराध आय अर्जित हुई। 2014-15 से 2024-25 तक आयकर रिटर्न के वित्तीय विश्लेषण से पता चला कि शैक्षणिक राजस्व में भारी वृद्धि हुई है, जिन वर्षों में संस्थान को मान्यता प्राप्त नहीं हुए थे उन वर्षों के दौरान कुल 415.10 करोड़ रुपये को शैक्षणिक राजस्व घोषित किया गया था। ईडी ने रिमांड अर्जी में आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय का संचालन करने वाले अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के नियंत्रक सिद्दीकी इस योजना में अहम भूमिका निभा रहे थे। एजेंसी ने मुख्य वित्तीय अधिकारी सहित अधिकारियों के बयानों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया था कि सभी बड़े वित्तीय फैसलों को सिद्दीकी ने ही मंजूरी प्रदान की थी। ईडी की याचिका का विरोध करते हुए, सिद्दीकी के वकील ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल को झूठा फंसाया गया है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि धनशोधन मामले का आधार बनने वाली दोनों प्राथमिकी झूठी और मनगढ़ंत थीं। उन्होंने कहा कि सिद्दीकी जांच में सहयोग करने के लिए तैयार हैं और 14 दिन की हिरासत अनावश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि अगर हिरासत में लेना तो इसे सात दिनों तक सीमित करना चाहिए। दोनों पक्षों को सुनने और मामले के रिकॉर्ड की जांच करने के बाद, अदालत ने माना कि पीएमएलए के अंतर्गत गिरफ्तारी के लिए अनिवार्य कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया। न्यायाधीश ने अपराध की गंभीरता और जांच के प्रारंभिक चरण को देखते हुए ईडी की हिरासत में पूछताछ के अनुरोध को उचित माना। हालांकि, ईडी के 14 दिनों का अनुरोध किया था लेकिन अदालत ने 13 दिनों की ईडी हिरासत को मंजूरी प्रदान की और निर्देश दिया कि सिद्दीकी को एक दिसम्बर को अदालत में पेश किया जाए। सारी कार्यवाही तड़के ही पूरी हो गई, जिससे अधिकारियों द्वारा इस मामले में दिखाई गई तत्परता और महत्व का पता चलता है। अब जांच पूरी तरह से धन के लेन-देन का पता लगाने और सैकड़ों करोड़ रुपये की धोखाधड़ी वाली शैक्षिक गतिविधियों के पीछे की कथित साजशि को उजागर करने पर केंद्रित होगी, जिसे ईडी फर्जी शैक्षिक गतिविधियां बता रहा है।

# नए आविष्कारों का समाज पर सकारात्मक प्रभाव होना चाहिए : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रौद्योगिकी संस्थानों के छात्रों से कहा है कि उन्हें आविष्कार करते समय इस बात पर जरूर ध्यान देना चाहिए कि समाज पर इसका कितना सकारात्मक प्रभाव होगा और इसकी उपयोगिता क्या होगी।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) दिल्ली के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनआईटी बहु-विषई शिक्षा, नवोन्मेष, अनुसंधान, उद्यम क्षेत्रों के साथ सहयोग और कौशल- जनित शिक्षा को बढ़ावा देकर छात्रों को भविष्योन्मुखी आवश्यकताओं की दिशा में सक्षम बना रहा है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से हमेशा सीखते रहने, अनुसंधान जारी रखने और नवोत्पाद के उपाय तलाशने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनमें नई तकनीक विकसित करने का साहस होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से यह याद रखने को कहा कि सच्ची प्रगति का पैमाना केवल आविष्कार नहीं, बल्कि समाज के लिए उसकी सकारात्मक उपयोगिता है। चाहे वे स्थाई ऊर्जा प्रणालियां विकसित करें, सुलभ तकनीक निर्मित करें या ग्रामीण क्षेत्र और अत्यंत वंचित समुदायों के लिए जीवन उपयोगी समाधान विकसित करें, उनके विचारों और कार्यों से सामाजिक असमानताओं में कमी आनी चाहिए और लोगों के जीवन में नई आशा का संचार होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उद्यमशीलता और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए स्टार्ट-अप केंद्र से विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन और नेटवर्किंग के अवसर मिल रहे हैं। संस्थान में बनाए गए इनक्यूबेशन सेंटर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह नए विचारों को व्यवहार्य व्यवसायों में परिवर्तित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास से छात्र सशक्त बनेंगे और स्वरोजगार की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# झोलाछापों पर शिकंजा: दो क्लीनिक सील

## खतौली में स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, संचालकों को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशन पर स्वास्थ्य विभाग ने अपंजीकृत क्लीनिक व नर्सिंग होम के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया।

ब्लॉक प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने खतौली ग्रामीण क्षेत्र के मंसूरपुर गांव में दो क्लीनिकों का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान दोनों संस्थानों पर न तो वैध पंजीकरण के दस्तावेज मिले और न ही संचालकों की शैक्षिक पात्रता से जुड़े अभिलेख प्रस्तुत किए जा सके। संतोषजनक जवाब न मिलने पर टीम ने नियमानुसार दोनों क्लीनिकों को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने संचालकों को नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में गुणवत्ता पूर्ण व सुरक्षित चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करना तथा बिना पंजीकरण संचालित हो रहे क्लीनिकों पर रोक लगाना है।

## युवक ने रहस्यमय परिस्थितियों में लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक नवयुवक ने अपने शरीर के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। गंभीर हालत में स्थानीय चिकित्सकों ने नवयुवक को दिल्ली के लिए रैफर कर दिया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांवघ् हुसैनपुर कलां निवासी लगभग 23 वर्षीय अनस पुत्र मुरसलीन मलिक ने आज बुधवार की सुबह लगभग नौ बजे अपने घर पर ही किन्हीं कारणों के चलते अपने शरीर के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ उडेलकर आग लगा ली। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए मौहल्ले के लोगों ने बड़ी मशक्कत से आग बुझाई लेकिन तब तक नवयुवक काफी जल चुका था। अनस को आनन फानन में बुढ़ाना के एक निजी हस्पताल में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने अनस को गंभीर हालत में दिल्ली के लिए रैफर कर दिया। नवयुवक का पिता उड़ीसा राज्य में कारोबार के सिलसिले में गया हुआ है।

नवयुवक ने किस कारण से आत्महत्या का प्रयास किया है यह पता नहीं लग पाया था। नवयुवक बुढ़ाना कस्बे के लुहसाना रोड पर मोबाइल की शाप करता है। घटना को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चाएं हैं। उधर बुढ़ाना पुलिस को भी घटना की सूचना मिल गयी थी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से उक्त घटना की पूरी जानकारी ली है।

# मंत्री कपिल से मिला महिला शिक्षक प्रतिनिधिमंडल

**टीईटी प्रकरण को मंत्री ने दिया सदन में उठाने का आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से मुलाकात कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को उनके सामने रखा। प्रतिनिधि मण्डल ने बीएलओ के रूप में शिक्षकों के द्वारा किए जा रहे एसआईआर के कार्यो में चुनौतियों पर भी चर्चा की। साथ ही महिला शिक्षकों ने टीईटी प्रकरण से राज्यमंत्री को अवगत कराया जिस पर मंत्री कपिल देव ने इस मुद्दे को सदन में उठाने का आश्वासन दिया। इस से पूर्व महिला शिक्षक संघ की कार्यकारिणी भी



गठित हुई जिसमें उषा रानी को जिलाध्यक्ष व रश्मि मिश्रा को जिला महामंत्री चुना गया। मंत्री से मिलने वालों में सपना राठी, प्रीति ठाकुर, सुमन चौहान, अर्चना चौहान, ममतेश, सुमन सैनी आदि रही।

# अश़जा फातमा ने नीट परीक्षा पास कर एमबीबीएस में पाया प्रवेश

**मंडी थाने के उर्दू अनुवादक औसाफ की भतीजी हैं अश़जा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** विकास खण्ड चरथावल में प्रधान सहायक एवं उर्दू अनुवादक आस मौहम्मद सैफी की पुत्री अश़जा फातमा ने नीट परीक्षा पास कर एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाया है। उन्हे मेरिट के आधार शंकराचार्य आर्युविज्ञान संस्थान भिलाई छत्तीसगढ़ में प्रवेश के लिए चयनित किया गया है। अश़जा नई है। अश़जा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिजनों के साथ ही माता सनव्वर जहां को दिया है। अश़जा की इस कामयाबी से परिजनों में खुशी की लहर है।

इस दौरान औसाफ अंसारी, अदीब आलम, रूखसाना प्रवीन, जान मौहम्मद सैफी, डॉक्टर आकिब आलम, डॉ. सरताज, डा. शान मौहम्मद, जुगनू सैफी ने अश़जा फातमा का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हे बधाई दी। अश़जा की इस कामयाबी के बाद उनके घर पर जश्न का माहौल है। और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



मंडी थाने में तेनात उर्दू अनुवादक औसाफ अंसारी मुरैना की भतीजी

# बालिका से छेड़छाड़ में तीन साल की कैद व जुर्माना

**पोस्को कोर्ट ने सुनाया फैसला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बालिका से छेडछाड के मामले में आरोपी को तीन साल की कैद व बीस हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन के अनुसार विगत नौ अप्रैल 2021 को थाना ग्राम ककरौली में बालिका के साथ छेडछाड व अश्लील हरकत करने के आरोप का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी तालिब अंसारी को गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया।

यह मामला विशेष पोस्को न्यायालय में विचाराधीन था। इस मामले में सुनवाई करते हुए पीठाशीन अधिकारी अलका भारती ने शासकीय अधिवक्ता दीपक गौतम व विक्रांत राठी की ओर से पेश किए गए छह गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए तीन साल की कैद व बीस हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

बताया जाता है कि आरोपी काफी समय से बालिका को परेशान कर रहा था और विगत नौ अप्रैल को घर में घुसकर उसने अश्लील हरकते की और धमकी देते हुए फरार हो गया था।



मुजफ्फरनगर: पॉकलेन जेसीबी का शुभारंभ करती चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप।

# दूधली चकबंदी को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र के गांव दूधली में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के अन्तर्गत लगातार सवाल उठ रहे है। तीसरे दिन भी किसान मजदूर संगठन के बैनर पर ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि ग्राम प्रधानी के भावी उम्मीदवार और उनके समर्थक कुछ स्वार्थी तत्वों के साथ मिलकर चकबंदी रूकवाने के प्रयास कर रहे है, जबकि बीस वर्षो से चल रही चकबंदी प्रक्रिया में 90 प्रतिशत किसान संतुष्ठ है। उन्होने कहा कि किसान मजदूर संगठन द्वारा चलाए जा रही ही योजनाओं को गलत ठहराकर ग्रामीणों को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होने आरोप लगाया कि इससे पूर्व एसओसी और बीडीसी अधिकारियो से मुलाकात के बाद भी अभी तक समाधान नहीं हुआ है। किसान चाहते है कि नक्शा 23 को सभी आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही जारी किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि धरना केवल प्रशासनिक दबाव डालने के लिए नहीं बल्कि किसानों के अधिकार सुरक्षित करने के लिए है।

# चेयरपर्सन मीनाक्षी ने किया 83 लाख की पॉकलेन जेसीबी का शुभारम्भ

## आधुनिक पॉकलेन मशीन से नगरपालिका के किदवईनगर प्लांट पर लीगेसी वेस्ट निस्तारण में आएगी तेजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से नगरपालिका परिषद् ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने पॉकलेन जेसीबी मशीन का उद्घाटन कर इसे जनहित में स्वास्थ्य विभाग को सौंपा। इसी क्रम में उन्होंने कमला नेहरू वाटिका पहुंचकर वहां पर चल रहे विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था और बागवानी गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगरपालिका परिषद् की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बुधवार को कमला नेहरू वाटिका (कंपनी बाग) में नई आधुनिक पॉकलेन जेसीबी मशीन का शुभारंभ किया। यह मशीन 15वें वित्त आयोग के तहत 83 लाख रुपये की लागत से खरीदी गई है। मशीन को औपचारिक रूप से स्वास्थ्य विभाग को सौंपते हुए पालिका अध्यक्ष ने इसे शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नई पॉकलेन मशीन को किदवईनगर स्थित पालिका के डंपिंग ग्राउंड पर लीगेसी वेस्ट के निस्तारण में तुरंत लगाया जाए ताकि इस प्रक्रिया में तेजी आ सके। उन्होंने कहा कि मशीन के उपयोग से कचरे की प्रोसेसिंग गति में वृद्धि होगी और शहर को कचराख्रमुक्त बनाने के प्रयासों को नई ऊर्जा मिलेगी।

उद्घाटन के बाद नगरपालिका अध्यक्ष कमला नेहरू वाटिका में भ्रमण करते हुए स्वच्छता, बागवानी और चल रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने आठ सीटों वाले आधुनिक सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। नगरपालिका के निर्माण विभाग द्वारा यहां पर पुरुष और महिला दोनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले, स्वच्छ और सुरक्षित शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। अध्यक्ष ने जेई निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य मानक के अनुरूप और निर्धारित गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएँ। कमला नेहरू वाटिका में करीब सवा दो करोड़ रुपये की लागत से सीएंडडीएस कार्यदायी संस्था द्वारा विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें पाथवे, छोटी नहर, आकर्षक बाग. वानी, बैठने की व्यवस्था, पार्क का सौंदर्यीकरण और अन्य संरचनात्मक विकास शामिल हैं। अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और मौके पर ही अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही कंपनी बाग का पूरा कायाकल्प शहरवासियों को देखने को मिलेगा।

निरीक्षण के बाद नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहाख्र कि हमारा लक्ष्य केवल स्वच्छता नहीं, बल्कि एक ऐसा शहर बनाना है जिस पर हर नागरिक गर्व कर सके। नई पॉकलेन मशीन से कचरा निस्तारण के प्रयासों में तेजी आएगी और शहर को लीगेसी वेस्ट की समस्या से मुक्ति दिलाने में मदद मिलेगी। कमला नेहरू वाटिका जैसे स्थान शहर का हृदय हैं। यहाँ चल रहे विकास कार्य पूरे होने के बाद यह शहर का सबसे सुंदर और जीवंत सार्वजनिक स्थल बनेगा। सभी अधिकारी और कर्मचारी यह याद रखें कि जिम्मेदारी केवल आद. ेशों का पालन नहीं, बल्कि नागरिकों की उम्मीदों पर खरा उतरना भी है। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, सीएसएफआई योगेश गोलियान, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, वाटिका सुपरवाईजर दुष्यंत कुमार, लिपिक एसबीएम रूचि शर्मा, मौहम्मद सालिम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### छात्र उज्जवल राणा आत्महत्या कांड प्रकरण...

# छात्र संगठन ने कुलपति को दिया तीन दिन का समय

**कहा: अगर मांगे पूरी न हुई तो यूनिवर्सिटी घेरेंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** छात्रों के नेता वीशू मलिक ने मां शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी की कुलपति को 03 दिन का समय देते हुए कहा है कि अगर छात्र उज्जवल राणा प्रकरण से जुड़ी उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे 03 दिन बाद यूनिवर्सिटी घेरेंगे।घ् ज्ञापनघ् में लिखा है बीते 8 नवंबर को छात्र उज्जवल को डीएवी डिग्री कालेज बुढ़ाना के प्राचार्य प्रदीप, प्रबंधक अरविंद, पीटीआई संजीव व क्लर्क गौरव द्वारा की गई मारपीट से पीड़ित होकर सुसाइड के लिए विवश होना पड़ा। जिसमें उज्जवल ने अपनी मृत्यु से पूर्व दिए बयान में खुद ये बात कही है। ये आत्महत्या नही अपितु प्राचार्य व प्रबंधक द्वारा परोक्ष रुप में की गई हत्या का परिणाम है। संदर्भित मामले में पुलिस ने प्राचार्य, प्रबंधक, पीटीआई, लिपिक के विरुद्ध संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर 02 आरा. ेपी गिर" तार कर लिए 02 अन्य आरो. पियों की तलाश जारी है। ब्विवविद्यालय ने प्राचार्य प्रदीप व प्रबंधक अरविंद के विरुद्ध क्या कार्यवाही की। ये सब छात्र छात्राओं को बताएं। हम संगठन के सब छात्र छात्राएं यह मांग करते हैं कि विश्वविद्यालय को ऐसे राक्षस प्रवृति के व मानवीय संवेदनाओं से विहीन व्यक्ति का तत्काल प्रभाव से अनुमोदन निरस्त कर उसे विश्वविद्यालय से हमेशा के लिए डिबार व ब्लैक लिस्टेड कर ईसी की मीटिंग में इसका प्रस्ताव पास कर अवगत कराएं। शिक्षा माफिया अरविंद आर्य समाज की सैंकड़ों बीघा जमीन अवैध रुप से अपने कब्जे में किए हुए है। छात्र उज्जवल की मृत्यु का कानूनी दृष्टि से जो मुख्य आरोपी है वो पुलिस से वांछित है। जिसके बारे में अधिकारियों की मौजूदगी में पंचायत में यह निर्णय लिया गया था कि अरविंद के नेतृत्व वाली प्रबंध समिति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का निर्णय हजारों लोगों की मौजूदगी में किया गया था मगर विश्वविद्यालय आज बुधवार तक भी मूकदर्शक बना हुआ है। इसलिए ज्ञापन के माध्यम से हम छात्र संगठन ये मांग करते हैं कि डीएवी कॉलेज की प्रबंध समिति को विश्वविद्यालय तुरंत आपात बैठक बुलाकर निरस्त करने के आदेश पारित करे। डीएवी डिग्री कॉलेज के नाम कोई जमीन नहीं है जबकि किसी भी महाविद्यालय की मान्यता लेने की प्रथम शर्त होती है। प्रबंधक अरविंद ने विश्वविद्यालय को गुमराह व तथ्यों का गोपन कर कॉलेज का अवैध रूप से संचालन किया जबकि चकबंदी अधिकारी बुढ़ाना ने अपने 18 दिसम्बर सन 2023 के आदेश में डीएवी कॉलेज बुढ़ाना के नाम फजह्र तरीके से की गई जमीन को खारिज कर दिया था। परिणाम स्वरूप डीएवी डिग्री कॉलेज के नाम आज कोई भी जमीन नहीं है जिस कारण महाविद्यालय की मान्यता को समाप्त करने की कार्यवाही के लिए छात्र संगठन मांग करता है। कालेज से संबंधित जांच को अधिकतम 3 दिन में कराकर छात्र संगठन को आश्वस्त करें। डीएवी डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं के इंटरनल एग्जाम्स अभी तक भी नहीं हुए जबकि एक्सटर्नल एग्जाम की डेट विश्वविद्यालय ने 26 नवम्बर निर्धारित कर दी है। छात्र छात्राओं की पढ़ाई भी महाविद्यालय द्वारा नही की गई। महा विद्यालय में ना लाइब्रेरी, ना होम साइंस की लैब, ना पानी, ना छात्राओं के लिए टायलेट और ना ही साइंस की लैब है। ऐसी स्थिति में छात्र छात्राएं इस कालेज में पढ़ना नहीं चाहते। छात्र छात्राओं का किसी भी पास वाले महा विद्यालय में स्थानांतरण करने का आदेश पारित करें जिससे उन्हें परीक्षाएं देने में किसी प्रकार की परेशानी ना आये। विश्व विद्यालय द्वारा भरवाए जा रहे परीक्षा फार्म कि पूर्व में 200 रुपए विलम्ब शुल्क निर्धारित था। बीते कल से 500 रुपए विलम्ब शुल्क कर दिया गया जो ज्यादा है। छात्र छात्राओं के हित में बिना लेट पेमेंट के परीक्षा फार्म भरवाने के लिए आदेश पारित करें। जिससे कोई भी छात्र छात्राएं आर्थिक कारणों से एग्जाम फार्म भरने से वंचित न रहे। छात्र छात्राओं की प्रोजेक्ट की फीस के नाम पर विश्वविद्यालय 1200 रुपए की अलग से फिर एग्जाम फार्म के साथ जुड़कर आती है जो गरीब छात्र छात्राओं के लिए ज्यादा है। छात्र छात्राएं बीच में अपनी पढ़ाई छोड़ने के लिए बाध्य हो जाता है इसीलिए प्रोजेक्ट फीस 300 रुपए से ज्यादा न हो। क्षेत्र में आर्थिक तंगी के चलते एवं धनाभाव के कारण अब तक भी सैंकड़ों छात्र छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गए हैं यदि विश्वविद्यालय दो दिन के लिए रजिस्ट्रेशन खोल दे तो किसान, मजदूर व दलित के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अंतिम अवसर मिल जाएगा जबकि महाविद्यालयों में अब तक भी 60 से 70 प्रतिशत सीट खाली हैं। ऐसा करने से विश्व विद्यालय को भी इससे आर्थिक लाभ होगा। छात्र हित में प्रवेश से वंचित छात्र छात्राओं को एक अवसर प्रदान करने का कष्ट करें। डीएवी कॉलेज के विषय में विस्तृत शिकायतें पूर्व में भी की जाती रही। अगर विश्वविद्यालय तुरंत कार्यवाही करता तो उज्जवल की मौत न होती। डीएवी कॉलेज अपराध का अढा बना है। अगर इन मांगों पर गंभीरता से 3 दिनों में निर्णय नहीं लिया गया तो विश्वविद्यालय पर छात्र छात्राओं का विशाल धरना प्रदर्शन और घेराबंदी के लिए हम सभी छात्र छात्राओं को मजबूर और विवश होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय, शासन और स्थानीय प्रशासन की ही होगी।

**कुलपति ने कुछ मांगे स्वीकार की:** डीएवी कॉलेज बुढाना मामले में छात्र नेता वीशू मलिक, कुलपति व ब्विवविद्यालय अधिकारियों के बीच वार्ता के बाद कुछ निर्णय लिये गये। जिनमें डीएवी कॉलेज बुढाना के जिन छात्रों के परीक्षा फार्म आनलाईन भरे गये हैं उन सबको भरा हुआ मानकर बैकएंड से अपडेट वैरीफाई करा दिया जायेगा। जो छात्र परीक्षा फार्म भर चुके उनमें से कुछ छात्रों ने परीक्षा फार्म डीएवी कॉलेज बुढाना में जमा कर दिये होंगे। उनके लिये ये स्टेप जरुरी है और जिन्होने परीक्षा फार्म जमा नहीं कराया वे परीक्षा फार्म संघटक राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में जमा होंगे। जिसके रिकार्ड हेतू अलग से रजिस्टर में सब प्रचष्ठि रहेगी। छात्रों की आंतरिक परीक्षा शाहपुर में होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा ब्विव विद्यालय नियुक्त परीक्षकों से शाहपुर में करायेगा। ऐसे विषय जिनकी प्रयोगशाला शाहपुर में नहीं है उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा पास के महाविद्यालय में कराई जायेगी।

**अब अगले माह ही होगी परीक्षा: वीशू मलिक:** आगामी 26 नवम्बर से शुरु होने वाली विषम सेमेस्टर तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवम की परीक्षाएं अब निश्चित तिथि पर नहीं होंगी। छात्र नेता वीशू मलिक के अनुसार उनकी मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी की कुलपति से हुई वार्ता के आधार पर अब उक्त परीक्षा का समय करीब एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दिया गया है ताकि छात्र छात्राएं परीक्षा की सही तरीके से तैयारी कर सकें।

इस हिसाब से अब परीक्षा आगामी दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह से शुरु होने की संभावना बन गयी है। इसको लेकर छात्र छात्राओं में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि छात्र उज्जवल राणा प्रकरण के चलते लगातार 12 दिनों से डीएवी कालेज बंद होने से छात्र छात्राओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड रहा था। जिसके चलते परीक्षा की डेट बढ़ा दी गयी है।

# सपा नेता के पिता के निधन पर अखिलेश ने भेजा शोक संदेश

**मुजफ्फरनगर।** सपा के वरिष्ठ नेता गौरव जैन के पिता के निधन पर पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

अखिलेश यादव के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने लोहिया बाजार निवासी सपा लोहिया वाहिनी के मीडिया पैनलिस्ट गौरव जैन के पिता के निधन पर भेजे शोक संदेश में दिव्यगंत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना भी जताई है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व सपा के वरिष्ठ नेता गौरव जैन के पिता का निधन हो गया था।

# शार्ट सर्किट से लाखों की संपत्ति जलकर राख

**बंद घर में हुआ हादसा, फायरकर्मियों को करनी पड़ी मशक्कत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बंद पड़े एक मकान में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गयी। जिसमें लाखों रुपये की कीमत का घरेलू सामान जलकर स्वाहा हो गया। तभी दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लोई के रहने वाले रिजवान पुत्र रहीस कुरैशी का एक मकान है। जो कि बंद पड़ा है। वे गांव में ही अन्य मकान में रह रहे हैं। आज बुधवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में किसी समय अचानक से मकान में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गयी। जिसमें लाखों रुपये की कीमत का घरेलू सामान जिसमें रेफ्जिरेटर, इन्वर्टर, वाशिंग मशीन, बेड, कीमती कपड़े,



छत की कड़ियां, गैस का चूल्हा, चारपाइयां, दरवाजे और विंडो आदि सामान बुरी तरह से जलकर स्वाहा हो गया। अलसुबह कोई ग्रामीण जब घूमने की नीयत से बाहर निकला तो उसने शोर मचाकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी तो मौके पर इकराम प्रधान सैंकड़ों लोगों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करते हुए इस घटना की सूचना फुगाना पुलिस और दमकलकर्मियों को दी तो कुछ ही देर बाद मौकै पर दमकलकर्मियों ने पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लगभग दस लाख रूपये की संपत्ति का नुकसान होना बताया गया है। पीड़ित परिवार गरीब है। लोगों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। ये तो गनीमत रही कि मकान में कोई भी नहीं था नहीं तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था।

# पिंटू सैनी हत्याकांड के विरोध में अति पिछड़ा मोर्चा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पिंटू सैनी हत्याकांड को लेकर परिजनों और भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा का गुस्सा आज चरम पर दिखाई दिया। न्याय की मांग को लेकर बड़ी संख्या में परिजन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए एसएसपी कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना को हुए लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब भी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उनका कहना है कि 9 में से केवल 5 आरोपी ही जेल भेजे गए हैं, जबकि बाकी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और परिवार को धमकियां दे रहे हैं। परिजनों का भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा द्वारा सैनी हत्याकाण्ड के सभी अरोपियों की गिरफ्तारी ना होने और धारा बदलने के विरोध में,एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

आरोप है कि पुलिस ने गंभीर धारा को कम कर हल्की धाराओं में कार्रवाई की, जिससे आरोपियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने इसे पुलिस की गंभीर लापरवाही बताया। प्रदर्शन के दौरान मोहन प्रजापति ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तो संघर्ष मोर्चा बड़ा और उग्र आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के रामलीला टिल्ला में दबंगों द्वारा पिंटू सैनी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

परिवार का कहना है कि वे शुरू




से ही न्याय और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई असंतोषजनक बनी हुई है।

परिजनों ने मांग की कि हत्या की धारा में सभी आरोपियों को जेल भेजा जाए। फरार आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। परिजनों का कहना था कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# उप आबकारी आयुक्त ने किया जिला आबकारी विभाग का ओचक निरीक्षण



**मुजफ्फरनगर।** उप आबकारी आयुक्त ने किया जिला आबकारी विभाग का ओचक निरीक्षण। अपर मुख्य सचिव, एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी, उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा मुजफ्फरनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के दृष्टिगत आज दिनांक 19.11.2025 को उप आबकारी आयुक्त, सहारनपुर प्रभार, सहारनपुर द्वारा जिला आबकारी अधिकारी मुजफ्फरनगर राकेश बहादुर सिंह एवं आबकारी निरीक्षकगण तथा प्रधान/आबकारी सिपाहीगण, जनपद मुजफ्फरनगर की उपस्थिति में अभियान को सफल बनाये जाने हेतु निम्नवत् निर्देश दिये गये। उप आबकारी आयुक्त द्वारा अवैध मद्य निष्कर्षण एवं कच्ची शराब के निमार्ण, बिक्री एवं तस्करी के दृष्टिगट जनपद में संचालित ईट भट्टों, नदियों के कछार व सुदूर क्षेत्रों तथा संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर सघन छापेमारी किये जाने एवं पकड़े गये अभियोगों में आबकारी अधिनियम की विद्यमान धाराओं के साथ-साथ नियमानुसार बीएनएस की सुसंगत धाराओं में भी एफआईआर दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये गये। असेवित क्षेत्रें तथा ऐसे स्थानों जहॉ पर मदिरा की दुकानें अव्यवस्थित है, वहॉ पर अवैध मद्य निष्कर्षण एवं कच्ची शराब के करोबार की सम्भावंना को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क निगरानी रखी जाये एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। 3. कच्ची शराब के कार्यो में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की उपलब्ध सूची में चिन्हित व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस के सहयोग से गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये एवं उन पर सतत् निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये। 4. अवैध मदिरा का सेवन न करने एवं अवैध शराब के अढ्डों की सूचना देने के सम्बन्ध में विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जाने एवं इस सम्बन्ध में जनता को जागरूक करने के लिए पोस्टर, हैण्डबिल/पम्पलेट भी छपवाकर वितरित कराये जाने, साथ ही इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से विशेष प्रवर्तन अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये।

# मॉडल बनाने से ज्यादा जरूरी है उनमें निहित सिद्धांतों को समझना

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में विज्ञान प्रदर्शनी-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इंजी. नियरिंग की विभिन्न शाखाओं के विद्यार्थियों ने क्रियाशील एवं अक्रियाशील मॉडल्स के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के चेयरमैन, डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ, निदेशक डॉ0 एस एन चौहान, श्रीराम कॉलेज के निदेशक और डॉ0 अशोक कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इसमें प्रथम पुरस्कार वेस्ट मैटीरियल टू इलैक्ट्रिसिटी के लिये अनुज कुमार कश्यप, अभिनव, अंकित कुमार, आयुष वर्मा तथा कार्तिक शर्मा को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार फ्यूचर सिटी ऑफ इंडिया के लिये दिव्या, वृन्दा, बुलबुल, वैष्णवी, प्राची और कशिश को दिया गया। तृतीय पुरस्कार फुटस्टैप इलैक्ट्रिसिटी के लिये सूरज, कार्तिक, वासु, कनिष्का, खुशी और भव्या को दिया गया।

प्रथम सांत्वना पुरस्कारलाईफाई के लिये पीयूष, आर्यन, अनुराग, रवि और आमिर को दिया गया। द्वितीय सांत्वना पुरस्कार यूनिवर्सल टैरेन ट्रक के लिये छात्र शिवांश धीमान, वंश शर्मा, वंश कुमार व सुधांशु को दिया गया। तृतीय संत्वना पुरस्कार री-जेनरेटिव शॉक एब्जॉर्बर के लिये विशान्त, लविश, सागर पाल तथा अभिषेक को दिया गया।

इसके अतिरिक्त प्रथम प्रशंसा पुरस्कार इन्क्यूबेटर के लिये डैन तोफीक, अफजल अली, आर्यन, अनस और जीशान को दिया गया। द्वितीय प्रशंसा पुरस्कार अग्नि एल-1 के लिये धानी, दिव्या, भूमिका, भवरी, अनन्या, और भावना को दिया गया। तृतीय प्रशंसा पुरस्कार मोटराइज्ड साईकल के लिये छात्र शिवम आर्यन व अतुल पाल को दिया गया।

श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ के चेयरमैन डा0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल इतनी उच्चस्तरीय रचनात्मकता से ओत-प्रोत थे कि हमारे लिए विजेताओं का चयन करना काफी कठिन था। वक्ताओं ने कहा कि विज्ञान में चिंतन, तर्क, प्रयोग तथा परीक्षण के बिना किसी बात को सत्य नहीं माना जाता। बाल वैज्ञानिकों के मॉडल यह संदेश देते हैं कि प्रयोग के बाद उनमें निहित सिद्धांतों को भी समझना जरूरी है। यदि विद्यार्थी रूचि लेकर प्रयोग करेंगे तो उनसे कुछ न कुछ अवश्य सीखने को मिलेगा।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ की डीन एकेडेमिक्स डॉ0 सुचित्रा त्यागी, एप्लाईड साइंस की विभागाध्यक्ष डॉ0 आकांक्षा सिंह, मैकेनिकल इंजी0 विभाग के विभागाध्यक्ष इं0 पवन कुमार, सिविल इंजी0 के विभागाध्यक्ष इं0 फिरोज अली, इलैक्ट्रिकल इंजी0 के विभागध्यक्ष डॉ0 अंकुर कुमार, इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0 की विभागध्यक्ष इं0 कनुप्रिया, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 के विभागध्यक्ष इं0 आशीष चौहानएवं अन्य सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## चिडियाघर का भ्रमण करने पहुंचे वेदांता के विद्यार्थी

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास , अनुभवात्मक अधिगम एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से विज्ञान केंद्र एवं चिड़ियाघर देहरादून के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। इस भ्रमण में कक्षा तीन से कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने आनंद लिया ।बच्चों को विज्ञान प्रयोगशाला ,वायुमंडल, पैंडुलम,अलग-अलग प्रकार के दर्पण आदि की जानकारी दी गई। इसी के साथ देहरादून चिड़ियाघर में बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के पक्षी ,मछलियां , सांप ,कछुऐ मगरमच्छ , हिरण, बारहसिंगा, गुलदार एवं चीते को नजदीक से देखा और उनके रहन-सहन खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की । इसके साथ ही बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के पेड़-पौधों एवं फूलों को देखा और उनकी जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव होता है। इससे विद्यार्थियों को नई सीख मिलती है और वे इससे प्रेरित होकर भविष्य में और अधिक उत्साह व समर्पण के साथ अध्ययन करते हैं विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में जिज्ञासा-रचनात्मक ,नैतिकता ,अनुशासन और सामा. जिक व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास करता है। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर गुंजन तोमर व कीर्ति रानी ने भी कहा ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों की टीमवर्क ,क्षमता ,नेतृत्व ,गुण ,सहानुभूति और निर्णय लेने की क्षमता को भी बढ़ाते हैं।साथ ही विद्यार्थियों को प्राकृतिक सौंदर्य ऐतिहासिक धरोहरों एवं वैज्ञानिक खोजों से सीधा परिचय मिलता है। जो उनकी समझ को व्यापक बनता है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई वीरांगना शिरोमणि रानी लक्ष्मीबाई की जयन्ती

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय पर्व आयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र एचएन सिंह, मुख्य अभियन्ता शारदा, बरेली, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार समिति के प्रदेश सचिव प्रधानाचार्य वी एस वर्मा के सानिध्य, बुकमैन पब्लिकेशन्स के निदेशक संदीप गुप्ता के संयोजन व विधायक मिथलेश पाल के मुख्य आतिथ्य में सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर स्थित जेवी पब्लिक स्कूल में समिति के प्रदेश संयुक्त सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल के समन्वय में भारत-माता की वीर बेटी रानी लक्ष्मीबाई की जयन्ती मनाते हुए उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मिथलेश पाल, प्रधानाचार्य वी एस वर्मा, कार्यक्रम संयोजिका कवियत्री सविता वर्मा गजल, मुख्य संयोजक सन्दीप गुप्ता, आशिमा गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता इं. सुभाष चंद्रा, इन्जीनियर्स क्लब के सचिव इं. बसन्त कुमार गोयल ने रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया ।

अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि मिथलेश पाल, विधायक मीरापुर ने प्रसिद्ध कवियत्री सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता की पंक्तियों बुन्देले हरबोलो के मुंह हमने सुनी कहानी थी, खुब लडी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी को उदघृत करते हुए रानी लक्ष्मीबाई को अदम्य वीरता का घोतक बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इन्जीनियर्स क्लब के अध्यक्ष इ. सुभाष चंद्रा ने जबकि स्फल संचालन डॉ. सविता वर्मा गजल व अध्यापिका श्रीमती दीपशिखा ने संयुक्त रूप से किया, सचिव इन्जीनियर्स क्लब बसन्त कुमार गोयल ने स्वागतीय सम्बोधन व प्रधानाचार्य वी एस वर्मा ने धन्यवाद का अभिमत ज्ञापित किया । कवियत्री निरूपमा गोयल, सपना अग्रवाल, पुष्पा रानी, डा. सविता वर्मा, सत्यपाल विश्वकर्मा, इं. शिशिर गोयल एवं प्रधानाचार्य वी एस वर्मा ने काव्य पाठ किया । अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जैन गर्ल्स डिग्री कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा जैन ने रानी लक्ष्मीबाई को स्वतन्त्रता संग्राम की अग्रदूत बताते हुए देशहित में उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग पर चलने का आहवान किया ।विशिष्ट अतिथि देवोपम किड्स गार्डन स्कूल की प्रधानाध्यापिका नेहा अरोरा, मुख्य वक्ता आशिमा गुप्ता ने अपने मोटिवेशन सम्बोधन से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच का संचार किया । उद्योगपति इं. अशोक अग्रवाल, महिला ऐच्छिक ब्यूरो की पूर्व सदस्या मनीषा गोयल, भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व मुख्य प्रबन्धक प्रदीप कुमार गर्ग, मैजिक डांस एकेडमी के निदेशक कोरियोग्रफर मोहन अरोरा, कार्यक्रम संयोजक अधिवक्ता अंकुर मैनी, पुलिस विभाग की अपराध शाखा की श्वेता चौधरी, चौधरी छोटूराम कॉलेज के प्रो.जीआर सिंह, रिषी पाल सिंह एडवोकेट व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम अत्यन्त स्फल सम्पन्न हुआ।




# फुगाना पुलिस ने की ओवरलोड वाहनों की चैकिंग

**बुढ़ाना/फुगाना।** पुलिस ने सराय पुलिस चौकी के पास अभियान चलाते हुए चार ओवरलोडिंग वाहनों के चालान किए। जिसको लेकर वाहन चालकों में जबरदस्त हडकम्प मचा रहा। मिली जानकारी के अनुसार फुगाना थाना क्षेत्र की सराय पुलिस चौकी पर थानाध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में सराय पुलिस चौकी के प्रभारी पिंटू चौधरी ने मेरठ वाया करनाल हाइवे पर ओवरलोडिंग वाहनों की चौकिंग की। जिसमें गन्ने, रेत, बजरी, रोडी और ईंटों से भरे चार ओवरलोडिंग वाहनों को रोककर उनके चालकों को हड़काते हुए चालान किए गये। पुलिस ने यह अभियान विगत दिनों से ओवरलोड वाहनों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चलाया। फुगाना पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए कुछ अन्य वाहन चालकों को खुली चेतावनी दी कि अगर भविष्य में उनके वाहनघ ओवरलोड मिले तो वाहन सीज की कार्यवाही तय है। फुगाना थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर के एसएसपी संजय कुमार वर्मा के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में भी इसे सख्ती से जारी रखा जाएगा। चेकिंग के दौरान फिलहाल कुल चार वाहनों के चालान किए गए। सभी पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। फुगाना पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य वाहन चालकों में जबरदस्त हड़कंप मचा हुआ है।

# दो परिवारों के नहीं मिल पाए आधा दर्जन वोट

**बुढ़ाना।** गांव सुल्तानपुर के दो परिवार ना तो इधर के रहे और ना ही उधर के रहे। बीते सन 2003 की वोटर लिस्ट में उनके नाम ही नहीं मिल रहे। वे पहले गांव सुल्तानपुर में रह रहे थे। उस समय उनकी वोट थी लेकिन किसी कारणवश से उनके गांव से चले जाने के बाद उनकी वोट जांच के दौरान उसी समय बीएलओ के द्वारा काट दी गयी थी और यहां से जाने के बाद दोनों परिवारों ने जहां वे अन्य जनपद में रह रहे थे ये सोचकर वहां उन्होंने अपनी वोट इसलिए नहीं बनवाई कि उनकी वोट गांव सुल्तानपुर में तो है ही। अब एसआईआर प्रकिया के चलते बीएलओ के द्वारा उनको फार्म भरने के लिए नहीं दिया गया क्योंकि जब उनका नाम 2003 की वोटर लिस्ट में है ही नहीं तो फार्म में क्या भरें। दोनों परिवार बहुत ही परेशान हैं। ये परिवार करार शेख और आस मौहम्मद के हैं। जिसमे दोनों परिवारों के 6 सदस्य हैं।

# एसडीएम ने अपने आफिस में सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** उप जिला अधिकारी बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित अपने सरकारी कार्यालय में आसपास के गांवों और कस्बे के कई लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन सभी का निस्तारण करने के लिए फोन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव ने अपने कार्यालय में दूर दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कई लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। जिनमें जमीन पर कब्जे, सड़क निर्माण और अन्य मुद्दों पर शिकायतें शामिल थी। यहां पर जन सुनवाई के दौरान उप जिला अधिकारी श्रीमति अपूर्वा यादव ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

## कॉलिज में घुसकर प्रधानाचार्य के साथ मारपीट, किया घायल

**भोपा।** क्षेत्र के सीकरी मार्ग स्थित इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य के साथ मारपीट का मामला प्रकाश मे आया है। घटना को लेकर सनसनी फैल गयी है। पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग स्थित आर्य इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य निरंजन सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया की वह कॉलिज मे बने आवास मे निवास करते हैं बीते गुरुवार की सुबह सवेरे वह कॉलेज के खेल मैदान में खड़े हुए थे।की गांव सिकंदरपुर निवासी व्यक्ति कॉलिज मे घुस आया।आरोपी हाथ मे धार दार हथियार लिये हुए था। आरोपी ने अकारण ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी राकेश ने धारदार हथियार से जान लेवा हमला कर प्रधानाचार्य को घायल कर दिया।प्रधानाचार्य के साथ मारपीट की घटना से सनसनी फैल गयी। वहीं पुलिस ने आरोपी राकेश निवासी सिकंदरपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## बाईक सवार को मारपीट कर किया घायल

**भोपा।** भोपा -मुज़फ्फरनगर मार्ग पर बाईक सवार पर दबंगो ने हमला कर घायल कर दिया। घायल को अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना व गांव निवासी सचिन कुमार ने दी तहरीर मे बताया की उसका भाई पिन्टू बाईक द्वारा मुज़फ्फरनगर मजदूरी करने के लिए जा रहा था जैसे ही वह मार्ग स्थित कासमपुर चौराहे के पास पहुंचा तभी गांव निवासी तीन युवकों ने उसे घेर लिया तथा गाली गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आये ग्रामीणों ने पिन्टू की जान बचाई। बेहोश हालत मे घायल को अस्पताल लाया गया। पीड़ित ने आरो. पियों से जान को खतरा जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की आरोपी चितरंजन, नितिन, विशाल उर्फ डमरू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महिला पुलिस कर्मचारियों ने छात्राओं व महिलाओं को किया जागरूक

**रामराज।** थाने में तैनात महिला पुलिस कर्मचारियों ने छात्राओं व महिलाओं को आत्मरक्षा व साईबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

थाना प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि थाने में तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा एवं जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की। साथ ही महिलाओं को उनकी सहायता के लिए उपलब्ध प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों, जैसे महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में भी बताया गया। रोमियो टीम ने भी छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मरक्षा, साइबर क्राइम से सावधानी, सड़क सुरक्षा तथा किसी भी प्रकार की परेशानी में तुरंत पुलिस सहायता लेने के तरीकों के बारे में जागरूक किया। टीम ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर याद रखने और जरूरत पड़ने पर तुरंत इस्तेमाल करने की सलाह दी। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं में सुरक्षा को लेकर आत्मविश्वास बढ़ाना था।



# एसआईआर अभियान को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर के 12 राज्यों में लागू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण द्धएसआईआरऋ अभियान के तहत मंगलवार को खतौली तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रति. निधि व उनके बूथ लेवल एजेंट द्धबीएलएऋ उपस्थित रहे।



एसडीएम निकिता शर्मा ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जाकर एसएफ फॉर्म भरवाएंगे। फॉर्म की एक प्रति मतदाता के पास रहेगी जबकि दूसरी प्रति बीएलओ द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने बूथ लेवल एजेंटों को सक्रिय करें और बीएलओ के स ा थ ा स म न्व य स्थापित कर अधिक से अ ि ध ा क लोगों से फॉर्म भरवाने में सहयोग करें। उन्होंने ईएफ फॉर्म वितरण और संग्रह की प्रगति की भी समीक्षा की और निर्देश दिया कि प्रत्येक बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म वितरण व संग्रह का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करें। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदेय स्थलों के निर्धारण में मतदाताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। प्राख्रतिक बाधाओं को ध्यान में रखते हुए सरकारी भवनों को प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि निजी भवन अंतिम विकल्प रहेंगे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से बीएलए की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों और शंकाओं का उपजिलाधिकारी ने बिंदुवार समाधान किया। बैठक में तहसीलदार अरविंद कुमार, बीडीओ विशाखा, नायब तहस. ीलदार राजीव त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल, कानूनगो राकेश गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। राजनीतिक दलों की ओर से सपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, सत्यदेव शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, राजू उपाध्याय, नीरज गोयल, काज़ी फसीह अख्तर, पंकज सैनी, बालमुकुंद ग्रेड, गजेंद्र प्रधान, अभिषेक गोयल एडवोकेट, आफाक पठान, ऋषभ जैन, असजद सैफी, सुनील उपाध्याय, नरेश पाल, दानिश काज़ी आदि उपस्थित रहे।

# सभासद गुलफाम खान बीएलओ का कर रहे हैं सहयोग

**परेशान बीएलओ को गणमान्य लोगों का ही सहारा**

**बुढ़ाना।** एसआईआर के मामले में बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस के सभासद गुलफाम खान अपने आफिस पर एसआईआर का फार्म भरने आए वार्डवासियों का खुलकर सहयोग कर रहे हैं। जिसमें बीएलओ को भी राहत मिल रही है।

बुधवार के दिन भी आफिस पर सैंकड़ों लोगों की भीड़ रही। जिनके एसआईआर के खाली फार्म सही तरीके से सभासद गुलफाम खान के द्वारा भरवाए गये। इस बारे में सभासद गुलफाम खान ने बताया कि वे अपने वार्ड के सभी लोगों के लिए सुबह से अपना आफिस खोलकर बैठ जाते हैं। वे यहां पर आने वाले सभी वोटरों का बीएलओ के सहयोग से एसआईआर का फार्म सही तरीके से भरवाकर उनकी परेशानी को हल करने का काम कर रहे हैं। उनके ऑफिस पर बीएलओ आबाद कुरेशी, बीएलओ विनय कुमार और उनके छोटे भाई फरमान खान भी सभी का सहयोग कर रहे हैं। वहीं बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड 14 में स्थित अपने आवास पर आए लोगों के एसआईआर के फार्म सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिवघ नवाब इम्तियाज बीएलओ का सहयोग कर भरवा रहे हैं। वहीं मुफ्ती आस मुहम्मद कासमी के घर पर एसआईआर फॉर्म भरने का काम चला। इस मौके पर मुफ्ती आस मुहम्मद कासमी ने सभी पढ़े-लिखे लोगों से गुज़ारिश की कि इसे एक नेक काम समझें और पूरी लगन से करें। इस काम को ज़रूरी समझें। चाहे एक घंटे के लिए ही क्यों न हो। उन्होंने सभी लोगों से यह भी गुज़ारिश की कि इस फॉर्म को भरने में कोई भी आलस्य न करें। अगर आलस्य किया तो बाद में बहुत मुश्किल होगी।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. 2079/16.02.23 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम ज़हा मज़हर है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**
**मज़हर सुल्तान,**
**निवासी- 786/32 योगेंद्रपुरी**
**मुज़फ्फरनगर**
**मोबाइल स0 9412476046**

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 9183/01.09.21 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नही कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम अली मुस्तफा है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अयाज़ मेंहदी ज़ैदी,**
**निवासी- 25 गढ़ी गोरवान**
**मुज़फ्फरनगर**
**मोबाइल न. 9555130870**

# इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

**खतौली।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न और लौह महिला के नाम से प्रसिद्ध स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर बुधवार को कांग्रेसजनों ने कस्बा खतौली में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष हकीम जफर महमूद ने किया। माल्यार्पण के बाद कार्यकर्ताओं ने सादगीपूर्वक केक काटकर गांधी का जन्मदिन मनाया और उनके योगदान को याद किया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम MOHOMAD. MUSA था, जिसे मैने बदलकर MOHD. MUSA रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम MOHD. MUSA से ही जाना पहचाना और पुकारा जाये।

**MOHD. MUSA**
**S/O HAMIEED**
**R/O - 229, GALI No. 2**
**MAHMOOD NAGAR**
**MUZAFFARNAGAR**
**(U.P.)**

# तितावी चीनी मिल के गेट के कांटो का निरीक्षण



**मुजफ्फरनगर।** इंडियन पोटाश लि0 इकाई तितावी शुगर काम्प्लेक्स तितावी चीनी मिल के मिल गेट का औचक निरीक्षण ओ.पी.सिंह उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर द्वारा किया गया । निरीक्षण में चीनी मिल गेट पर स्थित सभी कांटे सही वजन प्रदर्शित करते पाये तथा सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुसार सही पायी गयी।

निरीक्षण के दौरान उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर, ज्येष्ट गन्ना विकास निरीक्षक तथा सचिव सहकारी गन्ना समिति लि0 तितावी द्वारा मिल गेट पर गन्ना लेकर आये वाहनों में रैट्रो रिफलेक्टिव टेप भी लगाये गये जिससे कोहरे के समय वाहन दुर्घटना से बच सके तथा गन्ना आपूर्ति करने वाले कृषकों की समस्त आवश्यक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने हेतु निर्देशित किया गया । निरीक्षण के समय चीनी मिल के विभागाध्यक्ष (गन्ना) के.पी. सिंह मलिक, वरिष्ट प्रबन्धक (गन्ना) नवीन पंवार तथा प्रबन्धक (गन्ना) सविन्द्र कुमार उपस्थित रहे ।

# पाप बंधन में डालता और पुण्य हमें प्रकाश की ओर ले जाता : सर्वेशप्रपन्नाचार्य

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित प्राचीन दंडी आश्रम में ब्रहमलीन स्वामी गुरु देवेशवराश्रम महाराज के चतुर्थ निर्वाण महोत्सव पर आयोजित श्रीमद भागवत सप्ताह के छठे दिन प्रयागराज से आए प्रसिद्ध कथा वाचक सर्वेशप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि पाप और पुण्य दोनों हमारे अपने ही बनाए हुए मार्ग हैं।

पाप हमें बंधन में डालता है और पुण्य हमें प्रकाश की ओर ले जाता है। परंतु सबसे महान है भगवान की भक्ति, जो पापों को भस्म कर देती है और मनुष्य को जीवन के परम लक्ष्य भगवत प्राप्ति की ओर ले जाती है। भक्ति में जीवन को समर्पित करो, यही सच्चा पुण्य है। यह संसार कर्मभूमि है। यहां हर जीव अपने कर्मो से ही अपना भविष्य गढ़ता है।

पाप केवल हिंसा या छल ही नहीं, बल्कि अत्यधिक आशक्ति भी है, जो मनुष्य को अपने परम लक्ष्य से दूर कर दे। इसलिए पुण्य केवल दान और जप नहीं, बल्कि विवेक, मधुरता और संयम भी है। पाप और पुण्य का लेखा-जोखा कोई मनुष्य नहीं करता( प्रकृति स्वयं न्याय करती है। पुण्य वह है जो हमें भगवान के निकट ले जाए और पाप वह जो हमें उनसे दूर कर दे। यदि कोई मनुष्य दान करता है, लेकिन अहंकार में डूबा है, तो वह कर्म पुण्य नहीं माना जाता। परन्तु यदि कोई साधारण व्यक्ति सच्चे मन से किसी पीडि़त की सहायता करता है, तो उसका पुण्य अनंत कहलाता है। इसलिए कर्म का मूल्य उसके बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भावना से तय होता है। पाप और पुण्य वही कर्म हैं जो मनुष्य के भीतर छिपे हुए संस्कारों का परिणाम होते हैं।


**उत्तर रेलवे**

रेलवे भर्ती सैल, उत्तर रेलवे
लाजपत नगर-1, नई दिल्ली-110024
आरआरसी वेबसाइट: www.rrcnr.org

**सांकेतिक सूचना**

रोज़गार संख्या- RRC/NR-05/2025

उत्तर रेलवे में वर्ष 2025-26 हेतु विभिन्न मंडलों / इकाईओं / कार्यशालाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपरेंटिस अधिनिम 1961 के तहत एक्ट अपरेंटिस को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 4116 के स्लॉट्स के लिए योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| आर आर सी वेबसाइट पर अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 18.11.2025 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय | 25.11.2025 को 12 बजे से |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 24.12.2025 को 23:59 बजे तक |
| मेरिट जारी करने की तिथि | फरवरी 2026 |

अध्यक्ष / आरआरसी
3593/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## कार्यालय - क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी मुजफ्फरनगर।

पत्र संख्या- 334/2025-26 दिनांक- 18-11-2025

**- विज्ञप्तिः-**

आयुष्मान आरोग्य मंदिर मौहम्मदपुर रायसिंह (महिला 01), आयुष्मान आरोग्य मंदिर कासमपुर खोला (पुरूष 01) एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर शाहपुर (पुरूष 01) जनपद मुजफ्फरनगर में पारिश्रमिक आधार एक वर्ष हेतु योग प्रशिक्षक पुरुष एवं महिला अंशकालिक (पुरूष 02 पद व महिला 01 पद) आबद्धीकरण के लिए आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र, पहचान पत्र की प्रमाणित प्रति सहित कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी मुजफ्फरनगर के पतें पर आमन्त्रित किये जाते है।

1. पद का **विवरण/आवेदन** का प्रारूप / शैक्षिक योग्यता व अन्य शर्ते उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाईट **http://muzaffarnagar.nic.in** पर उपलब्ध है।
2. आवेदन पत्र दिनांक 10.12.2025, 5:00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगें।

**भवदीय,**
**( डा.इसम पाल )**
**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी मुजफ्फरनगर।**

# 2003 की वोटर लिस्ट ने बढ़ाई एसआईआर की मुश्किलें

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर-2025) अभियान में 2002-03 की मतदाता सूची ने खतौली में बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। करीब 20 साल पुराने रिकॉर्ड से नाम मिलान करने में न सिर्फ मतदाता उलझे हैं, बल्कि बीएलओ भी परेशान नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि 2002 की सूची में दर्ज मतदाता अब कहां रहते हैं, इसका पता लगाना ही चुनावी तंत्र के सामने सबसे बड़ा सवाल बन गया है।

**कई बीएलओ बोले-प्री-मैपिंग का नाम तक नहीं सुना**

चुनाव आयोग का दावा था कि पूरे देश से 2002 की वोटर लिस्ट की प्री-मैपिंग कराकर 60-70: नाम पहले से मिलाए जा चुके हैं, जिससे नए SIR चरण में काम आसान होगा।लेकिन खतौली में जमीनी हालात बिल्कुल अलग दिखाई दे रहे हैं। अनेक बीएलओ साफ-साफ कह रहे हैं कि उन्हें कोई प्री-मैपिंग सूची मिली ही नहीं। कई का कहना है कि 2002-03 में आज के कई वार्ड, कॉलोनियां और बस्तियां थीं ही नहीं, ऐसे में पुरानी सूची का नए भूगोल से मेल नहीं बैठ रहा।

**मतदाता खुद खोज रहे 2002 की जानकारी**

स्थिति इतनी जटिल हो चुकी है कि कई जगहों पर मतदाता प् फॉर्म भरते समय 2002 में दर्ज अपने नाम की जानकारी खुद जुटाने में लगे हैं। ऑनलाइन 2002 की सूची खोजने में उन्हें भारी कठिनाई हो रही है। पुरानी फाइलों में रिकॉर्ड तक नहीं मिल पा रहा, ऊपर से 20 सालों में बूथ, पोलिंग स्टेशन और विधानसभा सीमाओं में भारी बदलाव हो चुके हैं। एक ही व्यक्ति का नाम अलग-अलग जगहों में तलाशना पड़ रहा है।

**नए इलाकों में मेल नहीं खा रही पुरानी वोटर लिस्ट**

खतौली में पिछले दो दशकों में कई नई कॉलोनियां बसीं और कई पुराने क्षेत्र बदल गए।इसी वजह से 2002 के बूथ, आज की नई भौगोलिक स्थिति, और मौजूदा पो. लिंग स्टेशन, आपस में बिल्कुल मेल नहीं खा रहे हैं। बहुत से बीएलओ का कहना है कि इस स्थिति ने फील्ड काम को बेहद पेचीदा बना दिया है।



**मतदाताओं में वोट कटने की चिंता बढ़ी**

कई मतदाता आशंकित हैं कि 2002 की सूची में न मिलने पर कहीं उनका नाम मतदाता सूची से हट न जाए।जिसके चलते वे अपने कीमती मत को खो देने की डर से बार-बार बूथ स्तर अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं।

**2002 की सूची ने SIR को दिया अहम मोड़**

तकनीक, पुरानी फाइलें और जमीनी हकीकत के टकराव ने एस आई आर प्रक्रिया को कठिन बना दिया है।जहां चुनाव आयोग ने इस बार मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन का लक्ष्य रखा है, वहीं जमीनी स्तर पर 2002 के रिकॉर्ड ने पूरे अभियान को चुनौतीपूर्ण बना दिया है।

## विशेष पुनरीक्षण अभियान में तेजी

**खतौली।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण द्वएसआईआरऋ अभियान के तहत बुधवार को भाग संख्या 183 से 191 तक सभी बीएलओ ने पर्यवेक्षक चंद्रकांत सहगल के नेतृत्व में घर-घर जाकर गणक प्रपत्र एकत्र किए। अभियान के दौरान लोगों में जागरूकता देखते हुए बीएलओ द्वारा बताया गया कि अधिकांश मतदाता स्वयं ही आवश्यक विवरण के साथ फॉर्म जमा कराने पहुंच रहे हैं। पर्यवेक्षक चंद्रकांत सहगल ने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर क्षेत्रवासियों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग तय समय पर जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे अभियान सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। उप निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम खतौली निकिता शर्मा अभियान की प्रगति का लगातार निरीक्षण कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बीएलओ एवं बूथ का प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है, जिसमें यह देखा जा रहा है कि कितने फॉर्म वितरित किए गए, कितने वापस आए और कितनों की ऑनलाइन फीडिंग पूरी हो चुकी है।एसडीएम ने बताया कि सभी बीएलओ द्वारा 100 प्रतिशत फॉर्म मतदाताओं तक पहुंचा दिए गए हैं। अब भरकर लौटाए गए फॉर्मों की ऑनलाइन फीडिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फॉर्म भरने के लिए किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। मतदाता को केवल अपना व अपने परि. जनों का विवरण उपलब्ध कराना होगा।अभियान के सक्रिय संचालन से उम्मीद जताई जा रही है कि पुनरीक्षित मतदाता सूची समय पर और पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगी।

# रसूलपुर दभेडी में लगा निःशुल्क नेत्र कैम्प



**बुढ़ाना।** बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसूलपुर दभेडी में बुढाना गन्ना समिति के तत्वाधान में एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा कैप लगाया गया। यह कैम्प आशे प्रधान की बैठक में लगाया गया। जिसमें कुल 76 मरीजों ने लाभ उठाया। यहां पर अनुभवी चिकित्सकों ने मरीजों को निशुल्क दवाइयों के साथ साथ चश्मे भी वितरित किए। बुढ़ाना गन्ना समिति के चेयरमैन निर्भय सिंह सहरावत के सहयोग से लगाए गये इस निःशुल्क कैम्प में जहां भीड़ रही वहीं दूसरी और गन्ना समिति बुढ़ाना के डेलीगेट ठाकुर तमशीर और आशु राणा ब्लाक उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत सहित सैंकड़ों लोग भी उपस्थित रहे।

# प्लाट कब्जाने की नीयत से दबंग महिलाओं को कर रहे परेशान

**सीओ आफिस ने नहीं लिया पीड़ित महिला से शिकायती पत्र**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढाना।** प्लाट कब्जाने की नीयत से दबंग महिलाओं को परेशान किया जा रहे है। इस बारे में पीड़िता ने सीओ आफिस को एक शिकायती पत्र देना चाहा मगर वहां पर मौजूद पुलिस ने शिकायती पत्र नहीं लिया।

पीड़िता ने सीओ से आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। बुढाना सर्किल क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी एक महिला ने सीओ आफिस के बाहर मीडिया को बताया कि वह अपनी देवरानी के साथ अपने प्लाट में कूड़ा डालने गयी तो वहां पहले से घात लगाये बैठे नीटू व सीटू पुत्रगण धर्म सिंह, ममता पत्नी नीटू, प्रमिता पत्नी धर्म सिंह व वर्षा पुत्री धर्म सिंह ने हमें गालियां दी। जब हमने उनका विरा. ध किया तो उन्होंने ईट मारकर घायल कर दिया और मारपीट भी की। आरोपी उनका प्लाट हड़पने की फिराक मे हैं। उक्त प्लाट का जोगेन्द्र पुत्र रामपाल निवासी पलडी ने बीते वर्ष 27 मई को अपनी बहन सुदेश पत्नी ब्रहमपाल निवासी औरंगाबाद पटी खेकडा जिला बागपत के हक मे हिब्बेनामा कर रखा था। प्लाट को बीते 14 नवम्बर में सुदेश से उसने खरीद लिया। जिसके चलते आरोपी आए दिन झगड़ा कर रहे हैं। इस बारे में शाहपुर पुलिस को बताया लेकिन पुलिस ने कोई भी मदद नही की। बीती 18 नवम्बर को वह फिर प्लाट में कूड़ा डालने गयी तो उसको नीटू ने पीछे से दबोच लिया और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। उसने शोर मचाया तो आरोपी नीटू मौहल्ले के लोगों को आते देख भाग गया और जाते हुए धमकी दी। उधर बुढाना सीओ के न मिलने पर पीड़िता ने आफिस को उक्त शिकायती पत्र पुलिस को देना चाहा तो पुलिस ने शिकायती पत्र लेने से साफ इंकार कर दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

## युवक पर तान दिया तमंचा

**खतौली।** थाना क्षेत्र के अम्बरपुर निवासी युवक को मुंह पर सिगरेट का धुआं करने का विरोध करना महंगा पड़ गया। आरोप है कि दूसरे समुदाय के युवकों ने न सिर्फ गाली-गलौच और मारपीट की, बल्कि तमंचा तानकर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के मुताबिक, अम्बरपुर निवासी ईशु शर्मा पुत्र संजय शर्मा बुधवार को मोरकुक्का से होते हुए चंदसीना गांव स्थित अदनान की दुकान पर सामान लेने पहुंचा था। इसी दौरान वहां मौजूद समीर उर्फ फौजी निवासी नई आबादी, खतौली ने सिगरेट पीते समय ईशु के मुंह की ओर धुआं उड़ा दिया। ईशु ने इसका विरोध किया तो समीर भड़क उठा और उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने लगा।आरोप है कि विवाद बढ़ने पर समीर ने ईशु पर तमंचा तान दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी जंगल की ओर तमंचा लहराते हुए फरार हो गया।पीड़ित ईशु शर्मा ने रतनपुरी थाने पहुंचकर पूरी घटना की तहरीर दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद समीर उर्फ फौजी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार सहित गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## चलती बस में महिला से छेड़छाड़

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र में चलती बस में महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद महिला के परिजनों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, खतौली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में डयूटी करने के बाद मंगलवार शाम बस से वापस गांव लौट रही थी। इसी दौरान उसके ही गांव का एक युवक बस में चढ़ा और महिला से छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी।घटना से घबराई महिला ने बस में ही फोन कर अपने परिजनों को पूरी जानकारी दी। उसके बाद कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।खतौली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, जबकि महिला के परिजन आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## पालिका प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**खतौली।**नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने की लगातार उठ रही मांग के बाद नगर पालिका प्रशासन ने बुधवार को बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सैनी नगर पालिका गेट से शुरू हुए इस अभियान का नेतृत्व अधिशासी अधिकारी द्धईओ ऋ राजीव कुमार ने किया। अभियान में सफाई निरीक्षक नेपाल सिंह, लिपिक श्रवण कुमार, राहुल कुमार सहित पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।अभियान सैनी नगर मार्ग से आगे बढ़ते हुए जीटी रोड और बिददिवाड़ा बाजार तक पहुँचा। इस दौरान पालिका अधिकारियों ने सड़क किनारे दुकानें फैलाने वाले अतिक्रमणकारियों को कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी देने के बाद दर्जनों लोगों के चालान काटे। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण अभियान चलते ही बाजार क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। कई रेहड़ी-फेरी वाले व फुटपाथ पर कब्जा किए बैठे लोग आनन-फानन में अपना सामान हटाते नजर आए। अभियान के सुचारू संचालन के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि जनहित में सड़कें और बाजार सुगम बनाना जरूरी है, इसलिए आगे भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे। जिला महामंत्री सुमन प्रजापति, नगर उपाध्यक्ष पूनम गर्ग आदि उपस्थित रही।

## वन माफियाओ पर रहम, किसानों पर सितम

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव मथुरा के एक किसान द्वारा अपने खेत से मिटी उठाने पर प्रशासन द्वारा किसान की मिटी की बुग्गी पकड़ने पर भाकियू ने हिंडन चौकी पर धरना देकर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया हे बताते चले की क्षेत्र के गांव मथुरा मे पिछले दिनों से चकबंदी प्रक्रिया चली आ रही थीस चकबंदी के बाद किसानों के खेत ऊपर निचे हो रहे थे जिस कारण गांव के किसान रामकुमार द्वारा अपने खेतो को समतल करने के लिए एक खेत की मिटी अपने वाहन द्वारा उठायी जा रही थी मिटी उठाने के बाद किसान को क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा परेशान कर उसकी बुग्गी को पकड़ लिया किसान की बुग्गी पकड़े की सुचना जैसे ही भाकियू नेताओं को लगी तो उन्होंने भाकियू नेता विकास शर्मा के नेतृत्व मे हिंडन चौकी पर धरना शुरू कर दिया भाकियू नेताओं ने आरोप लगाया की जहाँ प्रशासन खनन माफियाओ पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा हे वही किसानों को बिना कारण परेशान कर रहा हे भाकियू के पुलिस चौकी पर धरने की सुचना से थाना प्रभारी तुरंत चौकी पर पहुँचे और भाकियू नेताओं से वार्ता की जिसके बाद भविष्य मे मिटी उठाने पर किसानों को परेशान न करने की बात कही वही खनन माफियाओ पर भाकियू ने कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की बात कही चरथावल क्षेत्र मे जहाँ बड़े पैमाने पर खनन चल रहा हे वही खुलेआम मिटी के ट्राले खनन करते सड़को पर घूमते दिखाई देते हे अनेको बार क्षेत्रवासियो ने भी अवैध मिटी खनन पर रोक लगाने की मांग की हे

## एसडीएम जानसठ व आबकारी इंस्पेक्टर ने ठेको का किया औचक निरीक्षण

**जानसठ ।** एसडीएम जानसठ व आबकारी इंस्पेक्टर ने कस्बा जानसठ मे शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। एसडीएम राजकुमार भारती ने जानसठ कस्बे मे आबकारी इंस्पेक्टर के साथ निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर देखा और दुकान मे मौजूद शराब की बोतलो की गिनती कराई हलाकि स्टॉक सही मिला उन्होंने शराब विक्रेताओं को चेतावनी भी दी की वह प्रतिबंधित और अवैध शराब कतई न रखें और न ही अपने आसपास बिकने दे अपने स्टॉक रजिस्टर को दुरुस्त रखें । वही एसडीएम ने स्पष्ट किया की क्षेत्र मे खुली शराब की दुकानो के पास शराब पीकर जो उत्पात मचायेगा वह बिलकुल भी बर्दास्त नही किया जायेगा तो वही जानसठ तिराहे के पास थाने से चंद कदमो की दुरी पर कुछ दुकानो मे शराबीयो को बैठाकर शराब पिलाई जाती है लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नही होती कुछ क्षेत्रवासियो का कहना है की हाईवे के किनारे बनी दुकानो पर शराबी शराब पीकर उत्पात मचाते है इस और ध्यान देकर पुलिस को कार्यवाही करनी चाहिए।

## सहारनपुर एड़ी हेल्थ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**चरथावल।** कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का बुधवार का एड़ी हेल्थ सहारनपुर डा. रामानंद कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सीएचसी के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने गहनता से जांच करते हुए सीएचसी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चरथावल स्थित सीएचसी का निरीक्षण के दौरान एडी हेल्थ सहारनपुर डा. रामानन्द कुमार ने एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता को जांचा। जनरल ओपीडी का निरीक्षण करते हुए मरीजों और वहां उपस्थित डा.सुधा व डा.खालिद हसन से जानकारी ली। वही आयुष्मान कक्ष का निरीक्षण करते हुए आयुष्मान मित्र अनिल कुमार से आयुष्मान की प्रगति के बारे में जानकारी ली।उन्होंने इमरजेंसी कक्ष का निरीक्षण करते हुए फार्मासिस्ट अजय कुमार व भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ लैब टेस्टिंग के बारे में विस्तृत जानकारी ली। भर्ती मरीजों,पीडियाट्रिक ओपीडी व स्त्री रोग ओपीडी में का निरीक्षण कर केंद्र के बेहतर संचालन हेतु सीएचसी प्रभारी डा. सतेंद्र मलिक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डा. सतेंद्र कुमार,अजय राजपूत,डा.हिमांशु त्यागी,अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# कुश्ती मुकाबला जीतने वाली नगमा चौधरी का धंधेडा में जोरदार स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुरादाबाद में देवता महा विद्यालय ऑल इंडिया बिजनौर की छात्रा नगमा चौधरी स्टेट लेवल की पहलवान है। नगमा चौधरी पुत्री जहिदू निवासी धंधेडा और रोनी मुरादाबाद के बीच हुई कुश्ती का समय 6 मिनट था, लेकिन नगमा चौधरी पहलवान ने कुश्ती अपने दांव पेंच ओर फुर्ती दिखाते हुए कुश्ती सिर्फ 30 सेकंड में जीत ली। कुश्ती 12 बजे हुई और 61 किलोग्राम पर कुश्ती लड़ी गई जिसमें पहलवन नगमा चौधरी को प्रथम स्थान रहा। आज पहलवान नगमा चौधरी कुश्ती



जितने के बाद अपने जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान यहां पर बधाई देने वालों में निखिल चौधरी, चौधरी आसिफ, बालियान, साहुद चौधरी, सोनू चौधरी, हारून चौधरी, फरमान चौधरी, खब्बाब सलमानी आदि मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**चरथावल।** शादी का झांसा देकर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी को पुलिस ने दधेडू पुल के निकट से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया है।किशोरी की मां ने आरोपी सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

चरथावल थाना क्षेत्र निवासी किशोरी की मां ने पांच दिन पूर्व दर्ज कराये गये मुकदमें में बताया था कि उसकी पन्द्रह वर्षीय पुत्री एक निजी क्लिनिक पर पर्ची बनाने का कार्य करती है।ग्यारह नवम्बर को उसकी पुत्री दोपहर एक बजे दुकान से घर का सामान लेने गयी थी। रास्ते में उसे जनपद अलीगढ़ थाना दादओ ग्राम भवानीपुर निवासी पवन उर्फ देव पुत्र तिलकसिंह मिला।उसके साथ चचेरा भाई उमेश,जनपद फरुखाबाद थाना अमितपुर ग्राम पोलासोता निवासी सन्नी पुत्र रामपाल,आरोपित का बहनोई जनपद बुलन्दशहर थाना अरनिया ग्राम गंगावली निवासी गिरीश पुत्र शंकर सिंह व उसकी पत्नी सपना थी। आरोप है कि सभी आरोपी उसकी नाबालिक पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले गये थे। सभी आरोपियो के विरुद्ध किशोरी की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था।चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी ग्राम दधेडू पुल के निकट बाईपास पर कही जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर उपनि. रीक्षक तेजवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ घेराबन्दी करके आरोपीको गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया।

## क्रांति सेना ने मनायी रानी लक्ष्मीबाई जयंती

**मुजफ्फरनगर।** क्रांतिसेना महिला मोर्चा ने आज रानी लक्ष्मीबाई जी के जन्मोत्सव पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके उद्देश्यों का अनुसरण करने का संकल्प लिया आज पार्टी कार्यालय पर महिला मोर्चा से जुड़ी महिलाओं ने रानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने एक महिला होने के बाद भी स्वाधीनता के लिए अंग्रेजों का डटकर सामना किया यह है महिलाओं के लिए एक सीख है घर में भी उनकी तरह धर्म देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुमन विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष सविता गौतम जिला उपाध्यक्ष, पूनम चाहल, जिला संगठन मंत्री अनिता प्रजापति, आदि मौजूद रहे।

## खेत में गये किसान पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

**मोरना।** खेत मे कार्य कर रहे किसान के साथ मारपीट की गयी। गंभीर हालत मे घायल को अस्पताल ले जाया गया। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी रमेशचंद ने तहरीर देकर बताया की बीते शनिवार की शाम उसका पुत्र पुनित खेत मे कार्य कर रहा था तभी गांव निवासी तीन व्यक्ति वहां आये और गाली गलौज करने लगे। पुनित ने इसका विरोध किया। तभी आरोपियों ने फावडे व लाठी डंडो से हमला कर दिया। जिसमे पुनित के हाथ व आंख सहित शरीर पर गंभीर चोटे आयी।मरणासन्न अवस्था मे आरोपी पुनित को खेत मे छोड़ कर फरार हो गये। पिता रमेशचंद ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने आरोपी मदन, महिपाल व रोबिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मुनि श्री प्रणमय सागर का संग सहित शाहपुर में मंगल प्रवेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहपुर।** जैन संत शिरोमणि, आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के प्रभावक संत, अर्ह्योग प्रणेता मुनी श्री प्रणमय सागर जी महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। नगर के जैन मोहल्ले स्थित जैन मंदिर श्री नेमिनाथ जिनालय मे भव्य स्वागत हुआ। मुनी श्री का प्रवेश बैंड बाजों से हुआ। नगर मे प्रवेश के दौरान जैन समाज के लोगो ने अपने घरो व प्रतिष्ठानों के आगे जगह जगह मुनी श्री की आरती व प्राद प्रक्षालन किया। प्रवेश के दौरान समाज से जुड़े अनेको सैकड़ो श्रद्धालुओं द्वारा जियो ओर जिने दो, जैन मुनी देख लो-त्याग करना सीख लो आदि नारे लगाए गये। जैन मुनी का एक दिवसीय प्रवास श्री नेमिनाथ जिनालय के सामने आचार्य श्री शांतिसागर छानी साधु आश्रम मे रहा। मुनी श्री प्रणमय सागर जी महाराज ने प्रवचन करते हुआ कहा



कि सुख व दुख जीवन के अनिवार्य पहलू है। संध्या के समय भक्तिमय व संगीतमय गुरुभक्ति व सामूहिक आरती का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे अनेको श्रद्धालुओं ने भजन से सभा को भक्तिमय बना दिया। प्रवचन के दौरान अनेको क्षेत्रों मुज़फ्फरनगर, रुड़की, शामली, बुढ़ाना आदि क्षेत्रों से श्रद्धालुगण मौजूद रहे। इस दौरान बालेश जैन, जीवेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, सतीश जैन, राकेश जैन, ललित जैन, मीशू जैन, विक्की जैन, वैभव जैन, अमित जैन, पुनीत जैन, उमंग जैन, नमन जैन, पुनीत जैन, अनंत जैन, शुभम जैन, हर्षित जैन, रजत जैन आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**वृद्ध की कृषि भूमि का किया था फर्जी बैनामा**

**बुढ़ाना।** कोर्ट के निर्देश पर बुढ़ाना पुलिस ने वृद्ध की जमीन जालसाजी से बैंचने वाले 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली।

याकूब पुत्र इसराईल गांव मौहम्मदपुर माफी रतनपुरी के अनुसार वह 77 वर्षीय अनपढ़ व्यक्ति है। बीते वर्ष वो बीमार हुआ तो कई दिन अस्पताल में रहा। इलाज के चलते उसे पैसों की जरुरत थी तो उसने अपनी गांव कमालपुर में स्थित दाद इलाही कृषि भूमि में अपने तिहाई हिस्से की जमीन अब्दुल बाकी को बीते वर्ष 29 जुलाई को बैंचनी लिख दी। इसी बात का लाभ उठा उसकी केयर टेकर शबाना ने अपने आपको उसकी बीवी दर्शाकर धोखाधडी कर एक मुख्तारनामा व वसीयतनामा बीते वर्ष 29 जुलाई को शरीफा मसूद बासरी व शबीना पुत्रीगण मसूद निवासीगण मुम्बई को गवाह बनाकर जो शबाना की पुत्री है फर्जी तरीके से उसकी संपत्ति हडपने को धोखाधडी कर तैयार करा लिये जबकि वो अपनी संपत्ति की देखभाल व क्रय विक्रय करने में सक्षम है। उसने अपनी साढेघ् 3 बीघा कृषि भूमि जो गांव मौहम्मदपुर माफी में स्थित है का विक्रय खुद 21 मई को शाहीन पत्नि हैदर के नाम किया मगर शबाना ने 20 जून को मुख्तारनामा का आधार बनाकर उसकी कृषि भूमि खसरा का बैनामा अपनी पुत्री शबीना जो फर्जी मुख्तारनामे की गवाह भी है के नाम कर दिया। जिसमें उसका पता भी दूसरा लिखा गया जो महाराष्ट्र में है। पुलिस ने शबाना, शरीफा, शबीना, जयपाल, फहीम खान, शराफत के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला ब्राह्मण सभा ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बांटी जर्सियां

**मुजफ्फरनगर।** सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवे. दनाओं को केन्द्र में रखकर मुजफ्फरनगर में महिला ब्राह्मण सभा ने बुधवार को एक सराहनीय कदम उठाया। शहर के वार्ड 26 में स्थित एक प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु जर्सियां वितरित कर संगठन ने सामाजिक सहभागिता की मिसाल पेश की। इस पहल से न सिर्फ बच्चों के चेहरे खिल उठे बल्कि स्थानीय समुदाय में भी सकारात्मक संदेश गया।

बुधवार को महिला ब्राह्मण सभा द्वारा वार्ड 26 के अंतर्गत मौहल्ला ब्रह्मपुरी स्थित बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित ओमप्रक. ाश सोमलता मेमोरियल प्राइमरी पाठशाला में जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा की टीम को वार्ड सभासद एवं भाजपा नेता देवेश कौशिक ने इस नेक पहले के लिए प्रेरित किया और टीम को आमंत्रित कर ये पुण्य कार्य कराया। सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए संस्था ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को गर्म जर्सियां प्रदान कीं।

कार्यक्रम की शुरुआत सभा की अध्यक्ष रेणु भारद्वाज द्वारा की गई। इसके बाद सभा की सभी महिला सदस्यों, संतोष शर्मा, मीरा शर्मा, दीप्ति शर्मा, दीप्ति पाराशर, अंजू शर्मा,श्वेता कौशिक, निधि, दीपाली कौशिक, सीमा वशिष्ठ, शैल कौशिक और जयश्री दूबे ने क्रमवार बच्चों को जर्सियां वितरित की। जर्सी पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर वार्ड के सभासद एवं भाजपा नेता देवेश कौशिक भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलशाद अहमद तथा शिक्षा मित्र श्रीमती मौसम ने कार्यक्रम में भरपूर सहयोग दिया और इस पहल की सराहना की। सभासद देवेश कौशिक ने महिला ब्राह्मण सभा की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवा का यह मॉडल अन्य संगठनों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सहयोग की भावना को प्रबल करते हैं। सभा की अध्यक्ष रेणु भारद्वाज ने बताया कि संस्था का गठन दो वर्ष पूर्व सामा. जिक एकजुटता और सहयोग के उद्देश्य से किया गया था। तब से लेकर अब तक संगठन द्वारा कई सामाजिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि संस्था शीघ्र ही एक जरूरतमंद परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग करने जा रही है। इसके अलावा अन्य




विद्यालयों में भी जल्द ही गर्म कपड़ों और आवश्यक सामग्री के वितरण की योजना पर कार्य हो रहा है। उन्होंने इस कार्य के लिए प्रेरित करने हेतु वार्ड सभासद देवेश कौशिक तथा उनकी पत्नी शैल कौशिक का आभार जताया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय परिसर उत्साहपूर्ण माहौल से भर गया, जहाँ बच्चों की मुस्कान और महिलाओं की सामाजिक प्रतिबद्धता ने संवेदनशील समाज निर्माण की तस्वीर को और सुदृढ़ कर दिया।

## कांग्रेसियों ने किया आयरन लेडी की उपलब्धियों का बखान

**मुजफ्फरनगर।** जिला कांग्रेस और नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भगत सिंह रोड स्थित कांग्रेस के मुख्य कार्यालय पर भारत रत्न प्राप्त,आयरन लेडी के नाम से मशहूर देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मनाई।'

स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया और संचालन जिला महासचिव रिज़वान अहमद सिद्दीकी ने किया। मुख्य वक्ताओं में जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया, सलमान सईद, कमल मित्तल, मनोज चौधरी, विनोद गुर्जर, रिज़वान अहमद सिद्दीकी, अफसाना अंसारी, सगीर मलिक, विनोद धीमान, हर्षवर्धन त्यागी, मोहम्मदअज़ीम सिद्दीकी, ममनून अंसारी, आरिफ अंसारी, मोहम्मद अज़ीम सिद्दीकी आदि वक्ताओं ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी के द्वारा किए गए कार्यो पर विस्तार के साथ रोशनी डाली। जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया, सलमान सईद, ममनून अंसारी एडवोकेट, कमल मित्तल, मनोज चौधरी, रिज़वान अहमद सिद्दीकी, विनोद गुर्जर, अफसाना अंसारी, हर्षवर्धन त्यागी, मोहम्मद अज़ीम सिद्दीकी, विनोद धीमान, आरिफ अंसारी, रिजवान, मोहसिन आदि शामिल रहे।

## सघन दोपहिया वाहन चेकिंग, बाजार में अफरातफरी

**मीरपुर।** पुलिस ने कस्बे के मुख्य बाजार में अचानक एक सघन दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के बीच हड़कंप मचा दिया। पुलिस ने मुख्य चौराहे पर आने-जाने वाले वाहन की बारीकी से जांच की। नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के चालान काटे गए। कस्बे के व्यस्तम क्षेत्र में अचानक पुलिस की कार्रवाई को देखकर कई दोपहिया वाहन चालक दूसरे रास्तों की ओर मुड़ गए, जिससे बाजार में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह का चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पंजाब नेशनल बैंक में किसान का थैला काटकर 50 हजार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पंजाब नेशनल बैंक, थानाभवन शाखा में कृषि कार्ड में धनराशि जमा कराने पहुंचे किसान का थैला अज्ञात चोरों ने काट लिया। हड़बड़ी और भीड़ का फायदा उठाते हुए चोर 50 हजार रूपए की रकम लेकर फरार हो गए। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना भवन क्षेत्र के गांव मंटी हसनपुर निवासी किसान रामपाल पुत्र किसन सिंह ढाई लाख रूपए अपने कृषि कार्ड में जमा कराने के लिए बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे थे। बैंक के अंदर फॉर्म भरने के बाद जैसे ही वह कैश काउंटर पर पहुंचे, अव्यवस्था के चलते वहां भारी भीड़ और अफरा-तफरी का माहौल था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने रामपाल के थैले को ब्लेड से काटकर उसमें रखी 500 रूपए के नोटों की एक गड्डी (कुल 50,000 रूपए) निकाल ली और मौके से फरार हो गया।घटना का पता चलने पर किसान ने तुरंत थाना भवन पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने किसान की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुआल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, पिता की मौत, पुत्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाइवे पर ग्राम मवी के निकट पुआल से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्राली पर बैठे अधेड़ व्यक्ति की पुआल के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर को चला रहा उसका पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा है।

बुधवार तड़के क्षेत्र के गांव भूरा निवासी यासीन (52) अपने पुत्र आसिफ के साथ में हरियाणा से ट्रैक्टर-ट्राली में पुआल भरकर कैराना आ रहे थे। यासीन ट्राली के ऊपर बैठा था, जबकि आसिफ ट्रैक्टर चला रहा था। इसी दौरान करीब 2:15 बजे ग्राम मवी से गुजर रहे नेशनल हाइवे पर बने फ्लाईओवर के निकट पुआल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली पर सवार दोनों पिता-पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पर यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा हादसे में घायल दोनों लोगो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल यासीन को मृत घोषित कर दिया। ट्रैक्टर चला रहे आसिफ के हाथ में भी गम्भीर फैक्चर बताया जा रहा है। मृतक व्यक्ति छह बच्चों का पिता बताया जा रहा है, जिनमें से तीन पुत्र व तीन पुत्रियां शामिल है। हादसे में अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। परि. जनों ने गमगीन माहौल में बिना किसी कानूनी कार्यवाही के ही मृतक व्यक्ति को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। वहीं, यमुना ब्रिज पुलिस चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि हादसे में पुआल की ट्राली पर बैठे एक 52 वर्षीय की मौत हुई है, जबकि ट्रैक्टर चला रहा उसका पुत्र घायल हुआ है। परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के ही मृतक के शव को अपने साथ ले गए है।

# युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के अचानक लापता होने से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। परिजनों ने रिश्तेदारी और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका।मंगलवार को युवती रहस्यमय हालात में घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों के अनुसार जब युवती काफी देर तक घर नहीं लौटी तो उन्होंने आसपास और सगे-संबंधियों के यहां खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी हाथ नहीं लगी।काफी प्रयासों के बाद भी युवती का पता न चलने पर उसके भाई ने थाना भवन पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश के लिए टीम गठित कर संभावित स्थानों पर छानबीन की जा रही है। साथ ही तकनीकी सर्विलांस की मदद से हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। युवती के अचानक लापता होने से परिवार में गहरी चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा करने और युवती को सुरक्षित बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# सुबह खेत पर बड़ा हंगामा-किसान की गन्ने की फसल काट ले गए ग्रामीण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी गांव के एक किसान की गन्ने की खड़ी फसल को जबरन काट ले जाने का मामला चर्चा में है। पीड़ित इस्तकार पुत्र सरजीत निवासी ग्राम भडी ने चौसाना चौकी पर दी तहरीर में बताया कि उसकी खसरा संख्या 505 की पैतृक भूमि पर बोई गई गन्ने की फसल को मंगलवार सुबह करीब 9 बजे गांव के ही सतपाल पुत्र मुकंदा, दलबीर पुत्र मुकंदा, संजोग पुत्र सतपाल, रिंकू पुत्र मांगा और बेदा पुत्र खिला सहित कई लोगों ने मिलकर काट लिया। आरोप है कि आरोपी फसल के कुछ हिस्से को अपने साथ ले भी गए। इस्तकार के अनुसार, जब उसे घटना की जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंचा, जहां काफी मात्रा में गन्ना कटा हुआ पड़ा था और उसने आरोपियों को रोकने का प्रयास भी किया। किसान ने मांग की है कि खेत में हुई इस जबरन कटाई पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। फिलहाल पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

# ग्राम न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का दसवें दिन धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील में ग्राम न्यायालय को लेकर अधिवक्ता लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं हो पा रही है जिसे लेकर दसवें दिन भी अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखते हुए धरना प्रदर्शन कर मुख्यमन्त्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा।





तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ता लगातार आंदोलन कर रहे हैं इस संबंध मे अधिवक्ताओं ने जिलाधिक. ारी अरविंद चौहान से मिलकर भूमि उपलब्ध कराने की मांग की थी अधिवक्ताओं का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा भूमि उपलब्ध कराने से मना कर दिया। जिसको लेकर तहसील बार एसोसिएशन के आ]वान पर अधिवक्ता दस दिन से हड़ताल कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील में रजिस्ट्री कार्यालय भी अस्थाई रूप से चल रहा है तथा पूर्ति कार्यालय भी लेकिन ग्राम न्यायालय को अस्थाई रूप से चलाने की अनुम. ति नहीं दी जा रही है जब तक तहसील कार्यालय में ग्राम न्यायालय की स्थापना नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन को क्षेत्र के सामाजिक संगठन भी समर्थन व्यक्त कर रहे हैं इससे पूर्व अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निवारण परिषद के महासचिव तेजपाल गुर्जर ने भी अधिवक्ताओं के साथ संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन में भाग लेने की घोषणा की उन्होंने अधिवक्ताओं की जायज मांग में क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। धरना प्रदर्शन में अनुज वशिष्ठ, जोगिंदर, राजपाल सैनी, धर्मवीर सिंह, कुशल पाल, सचिन खोड समा, मित्र पाल, संदीप, मास्टर मोहर सिंह, राकेश कुमार,सम्राट सिंह, अंकित,सुलेन्द्र, नवीन सरोहा, सतीश कुमार आदि रहे।

## एक नजर

### एसएन इण्टर कॉलिज में महिला अधिकारों की जगाई अलख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मिशन शक्ति की टीम ने एसएन इण्टर कॉलिज में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। बुधवार को मिशन शक्ति की टीम कस्बे के मोहल्ला आलकलां में स्थित एसएन इण्टर कॉलिज में पहुंची। जहां पर टीम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ में कम्युनिकेशन किया। टीम का नेतृत्व कर रही मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निरीक्षक पिंकी गोस्वामी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में पता होना चाहिए। ऐसा होने पर ही उन्हें समाज में बराबरी का हक मिल सकेगा। उन्होंने छात्रों को भी महिलाओं के प्रति अपने .ष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाए जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य रवि मित्तल, एसआई चन्द्रशेखर, हेड कांस्टेबल प्रिंस, सनोज व स्वाति आदि मौजूद रहे।

### रक्षि कोरी, वंदना, ने जीता कोन रेस का खिताब

100 मीटर दौड़ में इब्राहिम और यश ने सबको पछाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे स्थित एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक व माध्यमिक स्तर के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत माध्यमिक वर्ग की कोन रेस से हुई, जिसमें रक्षि कोरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वंदना द्वितीय तथा मानवी तृतीय रहीं। लॉन्ग जंप में शताक्षी प्रथम, सुमैया द्वितीय तथा छवि तृतीय रहीं। स्किपिंग प्रतियोगिता में सिया प्रथम, अवि व राधिका संयुक्त रूप से द्वितीय तथा विप्रा तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ में इब्राहिम प्रथम, यश द्वितीय तथा कृष्णा तृतीय रहे। खो-खो प्रतियोगिता में भगत हाउस प्रथम तथा कलाम हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। वर्ग 6 से 8 बालिका वर्ग की म्यूजिकल चेयर में इशिका प्रथम, सना द्वितीय तथा अवि सरोहा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के समापन पर प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने विजेता छात्रों को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन लोक. ेश तोमर, रविन्द्र, आकाश तोमर, सुमित चौहान, भुज्वीर सिंह, पंकज गर्ग, विनय, अलका सैनी, लोकेश शर्मा, अजय लाठर, विनय शर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# एक लाख के इनामी फैसल की मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गत 23 अक्टूबर को थाना झिंझाना क्षेत्र में जनपद पुलिस और बदमाशों के बीच हुई कथित सशस्त्र मुठभेड़ में एक लाख रूपए के इनामी बदमाश फैसल उर्फ शाहफैसल की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। जिला मजिस्ट्रेट शामली ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी ऊन को जांच अधिकारी नामित किया है। मृतक की पहचान फैसल उर्फ शाहफैसल पुत्र अकील उर्फ अकील अहमद, निवासी मोहल्ला खादरवाला थाना खालापार मुजफ्फरनगर तथा मूल निवासी गली नंबर 4, समर गार्डन, फतेउल्लापुर, थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई थी। उप जिलाधिकारी ऊन के अनुसार मुठभेड़ के सभी तथ्यों की मजिस्ट्रियल जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई तथ्यात्मक जानकारी, साक्ष्य या बयान उपलब्ध हो, तो वह उप जिलाधिकारी न्यायालय, तहसील ऊन में उपस्थित होकर अपना लिखित या मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# कस्बा निवासी आजाद की गिरफ्तारी के बाद खुफिया विभाग सक्रिय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गुजरात एटीएस द्वारा आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में कस्बा निवासी आजाद की गिरफ्तारी के बाद से खुफिया विभाग की टीम लगातार उसके परिजनों से पूछताछ कर रही है। करीब 10 दिन से खुफिया विभाग की टीम कस्बे में डेरा डाले हुए है और हर रोज नए सुराग जुटाने का प्रयास कर रही है। बुधवार को भी खुफिया विभाग के अधिकारियों ने आजाद के घर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की। ज्ञात हो कि 9 नवंबर को गुजरात एटीएस ने आतंकी गतिविधियों के आरोप में कस्बे के आजाद को गिरफ्तार किया था। आजाद की गिरफ्तारी के बाद से उसके परिजन भी खुफिया विभाग की रडार पर हैं और अधिकारी समय समय पर उनसे पूछताछ करते रहते हैं। बुधवार को खुफिया विभाग की टीम आजाद के घर पहुंची और उसके भाई शहजाद से पूछताछ की। टीम ने परिजनों से गुजरात जाकर आजाद से मुलाकात के संबंध में भी सवाल किए। इस पर परिजनों ने बताया कि आर्थिक व्यवस्था होने पर वे गुजरात जाकर आजाद से मुलाकात करेंगे।

# शूटिंग बाल चैंपियनशिप का ट्रायल 23 नवंबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली शूटिंग बॉल एसोसिएशन के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि 44वी जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य पुरुष व महिला शूटिंग बाल चैंपियनशिप के लिए राजकीय इंटर कॉलेज लिलौन शामली में 23 नवंबर को सुबह 9 बजे ट्रायल होगा। ट्रायल से चयनित खिलाड़ी 25 नवंबर को सन शाइन कॉलेज आफ होम्योपैथिक फार्मेसी निनाना बागपत में शूटिंग बॉल फर्स्ट जॉन के लिए प्रतिभा करेंगे। जो टीम जॉन पर प्रथम द्वितीय या तृतीय आएगी वह 44वी जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बाल स्टेट के लिए 6-7 दिसम्बर को एसडी पब्लिक स्कूल राजनगर एक्सटेंशन जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में प्रतिभा करेंगे।

# रेडक्रॉस सो. के प्रदेश कोषाध्यक्ष ने किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रेडक्रॉस सोसाएटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष डा. अरूण सिंह ने जनपद शामली में गतिविधियों को बढावा देने के लिए दौरा किया। इस दौरान उन्होने जिला संयुक्त चिकित्सालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और टीबी रोगियों को खादय किट प्रदान की। रेडक्रॉस सोसाएटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष डा। अरूण सिंह गत मंगलवार देर रात्रि नोएडा, गाजियाबाद का दौरा करने के बाद शामली पहुंचे।उन्होने जिला अस्पताल में आयोजित रेडक्रॉस सोसाएटी के कार्यक्रम का मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान जिले के रेडक्रॉस सोसाएटी के चेयरमैन कुशांक चौहान ने पूरे वर्ष किए गए कार्यो का ब्योरा रखा। उन्होने बताया कि किस प्रकार सोसाएटी द्वारा असहाय लोगों की मदद की गई। डा। अरूण सिंह ने जिले में गतिविधयों को और अधिक बढाया जाए और मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान जिले में रेडक्रॉस सोसाएटी का भवन न होने पर डा। अरूण सिंह ने जल्द ही भवन तैयार कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाएटी के 15 नए सदस्ए शामिल हुए। तत्पश्चात सोसाएटी द्वारा गोद लिए 23 टीबी रोगियों को खादय किट प्रदान की गई। इस अवसर पर सचिव डा। अथर जमील, वाईस चेयरमैन हरिओम पाठक, कोषाध्यक्ष डा। रश्मिकांत जैन, आलोक चौहान एडवोकेट, पंकज गुप्ता, प्रभात भार्गव, डा। अक्षय कुमार, वंश दीवाना, अर्जुन वर्मा, विपिन चौहान, सुरेन्द्र चौहान, बीना अग्रवाल, डा। गुंजन चौधरी, अफसरून, डा। नदीम आदि मौजूद रहे।









# युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप

**थानाभवन।** थाना भवन थाना क्षेत्र के ग्राम हिंड फतेहपुर निवासी समसीदा पत्नी महफूज ने थाना भवन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र सोंटा, रसूलपुर स्थित एक कोल्हू में काम करता है। मंगलवार शाम जब उसका पुत्र खाना खा रहा था, तभी शारुख, मारूफ, सुल्तान, असलम पुत्रगण फारूक तथा छोटू पुत्र रामनिवास और नाजरीन पत्नी असलम वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसके पुत्र के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। समस. ीदा ने तहरीर में बताया कि उसकी एक पुत्री घर पर रहती है। आरोपियों ने उसके घर जाकर भी गाली-गलौज की तथा पत्थरबाजी की। पीड़िता ने आशंका जताई है कि उसके पुत्र के साथ किसी प्रकार की अनहोनी हो सकती है। यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके जिम्मेदार यही लोग होंगे।

# स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही स्व इंदिरा गांधी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। वैभव गर्ग ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि स्व इंदि. रा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

बुधवार को पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस ओमप्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। सम्मानित कांग्रेसजनौं ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लौह महिला इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि जमींदारी प्रथा उन्मूलन, हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, बांग्लादेश की मुक्ति उनके ऐसे फैसले थे। जिनके लिए जब तक यह दुनिया और दुनिया का इतिहास हैं। देश उन्हें सम्मान के साथ याद करता रहेगा। स्व। इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद करके उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यकर्ताओं ने केक काटा और एक दूसरे को मिष्ठान भी वितरित किया। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में देश ने तरक्की के नई इबारत लिखी। इस दौरान कांग्रेसियों ने केक काटा और मिठाई वितरित की। इस अवसर पर प्रवीण तरार, वैभव गर्ग, ज्योति प्रसाद शर्मा, आदेश कश्यप, डा। पाल सिंह, विनोद कुमार अत्री, शेखरपाल, सुरेश पाल सैनी, मास्टर नरेन्द्र सिंह, बिजेन्द्रपाल वर्मा, रविन्द्र मुखिया आदि मौजूद रहे।

**कैराना।** कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का 108वां जन्मदिन जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान के गांव पंजीठ स्थित आवास पर धूमधाम से मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री की उपलब्धियों का बखान करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर आज के समय में इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री होती तो पाकिस्तान छोड़िए, अमेरिका भी थर-थर कांपता। उनके साहस, संकल्प व दूरदर्शिता के चलते उन्हें राजनीति के क्षेत्र में आयरन लेडी के खिताब से नवाजा गया था। जिला उपाध्यक्ष शमशीर खान ने कहा कि इंदिरा के प्रधानमंत्री रहते हुए दुनिया के किसी देश को भारत को आंख दिखाने की हिम्मत नही हुई। उन्होंने 1971 में पाकिस्तान के दो टुकड़े कराकर दुनिया को अपने फैसले व इच्छाशक्ति से रूबरू कराया था। आज सम्पूर्ण देश इन्दिरा गांधी को श्रद्धा के साथ में नमन कर रहा है। इस अवसर पर आदिल अंसारी, जावेद अहमद, इब्राहिम सिद्दीकी, सुहैब खान, कारी जुलफान, साबिर, अलीम आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के कांग्रेसजनो ने देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री रही स्व इंदिरा गांधी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई। कांग्रेसियों ने विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि स्व इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। बुधवार को पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस ओमप्रकाश शर्मा के कैम्प कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि जमींदारी प्रथा उन्मूलन, हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, बांग्लादेश की मुक्ति उनके ऐसे फैसले थे। जिनके लिए जब तक यह दुनिया और दुनिया का इतिहास हैं। देश उन्हें सम्मान के साथ याद करता रहेगा। स्व। इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद करके उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यकर्ताओं ने केक काटा और एक दूसरे को मिष्ठान भी वितरित किया। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में देश ने तरक्की के नई इबारत लिखी। इस दौरान कांग्रेसियों नें केक काटा और मिठाई वितरित की। इस अवसर पर प्रवीण तरार, वैभव गर्ग, ज्योति प्रसाद शर्मा, आदेश कश्यप, डा। पाल सिंह, विनोद कुमार अत्री, शेखरपाल, सुरेश पाल सैनी, मास्टर नरेन्द्र सिंह, बिजेन्द्रपाल वर्मा, रविन्द्र मुखिया आदि मौजूद रहे।

# सुंदर कांड सत्संग में किए प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** प्राचीन मंदिर भगवान जगन्नाथ जी बाला जी धाम मे अन्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई द्वारा मंगलवार देर सायं आयोजित सुंदर कांड सत्संग में संस्था की नगर अध्यक्ष रश्मि गर्ग ने कहा एक जीवन को पूर्ण करने के लिए आपको प्राप्त करना ही नहीं अपितु त्यागना भी है। और आत्म-चिन्तन के बाद क्या प्राप्त करना है और क्या त्याग करना है ? यह भी आप सहज ही समझ जाओगे। एक फूल को सबका प्रिय बनने के लिए खुशबू तो लुटानी ही पड़ती है। संसार से दूर भागकर कभी भी परमात्मा को नहीं पाया जा सकता है। संसार को समझकर ही भगवान् को पाया जा सकता है। जगत में कहीं दु:ख, अशांति, भय नहीं है। यह सब



तो तुम्हें अपने मनमाने आचरण, असंयमता और विवेक के अभाव के कारण प्राप्त हो रहा है। पदार्थ सुख नहीं देते अपितु परमार्थ सुख देता है। सत्य समझना अगर पदार्थों में सुख होता तो जिनके पास पदार्थों के भण्डार भरे पड़े हैं, वे ही लोग दुनियां के सबसे सुखी लोग होते। सुदामा जैसे ब्राह्मण को भागवत ग्रन्थ कभी भीश प्रशान्तात्माश जैसा शब्द प्रयोग नहीं करता। दिल में किसी के भी प्रति बुराई रखकर मौन रहने की अपेक्षा नाराजगी व्यक्त करते हुए कुछ शब्द कह देना ज्यादा बेहतर है, उससे वजह भी साफ हो जाएगी और सुलह के दरवाजे भी खुल जाएंगे। उन्होने प्रकृति के विषय मे कहा यह प्रकृत्ति मनुष्यों की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है लेकिन लालच पूरा करने के लिए नहीं। अति लालच और व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए प्रकृत्ति के साथ छेड़छाड़ करना प्रकृत्ति के महा कोप का निमित्त बनना भी है। शिल्पी अग्रवाल दीपिका अग्रवाल किर्ती दीपा तायल पूजा जैन नेहा गोयल सोनिया गर्ग अनिता गोयल आदि मौजूद रही।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13.12.2025 के परिप्रेक्ष्य में पदाधिकारियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु आज बैठक आहुत की गई, जिसकी अध्यक्षता मती ऋतु नागर, (प्रभारी नोडल अधिकारी लोक अदालत) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय शामली, द्वारा की गई, जिसमें सुरेन्द्र कुमार राय, अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजा. ति अत्याचार निवारण अधिनियम, शामली, आंचल कसाना, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली, जय प्रकाश बिजली विभाग, वीके के चंदेल मण्डी समिति अनिल कुमार नगर पालिका, शामली, सुदेश भारती बाल विकास परियोजन, मौ. मुशफेकीन जिला प्रोबेशन आधिकारी, अतुल चौधरी बाटमाप विभाग, शामली आदि उपस्थित रहें। आयोजित बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया।

# गैंगस्टर की 2.86 लाख की अवैध संपत्ति कुर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपराध से अर्जित अवैध धन-संपत्ति के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सहारनपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के तहत गैंगस्टर अब्दुल रहमान उर्फ रहमान कुरैशी की कुल 2,86,500 की अवैध संपत्ति कुर्क कर ली।



पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर में मु.अ. सं. 51/25 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम तथा प्रभारी निरीक्षक/विवेचक नेमचंद सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। कुर्क की गई संपत्ति अचल संपत्ति:- आवासीय प्लॉट संख्या 1237/2019, क्षेत्रफल 33.33 वर्ग गज, एकता कालोनी, थाना कुतुबशेर मूल्य 2,57,000, चल संपत्ति:- स्कूटी होंडा एक्टिवा, मूल्य 29,500 कार्रवाई में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम के साथ तहसीलदार एवं राजस्व टीम भी शामिल रही।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराध से अर्जित अवैध संपत्ति पर ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# बेहट व छुटमलपुर में चलाया महिला सशक्तिकरण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** थाना बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी के नेतृत्व मे एंटी रोमियो टिम ने कस्बे के,बाजारों व क्षेत्र के गावो मे जाकर में महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0, राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा की जानकरी महिला उपनिरीक्षक मनोरमा चौधरी महिला हेड कांस्टेबल मीनाक्षी व महिला हेड कांस्टेबल , सुनील त्यागी द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारी महिलाओं एवं छात्राओं को दी गई व उनकी समस्या के बारे मे जानकारी ली गई।





टीम के सदस्यों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन, सुमंगला योजना बाल कल्याण योजनाओं ,बाल मजदूरी न कराने और गुड टच और बैड टच आदि के बारे में भी बताया गया। इस के साथ ही महिलाओं की सुरक्षा एवं समस्याओं को लेकर चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर ,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 1930 ,साइबर अपराध 108, एंबुलेंस सेवा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड , फ्राड कॉल अनचाहे लिंक पर क्लिक न करने, आदि से बचने की जानकारी दी गई व साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। टीम द्वारा बाजारों मे संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चौकिंग करने के साथ साथ उन से से पूछताछ कर हिदायत दी गई और बैंक कोई संदिग्ध व्यक्ति न हो इस को लेकर सीसीटीवी कैमरे चेक किये गए।

**छुटमलपुर।** महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 05 के तहत महिलाओं को उनकी सुरक्षा तथा सायबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया गया।

सोमवार को मिशन शक्ति प्रभारी मिथिलेश राठौर द्वारा नगर के इंटर कॉलेज मुख्य चौराहों पर बालिकाओं वह महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा पुरुषों को डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान एंटी रोमियो प्रभारी मिथिलेश राठौर ने महिलाओं वह बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, वूमेन पावर लाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर आदि की जानकारी देते हुए पम्पलेट भी वितरित किये।

# महारैली में करें अधिक भागेदारी: ताबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** आजाद समाज पार्टी की संवैधानिक अधिकार बचाओ, भाईचारा बनाओ महारैली को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में ताबिश एडवोकेट ने बेहट विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और रैली में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।



ताबिश एडवोकेट ने बताया कि महारैली संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है और यह रैली उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर युवाओं, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों से संवाद किया। ग्रामीणों ने भी ताबिश एडवोकेट के इस अभियान का स्वागत करते हुए महारैली में शामिल होने का भरोसा दिया। ताबिश एडवोकेट ने कहा कि बेहट विधानसभा से बड़ी संख्या में भीड़ पहुंचेगी, जिससे रैली को शक्ति और नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष पंकज बोध, विधानसभा महासचिव गौरव कुमार, विधानसभा प्रभारी मुकर्रम मलिक, रवींद्र कुमार, नीरज कुमार, मोहम्मद, साहिल, कारी नफीस आदि मौजूद रहे।

# हाफिज उवैस ने भरवाए एसआईआर फार्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजसेवी हाफिज मुहम्मद उवेस के साथ साथ पूरी टीम ने वार्ड नंबर 46 में कैम्प लगाकर भारी संख्या मे लोगो के फार्म भरवाये।



जमियतुल हुफफाज के अध्यक्ष हाफिज मुहम्मद उवेस ने कहा कि जो यह एसआईआर का कार्यक्रम चल रहा हे इसे हलके मे ना लेकर गम्भीरतापूर्वक मुकम्मल कराये क्यूंकि यह फकत वोट नही हे बल्कि यह एनसीआर-जीएस हिन्दोस्तानी होने का प्रमाण हे सबूत है। उन्होंने कहा कि इसे पूरी लगन के साथ अपने अपने इलाको मे तेजी के साथ मुकम्मल कराये।

इस दौरान शुएब आलम, जुबैर आलम, साहिल मलिक, शाहजैब फननू, मकबूल कुरेशी, कुर्बान सलमानी, बिलाल अहमद, फैज तकी, परवेज मलिक आदि मौजूद रहे।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा एक वांछित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे एक वांछित आरोपी को दबा. चकर उसके कब्जे से 2700 रूपए की नगदी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार वादी की लिखित तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ ई-रिक्शा की बैटरी चोरी करने का मुकदमा वांछित धाराओं में दर्ज किया गया था। मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक जगपाल सिंह ने मुकदमा उपरोक्त में चोरी के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी जुनैद पुत्र फैय्याज निवासी मौहल्ला कोटला कस्बा अम्बेहटा पीर थाना नकुड़ को मंडी समिति क्षेत्र के गोदाम के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2700 रूपए की नगदी बरामद कर ली।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की मनाई जयंति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आजाद भारत की तृतीय एवं देश की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर आज महानगर कांग्रेस कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसजनों ने श्रीमती गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने अपने संबोधन में श्रीमती गांधी को लौह महिला की संज्ञा से संबोधित करते हुए कहा की इंदिरा गांधी ने सन 1971 की लड़ाई में जब पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश के निर्माण का आदेश भारतीय सेना को दिया, तब उन्होंने अमेरिका जैसी वैश्विक शक्तियों को भी घुटनो पर ला दिया था। उन्होंने अमेरिका के दबाव को नजअंदाज करते हुए पाकिस्तान के विरुद्ध लड़ाई जारी रखी और एक आजाद मुल्क बांग्लादेश की घोषणा कर विश्व का नक्शा बदल दिया था। पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने इंदि. रा जी के कार्यों को याद करते हुए उनके बैंकों के राष्ट्रीयकरण के फैसले का जिक्र किया पिछड़ा वर्ग के प्रदेश पदाधिकारी अशोक सैनी व पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने इंदिरा जी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें नमन किया। अशोक सैनी ने कहा कि आज इंदिरा जी की विचारधारा और नीतियों का अनुसरण करके ही हम देश के स्वाभिमान की रक्षा कर सकते हैं। कार्यक्रम में सेवा दल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, जिला उपाध्यक्ष सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अनुज शर्मा, हरिओम मिश्रा, इकराम खान, मयंक शर्मा, संजय यादव, विपिनक. ांत शर्मा, जमाल अहमद, विक्की कुमार, राकेश वर्मा, गुलफाम अंसारी, रवि कुमार, एस बी शर्मा, मोहम्मद सलमान, राजेश कुमार, अनूप ठकराल, राज साहनी, शाहाबाद अली आजाद सलीम मलिक, आसिफ खान, नसीब खान अभिषेक बड़ी संख्या में कांग्रेस में उपस्थित रहे।

महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन खलासी लाइन क्षेत्र में भी किया गया । जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने एकत्रित होकर श्रीमती इंदिरा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए । कार्यक्रम में कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष श्वेता सैनी, रेखा धीमान, रीटा बब्बर, कार्यक्रम संयोजक शर्मिष्ठा सिंह, नीना जैन, उपमा सिंह, मोनिका जैन, शहनाज बेगम आदि उपस्थित रही ।

# तमीम मिस्टर व स्नेहा मिस फ्रेशर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** वेबटेक कालेज फतेहपुर ढोला में प्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें नवांगतुक छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।



कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अरुण कुमार व अनुराग चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर की। डिंपल व गुंजन ने गणेश वंदना, आरती व खुशी ग्रुप के सरस्वती वंदना, गुड्डन, खुशी, आंचल, तानिया, तनु, पारुल, जिया व कपिल का नृत्य सराहा गया। तमीम व खुशी की शायरी पर भी खूब तालियां बजी।

मोहनी व मानवी द्वारा आकर्षक ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों को पुरुस्कार दिये गए। मिस्टर फ्रेशर तमीम व मिस फ्रेशर स्नेहा बनी। एमडी संजीव कुमार ने छात्रों को बधाई दी।

## जिला नगरीय विकास अभिकरण ( डूडा )

नुमाईश कैम्प, निकट पानी की टंकी, सहारनपुर-247001

ई-मेल - dudasre@gmail.com

पत्रांक: 711 / डूडा/निविदा/2025-26 दिनांक:- 18/11/2025

**ई-निविदा सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर द्वारा वर्ष 2025-26 में मा. विधायक निधि एवं मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत जनपद सहारनपुर की विभिन्न विकास खण्ड एवं नगर निकायों में इण्टरलॉकिंग सड़क / सी.सी. रोड/नाली निर्माण आदि कार्यों की निविदायें राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से (डूडा की श्रेणी ए, बी, सी की सीमा के अन्तर्गत) वेबसाइट etender.up.nic.in पर ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा के साथ निर्धारित जमानत धनराशि एवं टेण्डर मूल्य ड्राफ्ट परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर (PO DUDA-SAHARANPUR)" के पक्ष में कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण, सहारनपुर में रखे टेण्डर बॉक्स में दिनांक 02 दिसम्बर, 2025 को समय 12:00 बजे तक डाले जाने अनिवार्य है। विस्तृत शर्ते, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Reference | 711 /DUDA-MLA(2025-26) |
| Publish Date and time for tender | Date: 20 Nov 2025 - 12:00PM |
| Last Date time for submission of E-Bids | Date: 01 Dec 2025 - 05:00PM |
| Date and time of opening bids | Date: 02 Dec 2025- 04:00 PM |
| Palace of opening of E-bids | DUDA Office-Saharanpur |
| E-Bids security of-Bids | 10% Security of tender value |
| E-tender Documents Processing | As per tender list |

नोट :- बिना धरोहर राशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

**डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी**
**जिला नगरीय विकास अभिकरण,**
**सहारनपुर।**

## 22 को निकाला जाएगा तिमाही ड्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन मंडी परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना का तिमाही ड्रा 22 नवंबर को निकाला जायेगा।

कृषि उत्पादन मंडी समिति सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत एक अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 तक छमाही के ड्रा मंडलायुक्त द्वारा नामित अपर आयुक्त प्रशासन की अध्यक्षता में मंडी परिषद द्वारा गठित कमेटी के समक्ष 22 नवंबर की दोपहर 12 बजे ड्रा निकाला जायेगा। जो 29 सितंबर द्वारा निर्धारित उपहार ड्रा होगा। मंडी सचिव ने सभी किसानों से आहवान किया है कि वह 22 नवंबर को मानकमऊ आईटीसी रोड स्थित सर्किट हाउस पहुंचकर ड्रा में भागेदारी करे और अपना-अपना उपहार प्राप्त करें।

# जेंडर समानता पर नुक्कड नाटक का मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम घाटहेड़ा के प्राथमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेश कोएलिशन टू एम्पावर गर्ल्स (यूपीसीईजी) के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित करते हुए बाल अधिकार सप्ताह को 'सशक्त नारी, सशक्त समाज' अभियान के माध्यम से मनाया गया।



बुधवार को यूपीसीईजी की सदस्य अस्तित्व सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओ द्वारा कार्यक्रम में महिला शक्ति गीत, नारी सशक्तिकरण भाषण, बाल विवाह, महिला सशक्तिकरण एवं जेंडर समानता पर नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में संगठन की जिला समन्वयक शादाब जहां ने बेटा एवं बेटियों को आगे बढ़ने के समान अवसर देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बाल किशोर कल्याण को बढ़ावा देना, सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं के लिए अधिक सुरक्षित एवं सक्षम स्थानों के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागी उपस्थित रहे। जिन्हें कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचारों तथा आकांक्षाओं को साझा करने का मंच प्रदान किया गया।

इस दौरान रेशमा तथा मिलान बी द चेंज के एसोसिएट डायरेक्टर जावेद अब्बास ने बताया कि षसशक्त नारी सशक्त समाजष अभियान के माध्यम से यूपीसीईजी सरकारी विभागों तथा स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर समुदाय स्तर पर बालिका सशक्तिकरण एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि मिलान बी द चेंज एक गैर लाभकारी संस्था है जो कि वंचित समुदायों की किशो. रियों को सशक्त बनाने के लिए कार्यरत है।

# चार माह में 62 जिला बदर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीश तिवारी के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा 1 जुलाई से 19 नवम्बर तक चलाए गए अभियान में संगठित अपराध, मादक पदार्थ तस्करी, लूट, डकैती व गौकशी जैसे जघन्य अपराधों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की गई। चार माह में 62 अपराधियों को जिला बदर किया गया।

जनपद में सक्रिय संगठित अपराधियों पर आर्थिक प्रहार करते हुए गैंगस्टर अधिनियम में कुल 14 अभियोग पंजीकृत किए गए, जिनमें 78 अपराधियों को चिन्हित किया गया। धारा 14(1) के अंतर्गत निम्न संपत्तियां जब्त की गई, लूट से अर्जित संपत्ति 68,85,000, गौकशी से संबंधित संपत्ति 2,86,500, पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों की आर्थिक रीढ़ पर प्रभावी चोट पहुंची है।

गुण्डा एक्ट में कड़ा एक्शन अपराधियों को जिला बदर कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और असामाजिक तत्वों की गति. विधियों पर रोक लगाने हेतु 162 अपराधियों पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई, 62 अपराधियों को 06 माह के लिए जिला बदर, इस कदम ने अपराधियों की स्वतंत्र गतिविधियों पर बड़ा प्रतिबंध लगाया है।

संगठित अपराध और जघन्य अपराधों पर विशेष निगरानी की गयी, पुलिस द्वारा इस अवधि में हत्या, लूट, डकैती व गौकशी में सक्रिय गिरोहों पर विशेष अभियान, सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी, निगरानी व निरोधात्मक धाराओं में कड़ी कार्रवाई, थानों द्वारा सतत गश्त एवं चेकिंग, इंटेलिजेंस आधारित ऑपरेशन के माध्यम से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया गया।

## चुनाव की घोषणा

**गंगोह।** दी विद्या प्रचारक सभा गंगोह की प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के सर्वसम्मत चुनाव की घोषणा कर दी गई है।

चुनाव अधिकारी व अंबेहटा के गांधी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार गर्ग द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। जिसके अनुसार कालेज परिसर में हुई चुनाव प्रक्रिया में नामांकन के दौरान तीन पदाधिकारियों व 8 सदस्यों के चयन के लिए 11 लोगों ने ही नामांकन दर्ज किये थे। अब सर्वसम्मत चुनाव परिणाम घोषित करते हुए रघुनन्दन गोयल अध्यक्ष, अनूप कुमार सिंघल सचिव व मुकेश कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में योगेश गर्ग, विकास गर्ग, मनी गोयल, राकेश गर्ग, विशाल जैन, अनुराग गोयल, संजय गर्ग व दिनेश मित्तल को सदस्य बनाया गया।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आरती शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं को छोटे-छोटे रोजगार शुरू कराने हेतु प्रोत्साहन और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत हो सकें और स्वावलंबी बनकर अपने परिवार व समाज को सशक्त कर सकें। जिलाध्यक्ष आरती शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा महिला समूह बनाकर 1,10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है, जिससे महिलाएं अपना छोटा व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि छोटे-छोटे रोजगार आगे चलकर बड़े उद्योग का रूप ले सकते हैं और महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं को ऐसे कई रोजगारों की जानकारी दी गई जिन्हें वे आसानी से शुरू कर सकती हैं, साथ ही प्रशिक्षण की व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से गागलहेड़ी मंडल अध्यक्ष विजेंद्र धीमान, मीडिया प्रभारी हरप्रीत कौर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कविंद्र, मंडल महामंत्री गीता, सुनीता, कमलेश, बिमला, कमलेश्वर, रमेश, आरती समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

सहारनपुर। थाना देहात कोतवाली पुलिस ने अपहरण कर हत्या करने के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार विगत 6 नवम्बर को वादी अशरफ पुत्र अजमत निवासी ग्राम शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात की लिखित तहरीर देकर बताया था कि आरोपी फरमान व सलीम पुत्रगण यासीन, रूकसार पत्नी फरमान, शमीम पुत्र सलीम व अरशद पुत्र दिलशाद निवासीगण रामपुर मनिहारान ने मेरे भाई अमजद का अपहरण कर एक लाख रूपए की फिरौती मांगना तथा गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। जबकि पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मुकदमा उपरोक्त में दो वांछित आरो. पियों सलीम पुत्र यामीन व शमीम पुत्र सलीम को गिरफ्तार किया।

# विजेता नेहल व गौरी को किया सम्मानित

**सहारनपुर।** इंटर स्कूल 6 किमी मैराथन एएमआई रन-एथॉन 3.0 में पदक जीतने पर नेहल व गौरी को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

प्रशिक्षक दीपक शर्मा भगत ने जानकारी देते हुए बताया की इंटर स्कूल 6 किलोमीटर मैराथनएएमआई रन-एथॉन 3.0 का आयोजन 16 नवंबर को किया गया था जिसमे भाग लेकर नेहल ने स्वर्ण पदक व गौरी ने रजत पदक जीतकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया था। मैराथन दौड़ मे नेहल व गौरी के पदक जीतने पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सहारनपुर मंडल ओलम्पिक संघ के सचिव व जिला एथलेटिक्स संघ सहारनपुर के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने नेहल व गौरी को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षक दीपक शर्मा भगत को भी सम्मानित किया। दोनो पदक विजेता खिलाड़ी प्रशिक्षक दीपक शर्मा भगत के निर्देशन मे प्रशिक्षण प्राप्त करती है।

इंटर स्कूल 6 किमी मैराथनएएमआई रन-एथॉन 3.0 में पदक जीतने पर नेहल व गौरी को जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह पुण्डीर, जिला कलारीपयट्टू संघ के सचिव मोहम्मद मुस्तकीम अंसारी, किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ के सचिव मनोज प्रजापति, अमित, कनक, सुमित वैभव, आयुषी, हैप्पी, कोमल, जतिन आदि ने भी शुभकामनाएं दी।

# पदयात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत

## फ्लाईओवर के पिलर पर कई राष्ट्र ध्वज उल्टे फहराते दिखाई देने पर लोगों ने कार्यकर्ताओं से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा रन फोर यूनिटी (पदयात्रा) का आयोजन किया गया। यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और सरदार पटेल अमर रहे के नारे गुंजायमान रहे।

सुल्तानपुर गांव से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से रन फोर यूनिटी पद यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में बांधा। भाजपा उनके

**बच्चों को आयोजनों से रखें दूर : शशीबाला**

भाजपा की पूर्व विधायक शशीबाला पुंडीर ने पद यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चो को शामिल किए जाने पर एतराज जताते हुए जारी अपने बयान में कहा हैं कि भाजपा यात्रा के नाम पर ड्रामा कर रही है। यात्रा के स्वागत के लिए सैकड़ो छोटे छोटे बच्चे घंटो भूखे खड़े रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्कूली बच्चों को दूर रखना चाहिए।

सपनों को पूरा कर रही है। रन फोर यूनिटी के संयोजक बिजेंद्र कश्यप ने कहा कि देश के नवनिर्माण के लिए सरदार पटेल द्वारा किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा। कहा कि यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता को और मजबूत करने वाली है। पद यात्रा सुल्तानपुर से करंजाली और स्टेट हाइवे होते हुए मेला मैदान स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पहुंची, जहां सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दी गई। पद यात्रा में भारत माता और



सरदार पटेल समेत विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता शाामिल रहे।

# वेतन की मांग को लेकर विद्युत संविदाकर्मियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत संविदाकर्मियों ने वेतन न मिलने से नाराज धरना प्रदर्शन करते हुए अधिशासी अभियंता के कार्यालय का घेराव किया। कर्मियों का कहना है कि वेतन न मिलने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विद्युत संविदाकर्मियों ने वेतन की मांग को लेकर दोपहर के समय सांपला मार्ग स्थित बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता के कार्यालय का घेराव किया। कर्मियों का कहना था कि संविदाकर्मियों का वेतन बहुत कम होने के बाद भी कर्मचारियों को समय से वेतन नहीं मिल रहा है। जिस कारण उन्हें परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र पिछले माह का वेतन

**अधिशासी अभियंता के कार्यालय का विद्युत संविदाकर्मियों ने किया घेराव**

दिलाए जाने की मांग की। अधिशासी अभियंता मृत्यंजय शाही ने आश्वा. सन दिया है कि कंपनी के प्रतिनिधि से बात कर शीघ्र निविदा संविदा कर्मचारियों को वेतन निर्गत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राइवेट कंपनी के द्वारा गड़बड़ की जा रही है जिसके कारण संविदाकर्मियों को समय से वेतन नहीं मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों में सोनू कुमार राणा, श्याम पाल, विनोद कुमार, साजिद अली, रघुनाथ पाल आदि कर्मी शामिल रहे।

# सदफ ने महाराजा किशन की साहित्यिक सेवाओं पर किया शोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के उर्दू विभाग की शोधार्थी सदफ नायाब ने हैदराबाद के दो बार के प्रधानमंत्री रहे महाराजा सर किशन प्रसाद शाद यामीन उस सल्तनत की साहित्यिक सेवाओं पर शोध किया है।

नगर के ईदगाह मार्ग स्थित माविया कॉलोनी निवासी सदफ नायाब ने प्रोफेसर खालिद जावेद के निर्देशन में यह शोध कार्य पूरा किया। सदफ नायाब ने अपने शोध कार्य की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि मेरी पीएचडी यात्रा ने मुझे इतिहास की एक दुर्लभ आत्मा से मिलवाया। महाराजा सर किशन प्रसाद एक शासक, एक लेखक और एक पुनर्जागरण पुरुष थे। उनका यह शोध न केवल महाराजा के जीवन और कार्यों का विस्तृत अध्ययन प्रस्तुत करता है, बल्कि उर्दू साहित्य में उनके योगदान को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि महाराजा सर किशन प्रसाद एक दूरदर्शी प्रशासक, उत्कृष्ट कवि और उर्दू साहित्य के समर्थ संरक्षक के रुप में जाने जाते हैं। उनके साहित्यिक प्रयासों ने उर्दू साहित्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया है।

प्रोफेसर खालिद जावेद ने सदफ नायाब के शोध की सराहना करते हुए कहा कि यह शोध उर्दू अदब में एक नई दृष्टि प्रदान करने वाला कार्य है। यह हमें उस युग की सोच और साहित्यिक प्रवृत्तियों के बारे में भी जानकारी देता है, जब महाराजा सर किशन प्रसाद ने अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सदफ नायाब ने शोध



में गहराई और विवेचना की जो इस विषय को भी महत्वपूर्ण बनाती है।

# शुगर मिल ने किसानों का किया भुगतान

**देवबन्द।** त्रिवेणी शुगर मिल ने गन्ना किसानों का अब तक खरीदे गए समस्त गन्ने का भुगतान 11.31 करोड़ रुपये समितियों के माध्यम से किसानों के खातों में भेजा है। त्रिवेणी शुगर युनिट देवबंद के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने बताया कि द्वारा 5 नवम्बर तक खरीदे गए समस्त गन्ने का भुगतान कर दिया गया है। गन्ना भुगतान करने में देवबंद मिले पूरे मंडल में सबसे उच्च स्थान पर है। बताया कि पिछले वर्ष भी मिल ने सबसे ज्यादा देश किसान भाईयों के गन्ने का भुगतान किया था। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि समस्त गन्ना देवबंद मिल को ही आपूर्ति करें जिससे गन्ने का भुगतान निर्बाध रूप से होता रहे।

# नौजवानों को बुराइयों से बचने की जरूरत : खालिद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा चौधर में जलसे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुराइयों से बचने का आह्वान किया गया।

ग्राम करौंदा चौधर स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया तालीमुल कुरआन में आयोजित इस्लाहे मुआशरह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेरठ से आए मौलाना मुफ्ती खालिद ने कहा कि समाज के नौजवानों को बुराइयों से बचने की बेहद जरूरत है।

आजकल नौजवान जुए की लत में पड़ रहे हैं। नशाखोरी की ओर भी युवा जा रहे हैं। उन्हें इन बुराइयों को छोड़कर देश तथा समाज को आगे ले जाने के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का आरंभ तिलावते कुरान व इम्तियाज अजहर बिजनौरी द्वारा



नात ए पाक के द्वारा किया गया। जलसे में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जलसे में कक्षा में प्रथम आए बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में फायजा अनम, सिदरा परवीन, हाफिज मौहम्मद, अल फैज, मौहम्मद अजमल, मौहम्मद अल्तमस आदि शामिल रहे।

जलसे की अध्यक्षता कारी अब्दुल हलीम ने तथा निजामत मुफ्ती सुफियान ने की। जलसे में मुफ्ती अख्लाक कासमी जसपुरी का भी बयान हुआ।

कारी नाजिम कासमी, मौहम्मद नौशाद, मौहम्मद आरिफ कासमी, शाहिद अहमद, इरशाद, सलीम, अंजार आदि मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी की जयंती पर दिखाई एकजुटता

**धामपुर।** ब्लॉक कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाई। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष जसराम सिंह ने किया। नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम नजाकत खां ने संचालन संभालते हुए इंदिरा गांधी के संघर्ष, उनके नेतृत्व और भारत को मजबूत बनाने में दिए योगदान पर प्रकाश डाला। जिला सचिव व धामपुर नगर प्रभारी वसी उर रहमान ने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की रक्षा, एकता और विकास के लिए जो कदम उठाए, वह आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में उदयराज सिंह, लोकेन्द्र चौहान, योगेंद्र कुमार, नईम अहमद, नायब अहमद, कार्तिक चौहान, वसीम रजा (नगर उपाध्यक्ष), मदन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में नगर अध्यक्ष डॉ. नदीम नजाकत खां ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इंदिरा गांधी के आदर्शों और सेवा भाव को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

## स्योहारा में सचल न्यायालय 21 को

**धामपुर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में ग्राम न्यायालय धामपुर द्वारा 21 नवंबर को स्योहारा नगर पालिका परिषद परिसर में सचल न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) का आयोजन किया जाएगा। ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी प्रद्युम्न कुमार मिल ने बताया कि मोबाइल कोर्ट का उद्देश्य लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करना है, ताकि आम जनता को न्याय उनके नजदीक उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि इस सचल न्यायालय में पक्षकार अपने वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर करवा सकते हैं।

# एसडी मैनेजमेंट बीएससी कंप्यूटर साइंस चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर।** आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज बी.एस.सी (कंप्यूटर साइंस) चतुर्थ सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषणा के उपरांत कॉलेज के बीबीए-बीसीए कॉन्फ्रेंस हॉल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्रों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के माननीय प्राचार्य डा. संदीप मित्तल तथा बीसीए व बीएससी (कंप्यूटर साइंस) विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. संदीप मित्तल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कंप्यूटर साइंस जैसे तेजी से विकसित होते क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना स्वयं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. संजीव तायल ने अपने संबोधन में कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और समय प्रबंधन का परिणाम है।

कॉलेज हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करता रहेगा। घोषित परिणामों में प्रथम स्थान प्राप्त किया सुयश शर्मा ने, जिन्होंने 81प्रतिशत अंक हासिल किए। द्वितीय स्थान पर हर्षित शर्मा रहे, जिन्होंने 80.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं तृतीय स्थान रिमिल ने प्राप्त किया, जिन्होंने 76.33 प्रतिशत अंक हासिल किए। तीनों मेधावी छात्र - छात्राओं को मंच पर बुलाकर उनका सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों, शिक्षकों और कॉलेज के प्रेरणादाई वातावरण को दिया । सुयश शर्मा ने कहा कि निरंतर अभ्यास, शिक्षक मार्गदर्शन और विषय के प्रति रुचि ने उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने में मदद की। उन्होंने भविष्य में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा व्यक्त की। हर्षित शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने अध्ययन में अनुशासन, नियमित अभ्यास और कॉन्सेप्ट क्लियर करने पर विशेष ध्यान दिया। वह आगे साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं। तीसरे स्थान पर रही रिमिल ने कहा कि उन्हें कंप्यूटर नेटवर्किंग में गहरी रुचि है और वह आगे एमसीए करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने अपने शिक्षकों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि कॉलेज का सहयोगी माहौल और आधुनिक लैब सुविधाएं हमेशा उनके लिए प्रेरणादाई रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों चंदना दीक्षित, वैभव वत्स, देवेश भारद्वाज, निरंकार शर्मा, हिमांशु शर्मा, मोहित गोयल, हर्षिता, अनुज गोयल, हर्षित, राहुल शर्मा, रॉबिन मलिक, रजत शर्मा, प्रशांत गुप्ता, विनिता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान, लवी वर्मा ने प्रतिभाग किया। समारोह के दौरान कॉलेज परिसर में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। मेधावी छात्रों के अभिभावक भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और अपने बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। समारोह के अंत में बी.सी.ए. व बीएससी कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव त्यागल ने बताया कि इस



वर्ष कॉलेज का परिणाम अत्यंत संतोषजनक रहा, जिसमें 90 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा कि कॉलेज का लक्ष्य छात्रों को न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता प्रदान करना है, बल्कि उन्हें तकनीकी और व्यावहारिक ज्ञान से भी सशक्त बनाना है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास से सामना कर सकें। कार्यक्रम का सफल संचालन मीडिया प्रभारी डॉ। आलोक गुप्ता द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, छात्रों और संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों को नई प्रेरणा मिलती है और वे जीवन में ऊंचे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं।

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का विरोध

**नाराज नागरिकों ने विद्युत अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** बिजली विभाग द्वारा घरों पर लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर से अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने को लेकर मीटर लगाने पहुंची टीम को लोगों का विरोध झेलना पड़ा। वही लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्मार्ट मीटर न लगाये जाने के विरोध मे ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला कोटरा में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का स्थानीय नागरिकों ने जोरदार विरोध किया। इस दौरान मौहल्ले के लोगों ने एकत्र होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा तथा



बिलों में अनियमितता की आशंका भी बनी रहेगी। नाराज मौहल्लेवासियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने और पहले उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई। लोगों ने कहा कि जब तक विभाग पारदर्शी जानकारी नहीं देगा और उपभोक्ताओं की सहमति नहीं लेगा, तब तक मौहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य स्वीकार्य नहीं होगा। इस दौरान निजाम अहमद, नईम अहमद, इमरान मिर्जा, जाहिद मिर्जा, शानू मिर्जा, शहजाद, जुनैद, सभासद सुमामा, नासिर, जावेद अल्वी सहित आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध रकम बैंक खाते में आने से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ऑनलाइन ठगी के मामलों के बीच एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक अंजान संस्था ने धामपुर निवासी हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एन.पी. सिंह के बैंक खाते में करीब एक लाख रुपये की संदिग्ध धनराशि भेज दी। खास बात यह है कि यह रकम लगभग एक वर्ष तक खाते में पड़ी रही, जिसकी जानकारी स्वयं डॉक्टर को भी नहीं थी। मामला तब सामने आया जब उन्होंने हाल ही में अपना बैंक स्टेटमेंट निकलवाया।

डॉ. एन.पी. सिंह ने बताया कि उनका बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक, मंडी शाखा में है। बैंक स्टेटमेंट की जांच करते समय उनके खाते में रांची, झारखंड स्थित रहमानी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी नामक संस्था द्वारा भेजी गई धनराशि दर्ज मिली। संस्था ने 28 अगस्त 2024 को तीन अलग-अलग किस्तों

**खाताधारक डा. एनपी सिंह ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग**

में 40 हजार, 30 हजार और 29 हजार रुपये सहित कुल 99 हजार रुपये नेफ्ट द्वारा ट्रांसफर किए थे। डॉ. सिंह का कहना है कि उनका इस संस्था से कोई संबंध नहीं है, न ही उनके पास किसी अज्ञात व्यक्ति का इस रकम के संबंध में कोई फोन आया। उन्होंने आशंका जताई कि यह कोई साजिश, गलत ट्रांजैक्शन या फिर किसी प्रकार का फर्जीवाड़ा हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर जांच की मांग की। कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है। अब यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह गलती से हुआ ट्रांसफर है या किसी बड़ी साजिश का हिस्सा।

## रजत पदक विजेता तरूण का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** समीपवर्ती गांव चमरौला निवासी तरुण कुमार ने एशियाई मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 110 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीतकर न सिर्फ अपने गांव क्षेत्र का बल्कि जनपद बिजनौर का नाम रोशन किया है।

तरुण कुमार के रजत पदक लेकर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया। सुबह से ही शहर की गलियां उत्सुकता से भरी थी और बच्चों के हाथों में तिरंगे, युवाओं की आँखों में चमक और बुजुर्गों के चेहरे पर गर्व था। जैसे ही तरुण का काफिला शहर में प्रवेश करता है, ढोल-नगाड़ों की थाप से हवा गूंज उठती है। बता दे कि तरुण कुमार आज सिर्फ एक एथलीट नहीं बल्कि वे एक प्रेरणा हैं, जज्बा हैं और युवा भारत की नई तस्वीर हैं। उनकी घर वापसी ने बिजनौर को सिर्फ खुश नहीं बल्कि भावुक भी कर दिया। चौधरी सुभाष सिंह ने भी तरुण कुमार को अपनी शुभकामनाएं दी है।

# धामपुर में निकाली जन जागृति यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हिन्द की चादर श्री गुरु तेगबहादुर जी की 350वी शहीदी शताब्दी को समर्पित विशाल जनजागृति यात्रा का पंज प्यारों की अगुवाई में बोलह सो निहाल सत श्री अकाल के जयघोष के साथ धामपुर से शुभारम्भ बाबा फोजा सिंह, ज्ञानी रघुवीर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रवि चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

शुभारम्भ से पूर्व गुरुद्वारा साहिब में सरबत के भले की अरदास की गई। पंज प्यारों की अगुवाई में गुरुबाणी कीर्तन के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज को फूलों से सुसज्जित वाहन में शोभायमान किया गया। इस



यात्रा में गुरु का नगाड़ा, बाबा अजीत सिंह गतका दल, माता सुंदरी दल कीर्तनी जत्था आदि शामिल रहे। यात्रा में गुरुद्वारा प्रधान अमरजीत सिंह एडवोकेट, सेकरेट्री गुरुचरण सिंह, जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, संचालक कमलजीत सिंह नूर, महासचिव सुरेंदर सिंह हुड्डा, गुरदीप रोमी, गुरचरण मोहन, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह, परवेंदर सिंह, हरभजन सिंह अमन, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे। सामाजिक संगठनों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। शोभा यात्रा का नगीना चौराहा पर डा. एनपी सिंह के द्वारा स्वागत किया गया। वहीं सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर महंत राहुल अग्रवाल के द्वारा स्वागत किया गया। समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने यात्रा में शामिल सभी का प्रसाद एवं मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया। इस दौरान ठाकुर अमित प्रताप सिंह, नसीम राणा, जावेद, रविंद्र कुमार पप्पू, अरमान अली, आसिफ अंसारी सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

# ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने को प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्त्रोत विषय पर ग्राम प्रधान व ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद बिजनौर के विकासखण्ड सभागार अल्हैपुर धामपुर पर आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के



द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बना कर।

प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा फैमिली आईडी एवं इसके लाभ तथा बनाने के तरीके को समझाया गया। जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# वनडे रैंकिंग: मिचेल नी ली रोहित की जगह

## शीर्ष स्थान वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया

**दुबई।** आईसीसी वनडे रैंकिंग में डैरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान पर रोहित शर्मा की जगह ली है। मिचेल शीर्ष स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज हैं, उनसे पहले 1979 में ग्लेन टर्नर ने शीर्ष स्थान हासिल किया था।



मार्टिन क्रो, रॉस टेलर और केन विलियमसन जैसे बल्लेबाज वनडे रैंकिंग में शीर्ष पांच में मौजूद रहे, लेकिन उन्होंने कभी भी पहला स्थान हासिल नहीं किया। मिचेल ने शीर्ष स्थान रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ शतक जड़ने के बाद हासिल किया। हालांकि वह उस मुकाबले में चोटिल हो गए और शेष सीरीज से बाहर हो गए। कोलकाता टेस्ट में अर्धशतक जड़ने वाले साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बवूमा को भी टेस्ट रैंकिंग में फायदा हुआ है और वह पहली बार शीर्ष पांच में पहुंचे हैं। जो रूट इस समय पहले स्थान पर हैं जबकि हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल शीर्ष 10 से मामूली अंतर से बाहर हैं। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुम. राह शीर्ष स्थान पर मौजूद हैं, जबकि मैट हेनरी और नोमान अली क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर काबिज हैं। श्रीलंका के खिलाफ 3-0 से वनडे सीरीज नाम करने के बाद पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद को 11 स्थान का फायदा हुआ है और वह वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। राशिद खान शीर्ष स्थान पर काबिज हैं, जबकि उनके बाद रैंकिंग में जोफ्रा आर्चर और केशव महाराज मौजूद हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में बेहत. रीन प्रदर्शन करने वाले जैकब डफी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं वहीं वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बरक. रार हैं।

वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में रोहित (2) सहित कुल चार भारतीय बल्लेबाज मौजूद हैं, इन खिलाड़ियों में गिल (4), विराट कोहली (5) और श्रेयस अय्यर (8) शामिल हैं।

### 100वें टेस्ट में शतक की दहलीज पर मुशफिकुर

**मीरपुर।** मुशफिकुर रहीम (नाबाद 99) अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने की दहलीज पर पहुंच गए हैं, जबकि उनकी शानदार बल्लेबाजी और लिटन कुमार दास (नाबाद 47) और मोमिनुल हक (63) की उपयोगी पारियों के दम पर बंगलादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को चार विकेट पर 294 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली । आज यहां बंगलाद. श ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। महमुद. ल हसन जॉय और शादमान इस्लाम की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। एंडी मैक्ब्राइन ने शादमान इस्लाम 35 को आउटकर आयरलैंड को पहली सफलता दिलाई।

# रिंकू सिंह ने खेली करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी

**कोयंबटूर।** भारतीय क्रिकेट टीम के रिंकू सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 176 रनों की पारी खेली, जिससे उत्तर प्रदेश को पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद मिली और आज कोयंबटूर में तमिलनाडु के खिलाफ पांचवें दौर का एलीट ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच ड्रॉ रहा।

अपनी पारी की शुरुआत नाबाद 98 रनों से करते हुए, मेहमान टीम को बढ़त हासिल करने के लिए अभी भी चार विकेट शेष रहते 117 रनों की आवश्यकता थी। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने दूसरे छोर पर अपने जोड़ीदारों को खोने के बावजूद पारी को संभाले रखा। चौथे और अंतिम दिन छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलते हुए, उत्तर प्रदेश ने जल्द ही अपने ओवर के दूसरे ओवर में अपने बल्लेबाज शिवम शर्मा (22) का विकेट गंवा दिया। हालांकि, रिंकू ने कार्तिक यादव (20, 59 गेंद, 4ग4) के साथ आठवें विकेट के लिए महत्वपूर्ण 59 रन जोड़े और मेहमान टीम तमिलनाडु के 455 के कुल स्कोर के करीब पहुंच गई। आकिब खान (14) के साथ नौवें विकेट के लिए 36 रन और जोड़ने के बाद, रिंकू, जिन्होंने दिन में पहले अपना नौवां प्रथम श्रेणी शतक बनाया था और बाद में नाबाद 165 रन का अपना पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी पार किया था, 247 गेंद, 17ग4, 6ग6 की तेज रफ्तार से 176 रन बनाने के बाद आउट हो गए, जिससे विपक्षी खेमे पर आक्रमण का दबाव बढ़ गया, जिसने दिन में दो विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, वह तब आउट हुए जब मेहमान टीम को महत्वपूर्ण बढ़त और आखिरी विकेट के लिए अभी भी 13 रनों की जरूरत थी। आकिब खान और कुणाल त्यागी की जोड़ी ने 145-1 ओवर में 460 रन पर पारी समाप्त होने से पहले यह उपलब्धि हासिल कर ली, और उत्तर प्रदेश ने लंच के समय पहली पारी में पांच रन की बढ़त हासिल कर ली। तमिलनाडु के लिए बाएं हाथ के स्पिनर पी. विद्युत ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 73 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान आर साई किशोर ने तीन विकेट लिए। पी सरवण कुमार ने भी दो विकेट लिए। दूसरी पारी में, घरेलू टीम ने 21 ओवर में दो विकेट पर 103 रन बनाए, जिसमें सलामी बल्लेबाज बी- सचिन ने शानदार अर्धशतक (59) और दूसरे सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन (44) ने योगदान दिया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अफगानिस्तान अंडर-19 ने इंडिया बी को 71 रनों से हराया

**बेंगलुरु।** फैसल शिनोजादा (58), अजीजुल्लाह मिआखिल (42) के बाद अब्दुल अजीज (छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान अंडर-19 ने बुधवार को एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दूसरे मुक. ाबले में इंडिया बी अंडर -19 टीम को 71 रनों से हरा दिया। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया बी अंडर-19 को शुरुआत से ही अब्दुल अजीज के कहर का सामना करना पड़ा। युवराज गोहिल के अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज अफगानिस्तान के गें. दबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका और पूरी टीम 29-3 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई। इंडिया बी के 10 बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। युवराज गोहिल ने 80 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 60 रनों की पारी खेली।

### बेल्जियम डेविस कप के सेमीफाइनल में

**बोलोग्ना ।** बेल्जियम ने इटली के बोलोग्ना में फ्रांस पर 2-0 की शानदार जीत के साथ 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम की इस जीत से इस प्रतियोगिता में फ्रांस के खिलाफ उसका रिकॉर्ड 4-6 हो गया है, जिसका इतिहास एक सदी से भी ज्यादा पुराना है। दिन की शुरुआत राफेल कॉलिग्नन की शानदार वापसी के साथ हुई, जिन्होंने धीमी शुरुआत को पलटते हुए कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराया। मौटेट द्वारा पहला सेट जीतने के बाद मुकाबला काफी कड़ा हो गया, दूसरे और तीसरे सेट में पांच-पांच गेम तक चले, कॉलिग्नन ने फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर हर सेट और मैच अपने नाम कर लिया। इसके बाद जिजो बर्ग्स ने आर्थर रिडरकनेच के खिलाफ संयमित प्रदर्शन किया।

# लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत दूसरे दौर में

**ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**सिडनी।** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत, आयुष शेट्टी और थारुण मन्नेपल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

आज यहां पेरिस ओलंपिक 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने चीनी ताइपे के विश्व नंबर 40 सु ली-यांग को 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-13 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। इस बीच, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो को 6-21, 21-12, 21-17 से हराने में सफलता पाई। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के 20वें स्थान पर काबिज ली चिया-हाओ को एक घंटे से अधिक देर तक चले मैराथन मुकाबले में 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई।

थारुण मन्नेपल्ली को भी डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराने के लिए एक घंटे से ज्यादा समय तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इसके विपरीत, आयुष शेट्टी को कनाडा के सैम युआन को 21-11, 21-15 के प्रभावशाली स्कोर से हराने में मात्र 33 मिनट लगे। आयुष शेट्टी, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में यूएस ओपन जीता था।

आयुष शेट्टी अगले दौर में जापानी दिग्गज कोडाई नाराओ. का से भिड़ेंगे। कनाडाई जोड़ी नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई से 21-12, 21-16 से हारने के बाद मोहित और लक्षिता जगलान के मिश्रित स्पर्धा से बाहर होने के बाद, इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ही एकमात्र भारतीय युगल चुनौती बचे हैं। भारतीय जोड़ी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए चीनी ताइपे के सु चिग-हेंग और वू गुआन-जुन से भिड़ेंगी।

# देशवाल और प्रांजली ने जीता गोल्ड

**डेफलम्पिक्स में एयर पिस्टल मिश्रित टीम**


**टोक्यो।** टोक्यो में जारी 25वें समर डेफलम्पिक्स में भारतीय निशानेबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा, जहां अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल ने 10मी एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिग-जुई हसु को 16-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र सिंह राजावत ने 50मी राइफल प्रोन में कांस्य पदक जीता। इन पदकों के साथ भारत की शूटिंग में कुल पदक संख्या 11 हो गई है, जो अभी तक टोक्यो में भारत के जीते गए कुल पदक हैं। अभिनव और प्रांजली ने स्वर्ण पदक मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इससे पहले क्वालिफिकेशन में दोनों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी की थी, जिसे पिछले डेफलम्पिक्स में इसी जोड़ी ने स्थापित किया था। भारतीय जोड़ी ने 569-20ग का संयुक्त स्कोर किया, जिसमें अभिनव ने 287-12ग (97, 95, 95) और प्रांजली ने 282-8ग (95, 94, 93) स्कोर किया। दोनों निशानेबाज सोमवार को व्यक्तिगत वर्ग में भी रजत पदक जीत चुके हैं। भारत की दूसरी जोड़ी, महिलाओं की व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुदार विनोद कुमार क्वालिफिकेशन में 553-10ग के संयुक्त स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रही। अनुया ने 280-5ग (93, 91, 96) जबकि रुदार ने 273-5ग (92, 90, 91) स्कोर किया। ईरान के महला सामीई और बिजान गफारी ने यूक्रेन के सोफिया ओलेनिच और ओलेक्जेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। 50मी राइफल प्रोन में कुशाग्र सिंह राजावत ने 224-3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251-0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता और डेफ वर्ल्ड व ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ा, जबकि जर्मनी के कॉलिन म्यूएलर ने 245-4 के साथ रजत पदक जीता। महित संधू और नताशा जोशी कल महिलाओं की 50मी थ्री पोजशिन्स इवेंट में हिस्सा लेंगी। महित पहले ही 10मी एयर राइफल मिश्रित टीम और व्यक्तिगत वर्ग में क्रमश: स्वर्ण और रजत जीत चुकी हैं।

# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया

**रावलपिंडी।** प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद नवाज (दो विकेट और नाबाद 22 रन) और फखर जमान (44) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने टी-20 मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में जिम्बाब्वे को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया।



जिम्बाब्वे के 147 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 27 के स्कोर पर ब्रैड एवंस ने साहिबजादा फरहान (16) और इसी ओवर की चौथी गेंद पर बाबर आजम (शून्य) को पगबाधा आउटकर जिम्बाब्वे को दोहरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में टी मपोसा ने कप्तान आगा सलमान (एक) को आउटकर पाकिस्तान को तीसरा झटका दिया। 10वें ओवर में सैम अयूब (22) रन बनाकर आउट हुए। 54 के स्कोर पर चार विकेट गंवा चुकी पाकिस्तान को फखर जमान और उस्मान खान की जोड़ी ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 16वें ओवर में रिचर्ड एन्गारावा ने फखर जमान 32 गेंदों में (44) को आउटकर जिम्बाब्वे की मैच जीतने की उम्मीदों को फिर से जिदा कर दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मोहम्मद नवाज ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 151 रन बनाकर अपनी टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी। जिम्बाब्वे के लिए ब्रैड एवंस ने दो विकेट लिए। रिचर्ड एन्गारावा, टी मपोसा और ग्रीम क्रेमर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले पाकिस्तान ने मंगलवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तड़िवनाशे मारुमानी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। आठवें ओवर में मोहम्मद नवाज ने तड़िवनाशे मारुमानी (30) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 11वें ओवर में ब्रेंडन टेलर (14) रन आउट हुए। 13वें ओवर की पहली गेंद पर सैम अयूब ने ब्रायन बेनेट 36 गेंदों में (49) को आउटकर जिम्बाब्वे की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीद को झटका दिया। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे जिम्बाब्वे के बल्लेबाज अच्छा स्कोर नहीं कर पाए। जिम्बाब्वे ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 147 का स्कोर बनाया। कप्तान सिकंदर रजा 24 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद नवाज ने 22 रन देकर दो विकेट लिए। शाहीन शाह अफरीदी, सलमान मिर्जा, सैम अयूब और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

**तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई**

**नेपियर।** आखिरी ओवरों में कप्तान मिचेल सैंटनर 15 गेंदो में 34 रन की आतिशी पारी, शाई होप (नाबाद 109) की शतकीय पारी पर भारी पड़ी।

न्यूजीलैंड ने खराब मौसम से प्रभावित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हरा दिया। इसी साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। नेथन स्मिथ ने (चार विकेट) और काइल जेमीसन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवोन कॉन्वे (90), रचिन रविंद्र (56) और टॉम लेथम (39) के शानदार प्रदर्शन का इस जीत में योगदान रहा। 248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कॉन्वे और रचिन रविंद्र ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 106 रन जोड़े। 17वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने रचिन रविंद्र को आउटकर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। रचिन रविंद्र ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 56 रन बनाए। इसके बाद वेस्टइंडीज के गेंदबा. जों ने विल यंग (11) और मार्क चैपमैन (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। शमार स्प्रिंगर ने 26वें ओवर में डेवोन कॉन्वे को आउटकर वेस्टइंडीज की मैच में वापसी कराई। कॉन्वे ने 84 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 90 रनों की पारी खेली। माइकल ब्रेसवेल (11) पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। 195 के स्कोर पर पांच विकेट गंवा चुकी न्यूजीलैंड के टॉम लेथम और कप्तान मिचेल सैंटनर ने ना केवल पारी को संभाला बल्कि तेजी के साथ रन भी बटोरे। न्यूजीलैंड ने 33-3 ओवर में पांच विकेट पर 248 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। टॉम लेथम ने 29 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 39 रन बनाए। वहीं कप्तान मिचेल सैंटनर ने 15 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 34 रनों की नाबाद पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्ड, जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स, रॉस्टन चेज और शमार स्प्रिंगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की नाबाद शतकीय पारी के दम पर नौ विकेट पर 247 का स्कोर खड़ा किया।

# गेंद को दो बार मारने के लिए आउट करार दिए लमाबम सिंह

**सूरत।** मेघालय के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुक. ाबले में मणिपुर के लमाबम सिंह को गेंद को दो बार मारने के लिए दुर्लभ तरीक से आउट करार दिया गया। लमाबम ने आर्यन बोरा की गेंद को रक्षात्मक तरीके से खेला, लेकिन गेंद धीरे-धीरे स्टंप की तरफ लुढ़कने लगी, तभी उन्होंने बल्ले से गेंद को रोक दिया।



मैच के दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि गेंद स्टंप की तरफ जा रही थी, जब बल्लेबाज ने दूसरी बार उसे मारा। यह नियमों के तहत सही भी है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से बल्लेबाज सहित किसी ने भी अंपायर के फैसले पर आपत्ति नहीं जताई। मैदान में मौजूद एक मैच अधिकारी ने बताया, ष्वह इसे पैड से भी रोक सकते थे, लेकिन उन्होंने इसे बल्ले से रोकना चुना और अंपायर धर्मेश भारद्वाज ने तुरंत उन्हें 'हिट द बॉल ट्वाइस' आउट दे दिया। मेघालय ने अपील की और बल्लेबाज तुरंत पवेलियन की ओर चल पड़े।ष एमसीसी कानूनों के क्लॉज 34-1-1 के मुताबिक, कोई भी बल्लेबाज 'हिट द बॉल ट्वाइस' तभी आउट होता है, जब शरीर या बल्ले से लगने के बाद बल्लेबा जानबूझकर दूसरी बार बल्ले या शरीर के किसी हिस्से द्धसिवाय उस हाथ के जिसमें बल्ला न होऋ से गेंद को मारता है। हालांकि वह विकेट बचाने के लिए गेंद को बल्ले या पैड से रोक सकता है। रणजी ट्रॉफी में 2005-06 इस तरह से आउट होने का मामला सामने आया था, जब जम्मू- कश्मीर के कप्तान ध्रुव महाजन झारखंड के खिलाफ इसी तरह आउट हुए थे।

# राइजिंग स्टार्स एशिया कप में जीता भारत

**दोहा।** भारत ए ने मंगलवार को कतर के दोहा स्थित वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अपने अंतिम ग्रुप बी मैच में ओमान को छह विकेट से हराकर राइजिंग स्टार्स एशिया कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद, भारतीय क्रिकेट टीम ने ओमान को 20 ओवरों में 135/7 पर रोक दिया, जिसमें सुयश शर्मा के चार ओवरों में 2/12 के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम ने शानदार प्रदर्शन किया।



ओमान के वसीम अली ने 45 गेंदों पर नाबाद 54 रनों की पारी खेलकर पारी को संभाला। जवाब में, भारत ए ने हर्ष दुबे के 44 गेंदों पर 53 रनों और नमन धीर के 19 गेंदों पर 30 रनों की तूफानी पारी की बदौलत आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.5 ओवर में 138/4 का स्कोर बनाया। इस जीत से भारत ग्रुप बी की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। प्रत्येक ग्रुप (ए और बी) से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं। भारत शुक्रवार को सेमीफाइनल में ग्रुप ए की शीर्ष टीम से भिड़ेगा, जिसका फैसला बुधवार को होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए, वसीम अली के लगातार रनों के बावजूद ओमान की धीमी पारी कभी पूरी तरह से आगे नहीं बढ़ पाई। पारी की शुरुआत कप्तान और सलामी बल्लेबाज हम्माद मिर्जा के शुरुआती झटकों से हुई, जिन्होंने सिर्फ 16 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। चौथे ओवर में आशुतोष शर्मा ने फाइन लेग पर उन्हें नीचा कैच थमा दिया। 37/1 के स्कोर पर हम्माद मिर्जा के आउट होने से ओमान की गति धीमी पड़ गई और सुयश शर्मा ने करण सोनावाले और जकिरिया इस्लाम को आउट करके ओमान पर शिकंजा और कस दिया। इस तरह ओमान का स्कोर 105/5 हो गया। वसीम अली ने इस गिरावट के बीच मजबूती से रन बनाए रखे और बीच के ओवरों में संयमित अर्धशतक जड़ा, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। उन्हें नारायण साईशिव का भी अच्छा साथ मिला, जिन्होंने नमन धीर की गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर आउट होने से पहले 16 रन बनाए। भारतीय गेंदबाजों ने पारी को अच्छी तरह से नियंत्रित किया, जिसमें सुयश ने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट लिए। गुरजपनीत सिंह ने डेथ ओवरों में दमदार प्रदर्शन किया और 20वें ओवर में सुफयान महमूद और मुजाहिर रजा को आउट करके 37 रन देकर 2 विकेट लिए। भारत की जवाबी पारी की शुरुआत तेज रही, प्रियांश आर्य ने शुरुआत में दो चौके लगाए, लेकिन दूसरे ओवर में शफीक जान की गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच आउट होने से 10 रन बनाकर आउट हो गए। भारत के 14 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने भी जल्द ही 12 रन बनाए, लेकिन ओवर टॉप पर जाने की कोशिश में लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट हो गए, जिससे भारत ए का स्कोर 37/2 हो गया। इसके बाद धीर ने जवाबी हमला बोलते हुए 19 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर दबाव कम किया। 68/3 के स्कोर पर लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट होने से भारत ए की गति कुछ देर के लिए रुक गई, लेकिन दुबे और नेहाल वढेरा ने एक शांत साझेदारी के साथ टीम को आगे बढ़ाया। वढेरा ने दुबे का साथ देते हुए 24 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन बाद में रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में आउट हो गए। सिर्फ दो रन चाहिए थे, तभी कप्तान जितेश शर्मा ने चौका लगाकर जीत पक्की कर दी। संक्षिप्त स्कोर: ओमान 20 ओवर में 135/7 (वसीम अली नाबाद 54) सुयश शर्मा 2/12, गुरजपनीत सिंह 2/35) भारत ए 17-5 ओवर में 138/4 ) हर्ष दुबे 53 नाबाद, नमन धीर 30) जय ओडेड्रा 1/18) से छह विकेट से हार गया।

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें महिलाएं: डा.प्रवीण

## भारतीय चिकित्सा संघ एवं एसओजीएस के संयुक्त तत्वावधान में लगाया गया महिला स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय चिकित्सा संघ एवं एसओजीएस के संयुक्त महिला सामाजिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई।

आईएमए भवन में आयोजित शिविर में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. त्रिप्ति सक्सेना ने महिला कैंसर सामान्य लक्षण, आवश्यक जांच, और समय पर पहचान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. रेणु सिंघल ने हार्मोनल बदलाव, लक्षण प्रबंधन, और जीवनशैली में बदलाव पर जानकारी दी। डॉ. सीमा अग्रवाल ने यूरिनरी इनकॉन्टिनेंस इसके कारण, प्रभाव, और आधुनिक उपचार विकल्पों पर प्रकाश डाला। डॉ. अनिता मलिक ने ऑस्टियोपोरोसिस जोखिम, बचाव, और उपचार विकल्पों पर चर्चा की।



डॉ. रितु जैन ने पेरीमेनोपॉजल ब्लीडिंग इसके कारण, जांच, और उपचार पर विस्तृत जानकारी दी तथा आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा ने प्रिवेंटिव स्क्रीनिंग समय पर जांच और घातक बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिये।

आईएमए की सामाजिक सचिव और कैम्प की संयोजक डॉ रितु जैन ने कहा कि इस आयोजन ने आईएमए और एसओजीएस की समाज में स्वास्थ्य जागरूकता और महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

कार्यक्रम में आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा, सचिव डॉ. नीरज कुमार आर्य,कोषाध्यक्ष डॉ. अनुपम मलिक, डॉ. शलभ जैन, डॉ. वंदना वर्मा, डॉ. साक्षी मलिक, डॉ. सीमा अग्रवाल, श्रीमती दिव्या गुप्ता, श्रीमती रीना गुप्ता, श्रीमती रजनी भल्ला आदि शामिल हुए।

# बसपा पउप्र प्रभारी मुनकाद अली ने जाना पूर्व मंत्री शगुफ्ता का स्वास्थ्य हाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली ने आज युवा नेता साहिल खान के आवास पर पहुंचकर उनकी माता पूर्व मंत्री श्रीमती शगुफ्ता खान का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

साहिल खान के आवास पर पहुंचे पूर्व सांसद एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी बाबू मुनकाद अली व पूर्व सांसद गिरीश चंद जाटव ने श्रीमती शगुफ्ता खान से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना और कहा कि वह उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते है।

इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष जीशान गाड़ा, मंडल प्रभारी सरफराज राइन समेत पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

# पुलिस ने चेक बाउंस मामले का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर चैकिंग के दौरान बैंक चैक बाउंस के मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बुधवार को थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया है कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा चौकिंग तथा गश्त के दौरान एक वारण्टी अनिल पुत्र स्वर्गीय भगवान दास निवासी ग्राम नथमलपुर थाना चिल. काना को सम्बन्धित परिवाद एनआई एक्ट चालानी मामले में उसके गांव नथमलपुर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह तथा हैड कांस्टेबल वतन पंवार शामिल रहे।

# चौ.नीरपाल ने दीपक को बनाया राष्ट्रीय सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने दीपक चौधरी को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेंदारी सौंपी है।

मिलन गार्डन में आयोजित प्रकोष्ठ की बैठक में चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये जयंत चौधरी के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकदल पिछले 5 वर्ष में बहुत मजबूत हुआ है। नवमनोनीत राष्ट्रीय सचिव दीपक चौधरी ने कहा कि मुझे संगठन में राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी और खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगा।



इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत मिश्रा, प्रदेश महासचिव किसान प्रकोष्ठ मोनू चौधरी, मीडिया प्रभारी अमित चौधरी, वरिष्ठ नेता प्रेमपाल भाटी, उपेन्द्र चौधरी, पवन प्रजापति, मो रिहान, मो तोफिक, सुरेंद्र तेवतिया, रामवीर जाखड़, कुलदीप डागर, शशिकांत, सिकंदर, बसर खान आदि उपस्थित रहे।

# घबराए नहीं जागरूक बनें: मौलवी फरीद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहिरी ने बीएलओ के साथ नई मतदाता सूची के लिये गणना प्रपत्र का वितरण कराया।

मोहल्ला छिपियांन स्थित आवास पर मौलाना मोहम्मद फरीद मजाहिरी ने बीएलओ नितेश रतूरी की मौजूदगी में मोहल्ले के मतदाताओं से जल्द से जल्द फॉर्म को भरने की अपील की तथा बताया की बीएलओ मतदाताओं को पूरी जानकारी दे रहे हैं कि आखिर कैसे इस फॉर्म को भरना होगा. किसी प्रकार की जानकारी के लिए वह उन्हें पूरा प्रोसेस समझा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को डरने और घबराने की जरूरत नहीं है अलबत्ता जागरूक होने की बहुत जरूरत है।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से खास तौर पर पार्षदों से भी अपील की है कि वह बीएलओ तथा मतदाताओं के बीच आपसी समन्वय कर इस फॉर्म को सही-सही भरवा कर आम जनता की मदद करें। उन्होंने कहा कि जो लोग पढ़े लिखे हैं, वह अपने आस-पड़ोस के तथा अपने रिश्तेदारों के फार्म भरवाने में मदद करें ताकि इस कार्य को सफलतापूर्वक किया जा सके।



इस अवसर पर मोहम्मद फहीम फरीद, रईस हबीबी उर्फ मल्लू, शफीक अहमद, नौशाद, मोहम्मद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला जेल में बंदियों को गर्म जैकेट वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पत्रकार संगठनों द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के लिये 150 गर्म जैकेट का वितरण कराया।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह एवं जेल अधीक्षक प्रशांत उपाध्याय ने स्वयं उपस्थित रहकर बंदियों को जैकेटें वितरित कीं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि बंदियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज की ऐसी सकारात्मक पहलें सराहनीय हैं और इससे बंदियों में मानवता, सुधार और अनुशासन की भावना मजबूत होती है। सभी बंदियों को कारागार के नियमों और अनुशासन का पालन करना चाहिए। जेल अधीक्षक प्रशांत उपाध्याय ने संगठन के इस कदम को




अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि जेल प्रशासन हमेशा ऐसी पहलों को प्रोत्साहित करता है, जिससे बंदियों को राहत और मानसिक शक्ति मिलती है। कार्यक्रम में एसोसिएशन के जिला महामंत्री नवाजिश खान, सुभाष कश्यप, कारापाल प्रशांत उपाध्याय, उप कारापाल सुधांशु सिंह, ईओ कारापाल गुंजन लोहान, उप कारापाल जसवंत बाबू, विजय गौतम व प्रशिक्षु उप कारापाल सुश्री प्रियंका उपस्थित रहे।

# मां को दिलाया दो वर्षीय बेटा, पति पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम भैंस राव में मिशन शक्ति टीम ने त्वरित कार्रवाई कर एक 2 साल के बच्चे को उसकी माँ के पास सुरक्षित पहुँचा दिया।

मनीषा पत्नी अमित कुमार निवासी हुसैनपुर नवादा ने 18 नवंबर 2025 को थाना फतेहपुर में लिखित शिकायत दी थी कि उसकी शादी 2023 में अमित कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी भैंस राव से हुई थी। शादी के बाद से ही पति अमित कुमार और ससुराल वाले उसे लगातार प्रताड़ित करते थे तथा कई बार घर से निकाल देते थे। 18 नवंबर को एक बार फिर पति और ससुराल वालों ने उसे जबरन घर से बाहर निकाल दिया और 2 वर्षीय बेटे युवी को अपने पास रख लिया। मनीषा को बच्चा वापस नहीं दिया जा रहा था और धमकी दी जा रही थी। शिकायत मिलते ही मिशन शक्ति टीम ने तुरंत संज्ञान लिया। महिला उप निरीक्षक मिथिलेश राठौर के नेतृत्व में महिला हेड कांस्टेबल नीरज और हेड कांस्टेबल रुपेश कुमार पति अमित कुमार के विरुद्ध तुरंत निरोधात्मक कार्यवाही की। आज टीम स्वयं ग्राम भैंस राव स्थित ससुराल पहुँची और समझाइश व कानूनी दबाव बनाकर मासूम युवी को उसकी माँ मनीषा को सौंप दिया। मनीषा ने पुलिस टीम का आभार जताते हुए राहत की सांस ली।

# निक्कू ने कुष्ठ आश्रम में बांटे फल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर आज कांग्रेसजनों द्वारा कुष्ठ आश्रम, में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस के पूर्व पार्षद चंद्र जीत सिंह निक्कू ने किया। उन्होंने कहा कि आज देश को इंदिरा गांधी जैसी मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ट्रम्प भारत को अपमानित करने की को. शिश कर रहा है और देश का नेतृत्व चुप है, ऐसी स्थिति आजाद भारत में पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि देश का लोकतंत्र खतरे में है और वर्तमान नेतृत्व



कमजोर साबित हो रहा है। प्रवीण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष वरुण शर्मा, युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव शर्मा और सेवादल के महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान के दो टुकड़े कर पाकिस्तान को करारा जवाब देने वाली इंदिरा गांधी ही थीं, जबकि आज सत्ता में ऐसे लोग काबिज हैं जो भारत को कमजोर कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मनजीत गोल्डी, परभजीत सिंह, आदित्य, गुरंग, अक्षय चौधरी सहित कुष्ठ आश्रम के निवासी उपस्थित रहे।

# प्रेमी संग गई बेटी, गिड़गिड़ाते रहे मां बाप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर निवासी एक युवती ने अपने परिजनों से चोरी छिपे मोहल्ले के ही युवक के साथ शादी रचा ली, परिजनों के लाख गिड़गिड़ाने व समझाने पर भी युवती नहीं मानी तथा अपने प्रेमी संग उसके घर चली गई।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर निवासी एक युवती ने अपने परिजनों की मर्जी के खिलाफ अपने ही मोहल्ले के एक युवक के साथ चुप चुपाते शादी कर ली तथा उसके घर जाकर बैठ गई। युवती के परिजनों को जैसे ही इस बात का पता चला तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गयी। परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी तथा पंचायत के सामने भी यह बात रखी। भरी पंचायत में काफी देर तक बेबस परिजन रोते गिड़गिड़ाते हुए युवती को समझाने बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन युवती प्रेमी संग जाने की जिद पर ही अड़ी रही।

इस दौरान सूचना पाकर डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन मामला बालिग प्रेमी युगल द्वारा अपनी मर्जी से निकाह कर लेने का होने के कारण डायल 112 पुलिस ने मामले की पूरी जानकारी थाना प्रभारी को दी तथा इस बीच कोई भी हस्तक्षेप करने से मना कर करते हुए युवती व युवक के परिजनों को थाना जाने की सलाह दी। बीच पंचायत घण्टो चली मान मनव्वल व समझाने बुझाने के बाद भी जब आखिर युवती नही मानी तो युवती के परिजन रोते धोते हुए वहाँ से अपने घर चले गए तथा युवती अपने प्रेमी संग उसके घर चली गयी।

# प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग व बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ शुभारंभ मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान, निदेशक डॉ अंजू वालिया ने दीप प्रज्वलित कर एंव फीता काटकर किया।

इस प्रतियोगिता में मां शाकंभरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली के विभिन्न महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें वेट लिफ्टिंग में पुरुष वर्ग में 55, 61, 67, 73, 81, 89, 96 व 120 किलो ग्राम वर्ग तथा महिला वर्ग में 49, 55, 59, 64, 71, 76, 81 व 87 किलोग्राम वर्ग में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया।



पावरलिफ्टिंग में पुरुष वर्ग में 59, 66, 74, 83, 93, 105 व 120 किलोग्राम वर्ग तथा महिला वर्ग में 47, 52, 57, 63, 69, 76, 84 किलोग्राम वर्ग में कुल 13 टीमों के 26 लड़कों व 16 लड़कियों ने प्रतिभाग किया।

बॉडी बिल्डिंग में पुरुष वर्ग में 60, 65, 70, 75, 80, 85, 90 किलोग्राम वर्ग में कुल 7 टीमों के साथ पुरुष प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। जिसमें 60 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में शोएब अली व 65 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में सिविल कुमार श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर के रहे। इसके अलावा 70 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में आदित्य तथा 75 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में ऋतिक इंद्रप्रस्थ कॉलेज, सहारनपुर के रहे। इसके अलावा 80 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में यश मलिक एस टी आर सी कॉलेज शामली रहे। मुख्य अतिथि राजकुमार चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि कि जैसे खेल में अनुशासन को अपनाकर ही जीवन में आगे बढ़ा जाता है, इसी तरह सभी छात्रों को अपने जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन संस्था के फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, सोनम राजपूत व विकास चौधरी ने कराया।

# शातिर बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक शातिर अपराधी को अवैध हथियार सहित धर दबोचा।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने कमलेशपुर कट के पास चेकिंग अभियान चलाया। टीम में उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह, उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार हेड कांस्टेबल रोहित राणा हेड कांस्टेबल सुनील कुमार शामिल थे।इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे मुर्सलीन पुत्र शकील निवासी दतौली मुगल, थाना फतेहपुर को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ।पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी मुर्सलीन क्षेत्र में कई आपराधिक घटनाओं में वांछित चल रहा था

# विद्युत उपखंड पर भाजपाइयों का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा चिलकाना विद्युत उपखण्ड पर धरना-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की गई। जिसके बाद गणमान्य लोगों द्वारा मध्यस्थता करते हुए मामला शांत कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के चिलकाना मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा किसी काम से विद्युत उपखण्ड पर गये थे। जहां उन्होंने एसडीओ पर उनके साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया तथा अपने दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन करते हुए दरी बिछा कर बैठ गये। लगभग दस मिनट तक चले धरना प्रदर्शन के दौरान जब उपखण्ड अधिकारी द्वारा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा से उनकी पहली



बार मुलाकात होने तथा उनसे पहले से परिचय न होने के कारण उन्हें न पहचान पाने की बात कही गयी तब भाजपाइयों ने धरना समाप्त किया।

इस सम्बन्ध में उपखण्ड के एसडीओ पी सी सागर ने बताया है कि मंडल अध्यक्ष शर्मा से आज से पहले उनकी कोई मुलाकात नहीं हुई थी। जिस समय मंडल अध्यक्ष किसी काम के लिए बिजली घर पर आये उस समय वह किसी जरूरी काम से टाउन में गये हुए थे। मंडल अध्यक्ष द्वारा फोन किये जाने के लगभग पन्द्रह मिनट बाद उन्होंने विद्युत उपखण्ड पहुंचते ही मंडल अध्यक्ष को फोन करके बुला लिया था। लेकिन मंडल अध्यक्ष द्वारा गुस्से में उन्हें तीन दिन के अन्दर सस्पेंड कराने की बात कही तथा अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं को बिजली घर पर बुलाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया।

# अफवाहों पर वेलफेयर एसोसिएशन ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** स्व वितीय डिग्री कालेज वेलफेयर एशिसएशन ने बुढाना के छात्र उज्जवल राणा के आत्मदाह की घटना पर शोक जताते हुए बिना शुल्क प्रवेश लेने वाली अफवाहो पर चिंता जताई है। जिससे इनके सामने वित संकट पैदा हो गया है। संस्थानों व छात्रों में संर्घष के हालात बन रहे है।

कुलपति व कमिश्नर को सौंपे गये ज्ञापन में वेलऊयर एशिसएशन ने स्ववित पोषित संस्थानों का आर्थिक हित प्रभावित होने से रोकने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष नवाब सिंह, चौ कुलबीर सिंह, प्रवीण, अमित चौधरी, दीपक राणा, राज ठाकुर, प्रदीप कुमार, विकास पुंडीर विश्वास आदि मुख्य रूप से रहें।

# एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता पर सवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** देश के सबसे महत्वाकांक्षी हाईवे प्रोजेक्ट्स में शामिल दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हजारों करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस छह लेन एक्सप्रेस-वे का एक बड़ा हिस्सा उद्घाटन से पहले ही टूटकर नीचे गिर गया।घटना छुटमलपुर क्षेत्र के चमारीखेड़ा और रेहड़ी गांव के बीच की है। पिछले दिनों हुई मामूली बारिश के बाद एक्सप्रेस-वे का ऊपरी हिस्सा अचानक भरभरा गया और बड़ा हिस्सा धराशायी हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पूरा स्ट्रक्चर अंदर से खोखला निकला, जिससे लोहे की सरिया तक नजर आने लगी।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हिस्सा अभी कुछ माह पहले ही पूरा हुआ था और इसे सबसे मजबूत डिजाइन बताया जा रहा था। लेकिन बारिश का पानी जैसे ही रिसा, पूरी संरचना ढह गई। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इतनी जल्दी टूटने लगा तो उद्घाटन के बाद भारी वाहनों का बोझ कैसे झेलेगा?ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। कई जगह सीमेंट की परत बेहद पतली दिखाई दे रही है। इस घटना के बाद आसपास के लोग दहशत में हैं कि कहीं बड़ा हादसा न हो जाए।एनएचएआई के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पूरे प्रोजेक्ट की उच्चस्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्वाई की जाए।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 नवम्बर 2025

## राहुल के खिलाफ नौकरशाह

देश के चुनाव कराने में चुनाव आयोग का महत्वपूर्ण रोल होता है, लेकिन जब उस पर ही उंगली उठने लगे, तो समझ लेना चाहिए कि या तो उसके काम में राजनेता अड़ंगा लगा रहे हैं। ऐसा ही आरोप कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव बार-बार चुनाव आयोग पर उंगली उठा रहे हैं। कहावत है कि जब हद हो जाती है, तो कुछ न कुछ घटित होता है। ऐसा ही अब राहुल गांधी के खिलाफ होने लगा है। 272 पूर्व जजों, नौकरशाहों और सैन्य अधिकारियों ने राहुल गांधी को खुले पत्र में फटकार लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। नौकरशाहों का आरोप था कि वे चुनाव आयोग, सेना, न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थाओं पर बिना सबूत गंभीर आरोप लगाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। इनमें 16 पूर्व जज, 123 रिटायर्ड नौकरशाह (जिनमें 14 पूर्व राजदूत भी शामिल हैं) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी शामिल हैं। पत्र में लिखा गया है कि हम सिविल सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिक भारत की लोकतंत्र पर गहरी चिंता जताते हैं। लोकतंत्र पर हमला अब बंदूक के बल पर नहीं, बल्कि जहर भरी भाषा से हो रहा है। कुछ राजनीतिक नेता नीतियों की असली बहस करने की बजाय बेबु.नियाद और भड़काऊ आरोप लगाकर नाटकीय राजनीति कर रहे हैं। ये पहला मौका नहीं था कि राहुल गांधी ने ये आरोप अभी लगाए हैं, इससे पहले पहले राहुल गांधी ने भारतीय सेना की वीरता और उपलब्धियों पर सवाल उठाए। फिर न्यायपालिका की निष्पक्षता पर उंगली उठाई। संसद और उसके संवैधानिक अधिक.ारियों को निशाना बनाया। अब बारी है चुनाव आयोग की। चुनाव आयोग की साख और ईमानदारी पर सुनियोजित और साजिशपूर्ण हमले हो रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बार-बार चुनाव आयोग पर हमला कर रहे हैं। वे कहते हैं कि उनके पास 'पक्के' सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। उनका दावा है कि उनके पास 100 फीसदी पक्का सबूत है। उन्होंने बेहद घटिया भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि जो सबूत उन्होंने खोजा है, वह 'परमाणु बम' है और जब यह फटेगा तो ईसी के पास छिपने की कोई जगह नहीं बचेगी। उनके इस हमले का जवाब बिहार विधानसभा चुनाव में मिल चुका है। ये कोई सोची-समझी सियासत नहीं, बल्कि एक संकीर्ण मानसिकता है। अब तक का इतिहास है कि अगर किसी राज्य में विपक्ष की सरकार बन जाती है, तो ईवीएम ठीक है और यदि नहीं बनती, तो ईवीएम खराब है, चुनाव आयोग खराब है आदि के आरोप लगाए जाते हैं। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। संसद में उनका ओहदा पीएम जैसा ही है। बेहतर हो कि वे अपनी साख बचाने के लिए जनता की अदालत में जाएं, लेकिन ऐसा नहीं होता। हां यात्रा निकालने में राहुल गांधी जरूरी पारंगत हैं, लेकिन उन यात्राओं से भी क्या हुआ। न कभी जनता की समस्याएं जानने का प्रयास किया, न उनकी समस्याओं को सरकार के पास ले जाने का प्रयास किया। अब नौकरशाहों ने साफ कह दिया है कि राहुल गांधी ने धमकी भी दी है कि ईसी में ऊपर से नीचे तक जो भी इसमें शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनके मुताबिक ईसी देशद्रोह कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त रिटायर हो जाएं, तो भी वे उनका पीछा नहीं छोड़ेंगे।

## परिवार समाज की नींव



कुछ दानाजीवी मीडिया हाउस हमारे महाकाव्यों की सांकेतिक कथाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत कर रहे हैं, साथ ही उनके मानने वालों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर रहे हैं, परिवारवाद पर लगातार चलाया जा रहा यह एजेंडा दरअसल भारतीय महागाथाओं के मूल तत्व परिवार, एकजुटता और त्याग का अपमान है, भाजपा और उसके समर्थक परिवार को नकारात्मक रूप में पेश करके समाज की एकता को कमजोर करना चाहते हैं, जो लोग सत्ता-भक्ति में लीन हैं, वे परिवार शब्द का मजाक उड़ाकर प्रत्यक्ष रूप से हमारे महाकाव्यों के प्रतीकात्मक अर्थों को बदनाम कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि परिवार समाज की नींव है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# राजनीतिक रूप से विखंडित व नाजुक इराक में पीएम पद के लिए पैरवी शुरू



एम हसन

तीन प्रमुख संप्रदायों-शिया, सुन्नी और कुर्द -के 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का पैटर्न भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्येक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस साल की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का नतीजा लग रहा था।

इराक में मुख्य शिया गठबंधन के बहुमत वाले गुट के रूप में उभरने के बावजूद, वर्तमान प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी पूर्व प्रधानमंत्री नूरी अल-मलिकी के बीच नेतृत्व के लिए आंतरिक लड़ाई शुरू हो गई है। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे (सीएफ) गठबंधन ने घोषणा की है कि उसने बहुमत वाला गुट बना लिया है, जो अंततः अगले प्रधानमंत्री का नामांकन करेगा। अल-सुदानी के अपने समूह-पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन-ने 329 सदस्ईय संसद में 46 सीटें हासिल की हैं, जबकि मलकी की पार्टी-द स्टेट ऑफ लॉ-29 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही है। हालांकि उन्होंने 2021 में खोई हुई सत्ता वापस पाने के लिए सुन्नी-प्रभुत्व वाले गुट से समर्थन मांगा है। प्रधानमंत्री के रूप में दूसरा कार्यकाल चाह रहे सुदानी के इस कदम ने शिया गुटों के समन्वय ढांचे के गठबंधन को संसद में 175 सीटों का स्पष्ट बहुमत दिया है, लेकिन बेहद जटिल और अत्यधिक खंडित इराकी राजनीतिक व्यवस्था में, जिसमें शिया-सुन्नी और कुर्द ताकतें परस्पर विरोधी उद्देश्यों से काम कर रही हैं, केवल पर्याप्त सीटें प्राप्त करना देश में शीर्ष पद पाने की गारंटी नहीं है। चूंकि अमेरिका और ईरान इराकी राजनीतिक व्यवस्था में गहराई से शामिल हैं, वे नेतृत्व के चुनाव को सीधे प्रभावित करते हैं। 2022 से अपने पहले कार्यकाल के दौरान अल सुदानी ने इन ताकतों को खुश रखने के लिए एक उच्च संतुलनकारी खेल खेला है, हालांकि ईरान के प्रति उनका झुकाव अमेरिका को पसंद नहीं आया है। इराक में सक्रिय ईरान समर्थित मिलिशिया बलों की भी सरकार गठन में भूमिका है। 2003 में सद्दाम हुसैन के शासन के पतन के बाद, विरोधी राजनी.तिक ताकतों ने देश में सत्ता के बंटवारे की एक अनौपचारिक व्यवस्था की थी। इस प्रकार, इराक में परंपरा के अनुसार (कोई संवैधानिक अनिवार्यता नहीं) एक शिया मुसलमान प्रधानमंत्री का पद धारण करता है, एक सुन्नी संसद का अध्यक्ष होता है और मोटे तौर पर औपचारिक राष्ट्रपति पद एक कुर्द को मिलता है। गौरतलब है कि शिया धर्मगुरु मुक्तदा अल-सद्र इस दौड़ से बाहर हैं क्योंकि उनकी पार्टी ने 11 नवंबर को हुए संसदीय चुनावों का बहिष्कार किया था। उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन बताया जाता है कि उनके समर्थकों ने बगदाद, कर्बला और नजफ में उनके प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में शिया समूहों को वोट दिया था। अल-सद्र अस्वीकृतिवादी खेमे के सबसे प्रमुख प्रवक्ता हैं। उन्होंने चुनावों का बहिष्कार करने के अपने फैसले की जोरदार घोषणा की थी और राजनीतिक प्रतिष्ठान को भ्रष्ट और असुधार्य बताया था। वह शिया-सुन्नी और कुर्द के बीच सत्ता के बंटवारे के फार्मूले का समर्थन नहीं करते हैं। वह संसद में सबसे बड़ी पार्टी को सारी शक्तियां दिए जाने के पक्ष में हैं। उत्तरी शहर दुहोक में पार्टी सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सुदानी ने कहा कि उनका गठबंधन पुनर्निर्माण और विकास गठबंधन, समन्वय ढांचे का हिस्सा है, जिसने सबसे बड़ा गुट बनाने का फैसला किया है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरा कार्यकाल चाहना व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, बल्कि इस मिशन को अंजाम तक पहुंचाने की अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के बारे में है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, सुदानी ने इराक में पुनर्निर्माण और स्थिरता का संकल्प लेते हुए नीतियों का पालन किया था। उन्होंने आगे कहा कि नए प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति के नाम पर प्रमुख दलों के बीच बातचीत शुरू होगी। इराक में शिया, सुन्नी और कुर्द दलों के बीच चुनाव के बाद की बातचीत आमतौर पर महीनों तक चलती है और संवैधानिक समय-सीमाएं अक्सर चूक जाती हैं, लेकिन चूंकि इराक ने दशकों के युद्ध के बाद हाल ही में कुछ स्थिरता हासिल की है, इसलिए प्रमुख दलों को उम्मीद है कि जनवरी में नई संसद के गठन से पहले वे एक पूर्ण पैकेज समझौते - प्रधानमंत्री, स्पीकर और राष्ट्रपति - पर पहुंच जाएंगे। पिछली बार तीन समूहों- शिया-सुन्नी और कुर्द-के बीच बातचीत एक साल तक चली थी और आखिरकार अल सुदानी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया था।

अल सुदानी की पार्टी अब 46 सीटों के साथ पहले स्थान पर आ गई है, उसके बाद पूर्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद अल-हलबौसी के नेतृत्व वाली सुन्नी प्रोग्रेस पार्टी है, जिसने 36 सीटें जीती हैं। नूरी अल-मलिकी के नेतृत्व वाले स्टेट ऑफ लॉ गठबंधन ने 29 सीटें हासिल की हैं। इराक के मुख्य रूप से सुन्नी पश्चिम और उत्तर से समर्थन प्राप्त करने वाली तकदुम पार्टी ने 27 सीटें जीती हैं और कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी (केडीपी) ने 26 सीटें हासिल की हैं। सभी राज्यों में कई छोटे समूह भी हैं। 329 सीटों में से 83 सीटें महिलाओं के लिए, पांच ईसाइयों के लिए और तीन अन्य अल्पसंख्यक जातीय समूहों के लिए आरक्षित हैं। शिया नेतृत्व वाले समन्वय ढांचे ने कहा कि उसने औपचारिक रूप से खुद को सबसे बड़े संसदीय ब्लॉक के रूप में नामित किया है, जिसमें उसके सभी शिया घटक दल एक साथ हैं तीन प्रमुख संप्रदायों - शिया, सुन्नी और कुर्द - का 18 प्रांतों में अपना प्रभुत्व होने के कारण, कोई भी एक पार्टी अकेले सरकार नहीं बना सकती। मतदान का स्वरूप भी पूरी तरह से सांप्रदायिक है क्योंकि प्रत्एक संप्रदाय अपने ही गुट के उम्मीदवारों का समर्थन करता है। इस वर्ष की शुरुआत में अपनी इराक यात्रा के दौरान, मैंने देखा कि इराकी समाज सांप्रदायिक आधार पर बुरी तरह विभाजित है, जो सद्दाम हुसैन के सत्ता से हटने का परिणाम प्रतीत होता है। सुदानी दूसरे कार्यकाल की मांग कर रहे थे, लेकिन कई निराश युवा मतदाताओं ने चुनाव को केवल स्थापित दलों द्वारा इराक की तेल संपदा को विभाजित करने के साधन के रूप में देखा। मौजूदा असंतोषजनक स्थिति को लेकर मतदाताओं की उदासीनता, विशेष रूप से शिया वर्ग में, मौलवियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए फतवा जारी करने के लिए तैनात किया गया था। बहुसंख्यक शिया समुदाय पड़ोसी सीरिया, लेबनान, ईरान में राजनीतिक घटनाक्रम और गाजा में नरसंहार से भी भयभीत था। ऐसी आशंका थी कि शिया समुदाय इराक में सत्ता खो देगा। सीएफ के भीतर, इस चुनाव में कई असहम.तियां हैं। सीरिया के प्रति सरकार की नीति, ईरान के प्रति निष्ठा, ईरान-गठबंधन वाले लोकप्रिय मोबि.बलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) के बारे में एक निरस्त कानून सीएफ के अंतर्गत तीन समूह पीएमएफ के भी सदस्य हैं अमेरिका द्वारा नामित असैब अहल अल-हक (ए.ए.एच) और कताइब हिजबुल्लाह (के.एच.), साथ ही बद्र कोर, लेकिन सबसे बड़ी दरार नूरी अल-मलिकी और अल-सुदानी के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता है। दोनों में से किसी ने भी चुनाव के बाद सरकार बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा को छुपाया नहीं है। हालांकि चुनाव अभियान विभिन्न शिया गुटों के बीच प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित थे, अल-सुदानी और अल-मलिकी दो प्रतिद्वंद्वी ध्रुवों का प्रतिनिधित्व करते थे। लेकिन अब जीत ने अल-सुदानी की स्थिति को और मजबूत कर दिया है, लेकिन अल-मलिकी और उनके कानून के राज्य गठबंधन ने अल-सुदानी के प्रधानमंत्री कार्यकाल को कमजोर करने के लिए कई मुद्दों पर जोर दिया है। उन्होंने चुनावों के जरिए बाथिस्टों की सत्ता में गुप्त वापसी पर चिंता जताई है और सैकड़ों उम्मीदवारों को, सही या गलत, डी बाथिफिकेशन कानूनों के तहत अयोग्य घोषित किया गया है। अल-सुदानी के विरोधियों ने चुनाव प्रचार में सरकारी संसाधनों के इस्तेमाल की निंदा की है और अप्रत्यक्ष रूप से उन पर चुनाव प्रचार के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। उनके आला.चकों ने मौजूदा सरकार के तीन साल बाद सेवाओं की खराब स्थिति, सीरिया में नई सुन्नी सरकार के साथ अल-सुदानी के संबंधों और प्रधानमंत्री और अन्य अरब देशों के बीच मधुर संबंधों की भी आलोचना की है, जिन्हें सीएफ के प्रभावशाली सदस्य इराक में शिया वर्चस्व के लिए शत्रुतापूर्ण मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या अब पूरे देश में शुरु होगी चुनाव पूर्व रेवड़ी वितरण नीति

**विपक्षी दलों के लिए ही प्रधानमंत्री की ए नसीहत थी और इन सबसे बड़ा सवाल अब भविष्य के चुनावों के लिए खड़ा हो गया है कि क्या अब भविष्य के चुनाव का आधार भी चुनाव पूर्व नकद वितरण ही हुआ करेगा ? क्या बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ, कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार जैसे अनेक जनहितकारी मुद्दे अब चुनावी मुद्दे नहीं हुआ करेंगे ? नैतिक रूप से तो कर्ज मुआफी मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त बस यात्रा जैसी सुविधाएं देना भी मुनासिब नहीं परन्तु आश्चर्य तो यह है कि पीएम को योजनाएं रेवड़ी नजर आ रही थीं तो बिहार में चुनाव के दौरान ही बिना किसी योजना के नकद पैसे बांटकर सीधे तौर पर वोट खरीदना कहां की नैतिकता है ?**



निर्मल रानी

बिहार चुनाव परिणाम आ चुके हैं। परिणामों को लेकर तरह तरह से समीक्षाएं की जा रही हैं। विपक्ष तो इस चुनाव को जनादेश के बजाए ज्ञानादेश कहकर चुनाव आयोग की निष्पक्षता व विश्वसनीयता पर ही सीधा सवाल खड़ा कर रहा है। कुछ समीक्षकों की नजरों में धर्म निरपेक्ष मतों के विभाजन के कारण ऐसे परिणाम आए तो कुछ का आंकलन है कि महिला मतों ने चुनाव में निर्णायक भूमिका अदा की। मगर सच तो यह है कि जिसतरह के चुनाव परिणाम आए हैं उसका अंदाजा स्वयं भारतीय जनता पार्टी को भी नहीं था क्योंकि गृह मंत्री अमितशाह ने भी अब की बार 160 की विजय सीमा निर्धारित की थी, जबकि 202 सीटों पर राजगश ने फतेह हासिल की। महिलाओं द्वारा राजग के पक्ष में किए गए बंपर मतदान को लेकर यही कहा जा रहा है कि जिस समय चुनाव की घोषणा के दिन आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए बिहार में लगभग 1 करोड़ 51 लाख महिलाओं के खाते में 10000 रुपये डाले गए थे उसी समय से यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि चुनाव का रुख नितीश सरकार के पक्ष में जा सकता है। कहा यह भी जा रहा है कि विश्व बैंक से किसी अन्य परियोजना के लिए प्राप्त धनराशि को केंद्र सरकार ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए डायवर्ट किया और उन्हीं पैसों को राज्य की महिला मतदाताओं में बांट दिया गया। यही पैसे लगभग डेढ़ करोड़ महिला मतदाताओं के खाते में 10,000 रुपए प्रति खाते की दर से हस्तानांतरित कर दिए गए। गोया लगभग 40 हजार करोड़ रुपयों की भारी अनुमानित रकम रेवड़ियों की तरह बांट दी गई। चुनाव पूर्व श्रेवड़ी आवंटनश का यही फार्मूला जिसे सीधे शब्दों में पैसे देकर वोट खरीदना भी कहा जा सकता है, पूर्व में मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली में विभिन्न योजनाओं के नाम पर और अब बिहार में नकद वितरण के रूप में सफलता पूर्वक आजमाया जा चुका है। चुनाव घोषित होने के बावजूद आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन करते हुए सरकारी खजाने से लोगों के खातों में बड़ी राशि डालने का सीधा अर्थ है वोट खरीदना और चिंताजनक यह है कि यह अनैतिक व गैर कानूनी काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व उनके सहयोगी दलों द्वारा खुले तौर पर किया गया। सवाल यह है की पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रेवड़ी बांटने के इस चलन को लेकर दिए गए प्रवचन क्या केवल विपक्ष के लिए ही थे स्वयं उनकी भाजपा या राजग दलों के लिए नहीं? याद कीजिए जब जुलाई 2022 को लखनऊ में एक कार्यक्रम में मोदी जी फरमाते हैं कि ये रेवड़ी बांटने की संस्कृति देश के लिए बहुत खतरनाक है। जो रेवड़ी बांट रहे हैं, वो आपके बच्चों का हक मार रहे हैं। यह रेवड़ी संस्कृति देश के विकास को खा जाएगी। फ्री की रेवड़ी बांटकर वोट लेने की होड़ देश को दीवालिया बना देगी। यह आने वाली पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। प्रधानमंत्री तो मुफ्त के रेवड़ी कल्चर से इतना आहत थे कि 15 अगस्त 2022 को लाल किले से अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में भी उन्हें इसका जिक्र करते हुए कहना पड़ा था कि हमें रेवड़ी कल्चर से बचना होगा जो देश को तबाह कर देगा। उस समय उन्होंने राज्य सरकारों विशेषकर विपक्ष शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा था कि मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त बस यात्रा आदि जैसी योजनाएं चुनावी लाभ के लिए लाई जा रही हैं, जो राज्यों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी खासतौर पर उस समय की दिल्ली, पंजाब, पश्चिम बंगाल आदि की गैर बीजेपी सरकारों की मुफ्त योजनाओं के संदर्भ में की गई थी, परन्तु उपरोक्त योजनाएं जिसे प्रधानमंत्री रेवड़ी बता रहे थे इसमें बिजली पानी बस यात्रा जैसी सुविधाएं तो थीं परन्तु बिहार की तरह 10 हजार रुपये बिना किसी योजना के बैंक खतों में डालना, जिसे सीधे तौर पर पैसे देकर वोट खरीदने के सिवा और क्या कहा जा सकता है ऐसी कोई योजना नहीं थी? फिर मोदी जी का रेवड़ी संस्कृति को लेकर लाल किले तक से रुन्दन करना आखिर बिहार में कहां चला गया?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सोरम में हुई सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का सामाजिक महत्व

जिले में सर्वखाप महापंचायत मुख्यालय के गांव सोरम में बीते 16 नवम्बर से शुरु हुई 3 दिवसीय सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत का आयोजन हुआ। सोरम में हुई इस महाप.ंचायत में दर्जनों खाप चौधरियों और थाम्बेदारों के साथ कई राज्यों के लोगों ने शिरकत की। कई खापों के चौधरी की इसमें शिरकत को लेकर शिकायत भी रही कि इस सर्वखाप महापंचायत का आयोजन विधिसम्मत तरीके से खाप चौधरियों के साथ चर्चा करके नहीं किया गया और कहा गया कि भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर महापंचायत में सर्वखाप पंचायत के प्लेटफॉर्म का उपयोग कर निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु जन समुदाय की उपस्थिति दिखाना ही इस महापंचायत का निहित एजेंडा है। फलस्वरूप कई खाप चौधरियों ने इसमें शिरकत नही की। फिर भी सोरम गांव के ऐतिहा.सिक महत्व के दृष्टिगत वेस्टर्न यूपी के जिलों के लोगों का यहां की धरती के प्रति आस्था के चलते बड़ी संख्या में आना हुआ। अन्य राज्यों के बाशिंदों की हाजिरी भी सोरम की धरती पर इस पंचायत में बड़ी संख्या में दिखी। सोरम गांव की धरती प्राचीन काल से ही संत महात्माओं की भूमि मानी गई है और इस गांव में सर्वसमाज की चिंता करने वाले कई बुद्धिमान व बलवान महापुरुष पैदा हुए हैं। यहां की पंचायत ने मुगल काल के समय से ही बड़े-बड़े निर्णय लेकर हर कालखंड में समाज की चिंता की व मुश्किलों को दूर किया। इसलिए यहां की भूमि को सिद्ध देवभूमि माना जाता है। इस महापंचायत में




पधारे स्थानीय और अन्य राज्यों से आए लोगों का समस्त बालियान खाप व सोरम गांव ने दिल खोलकर स्वागत किया और आगंतुकों एवं अतिथियों को इस 3 दिवसीय आयोजन में रहने, खाने इत्यादि संबंधी कोई भी समस्या नहीं होने दी। यही इस सोरम गांव व बालियान खाप का ऐतिहासिक पंचायती स्वरूप है जिसकी तह में मेहमानों की आव भगत अतिथि देवो भव की सोच के साथ सर्वोपरि रहती है। उम्मीद है कि सोरम की पवित्र धरती पर पधारे सब आमजन व अतिथि एक सुखद अनुभव यहां से लेकर गए होंगे। इस सर्वखाप की महापंचायत से ए तो साबित हो गया कि सर्व खाप पंचायत व सोरम के नाम पर यदि लोगों को एकत्र करने का आह्वान किया जाता है तो उसमें लोग सर्व समाज का भला होने का सपना लेकर अवश्य पहुंचते हैं हालांकि इस बार की पंचायत में लोगों में यह जरुर चर्चा रही कि जो रोल व वर्चस्व महापंचायत के आयोजन में बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत व सर्व खाप मंत्री सुभाष बालियान का दिखाना चाहिए था वह वैसा दिखाई नहीं दिया अपितु भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राक.ेश टिकैत ने ही सब मोर्चा संभाला हुआ था लेकिन यह सब बातें बातें रह जाती हैं क्योंकि राकेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं जो बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत के छोटे भाई हैं और नरेश टिकैत भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष भी हैं तो ऐसे में बालियान खाप के लोगों के साथ संपूर्ण परिवार का सक्रिय रहना अच्छी बात है। इस महापंचायत के आयोजन और समापन के बीच में कुछ ऐसे विषय रहे जो समाज की .ष्टि से महत्वपूर्ण हैं और उनमें चर्चा व परिचर्चा अवश्य होती रहेगी लेकिन महत्वपूर्ण यहां यह है कि सर्व समाज और गांवों को एकजुट रख उत्थान कार्य रुकने नहीं चाहिए। उत्थान व विकास कार्यों की प्रक्रिया अनुकरणीय बनी रहनी चाहिए। सोरम गांव की इस पवित्र धरती से भाईचारे, एकजुटता व सर्व समाज को सुदृढ़ और सुंदर बनाने हेतु स्वस्थ परंपराओं के साथ सामाजिक निर्णय समय समय पर लिए जाते रहने चाहिएं जिससे सामाजिक बुराइयां पनपने न पाएं और समय के साथ स्वस्थ परिवर्तनों को समाज अंगीकार कर प्रगति के साथ आगे बढ़कर देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता रहे। अब सर्वखाप महापंचायत का समापन हो गया है और सभी खाप चौधरी, थांबेदार, जिम्मेदार व्यक्ति व अतिथि अपनी अपनी खापों में अपने अपने निवास स्थान पर लौट गए हैं अब सभी का नैतिक दायित्व महापंचायत में सर्व सम्मति से लिए गए निर्णयों को धरातल पर लागू करने के लिए पहल करने का रहेगा। कुछ निर्णय ऐसे भी हैं जिसमें सरकार व न्यायालय के सहयोग और स्वीकृति की भी आवश्यकता होगी उन पर विधिवत तरीकों से आगे बढ़ा जा सकता है लेकिन जो निर्णय सीधे समाज के हाथ में हैं उसमें जागरूकता पैदा कर उनका क्रियान्वयन किया जाना सर्व जाति एवं सर्व समाज को एकजुट, स्वस्थ व प्रगतिशील बनाए रखने के लिए जरुरी है। जहां तक गांव सोरम की बात है यहां बहुत सी बातों को गांव का सर्व समाज पहले से ही अंगीकार किए हुए हैं। जिसकी बानगी यहां के क्रिया कलापों में स्पष्ट झलकती है। सर्वखाप मंत्री सुभाष बालियान इसी गांव सोरम के निवासी हैं तो यह उन पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होगी कि उनका यह गांव खाप व्यवस्था के हिसाब से सामाजिक मूल्यों का हमेशा केंद्र बना रहे और गांव सोरम में निरंतर आयोजित होने वाली गांव की आम व खास पंचायत में लिए गए निर्णय न केवल जिले बल्कि पास के जिलों में भी सामाजिक मूल्यों को बढ़ाने का कार्य करते रहें। सर्वखाप मंत्री व बालियान खाप चौधरी



यशपाल बालियान

की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है उन्हें अपनी खाप में इन निर्णयों को लागू कराकर अन्य खापों को प्रोत्साहित करने वाला संदेश देना होगा। सोरम गांव हमेशा से सामा.जिक मूल्यों में विश्वास रखकर उनको बढ़ावा देता रहा है और हमेशा यहां कुछ अच्छे कार्यों की शुरुआत कर सर्व समाज को बड़ा मैसेज देने का प्रयास रहता है। जिससे अच्छी बातों का अनुसरण होकर समाज सहिष्णु और प्रगतिशील बना रहे। हम सब ग्रामीण महापंचायत के समापन के बाद इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि हमें पंचायत में लिए गए निर्णयों को गांव के सर्व समाज के लोगों को जागरुक कर धरातल पर उतारकर गांव के प्रति क्षेत्र के लोगों की आस्था व विश्वास के चलते अच्छा कार्य होने के बारे में सुनने की अपेक्षा को पूरा करना है। मुझे उम्मीद है कि हमारा गांव महापंचायत के बाद एक अच्छी सामाजिक व्यवस्था, समझ व जिम्मेदारी को निरुपित करता दिखाई देगा और उसका असर न केवल जिले तक सीमित रहेगा बल्कि वेस्टर्न यूपी के साथ उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों तक भी अनुकरण होता दिखाई देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने राफेल की बिक्री रोकने को कैंपेन चलाया

## अमेरिकी रिपोर्ट में दावाः भारत-पाक संघर्ष के दौरान एआई से बनी फर्जी तस्वीरें कराईं वायरल

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया।

यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष का फायदा उठाया और अपने हथियारों की खूबियां दिखाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने फ्रांस के राफेल फाइटर जेट की बिक्री रोकने और अपने जे-35 लड़ाकू विमानों के प्रचार के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स चलाए। इन अकाउंट्स से एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। रिपोर्ट में कई रिस्क बताए गए हैं, जो अमेरिका के लिए आर्थिक, तकनीकी और



■ चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अहम हैं। रिपोर्ट बताती है कि चीन एडवांस टैक्नोलाजीज (जैसे एआई, क्वांटम कम्प्यूटिंग, रोबोटिक्स) में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें बताया गया है कि चीन जरूरी कच्चे माल, टेक्नोलाजी पर कंट्रोल रखता है। ऐसे में वह सप्लाई चेन को हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। रिपोर्ट में चीन के रूस, ईरान और उत्तर कोरिया जैसे देशों के साथ पार्टनरशिप को लेकर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन कई देशों के साथ आर्थिक-सैन्य रणनीतिक रिश्ते मजबूत कर रहा है, जिससे उसकी वैश्विक पहुंच और शक्ति बढ़ रही है। रिपोर्ट में चीन-निर्मित ऊर्जा स्टोरेज सिस्टम (जैसे बैटरियां) पर चिंता जताई गई है, खासकर वे सिस्टम जिसमें रिमोट मानिटरिंग की सुविधा है। चीन इनका दुरुपयोग कर साइबर खतरे पैदा कर सकता है। यूएसससी एक बायपार्टिजन आयोग है, यानी इसे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स दोनों पार्टियों ने मिलकर बनाया है, ताकि संतुलित तरीके से चीन-अमेरिका के आर्थिक और सुरक्षा संबंधों की निगरानी की जा सके। इस बार की रिपोर्ट में चीन की नीतियों, उसकी आर्थिक क्षमता, सैन्य चुनौती, टेक्नोलाजी प्रतिस्पर्धा और सप्लाई चेन समेत कई महत्वपूर्ण जोखिमों पर चर्चा की गई है। रिपोर्ट का मकसद कांग्रेस और अमेरिकी नीति निर्माताओं को सिफारिशें देना है कि वे चीन के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करें।

## अमेरिका-रूस यूक्रेन समझौते पर बना रहे हैं 'नई योजना'

**मास्को।** अमेरिका और रूस यूक्रेन संघर्ष का समाधान करने के उद्देश्य से गुपचुप तरीके से एक 'नई योजना' पर काम कर कर रहे हैं। यह जानकारी एक्सियोस ने रूसी और अमेरिकी सूत्रों के हवाले से बुधवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित 28 सूत्री अमेरिकी योजना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सफल गाजा समझौते के प्रयासों से प्रेरित है और इसे चार मुख्य विषयों के इर्द-गिर्द रखा गया है जिसमें यूक्रेन में शांति, सुरक्षा गारंटी, यूरोपीय सुरक्षा और रूस-यूक्रेन के साथ भविष्य के अमेरिकी संबंध शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि एक वरिष्ठ रूसी अधिकारी ने इस योजना को लेकर आशा व्यक्त की है जबकि यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों की प्रतिक्रिया अभी प्राप्त नहीं है।



**बीकानेर।** मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बारे में लोगों से बातचीत करते बूथ लेवल अधिकारी।

## एरिक ट्रम्प ने ममदानी को भारत और यहूदी-विरोधी पूर्वाग्रह वाला बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे और ट्रम्प ऑर्गनाइजेशन के कार्यकारी उपाध्यक्ष एरिक ट्रम्प ने न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की आलोचना करते हुए दावा किया है कि ममदानी कम्युनिस्ट हैं और वह भारत-विरोधी और यहूदी-विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देते हैं। एरिक ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज पर एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि दुनिया में कोई भी जगह न्यूयॉर्क शहर का मुकाबला नहीं कर सकती, और फिर भी आपके पास एक समाजवादी, कम्युनिस्ट, चाहे आप इसे जो भी नाम देना चाहें, मौजूद है जो नेतन्याहू को गिरफ्तार करना चाहता है, यहूदियों से नफरत करता है, भारतीय आबादी से नफरत करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप

**ताइपे।** ताइवान के अभियोजकों ने देश के पूर्व एवं वर्तमान सैन्यकर्मियों सहित सात लोगों पर चीनी सरकार के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया है। यह जानकारी ताइपे टाइम्स अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि हांगकांग का एक व्यक्ति बार-बार व्यापार और पर्यटक वीजा पर ताइवान का दौरा करता था और उसने दो सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों की भर्ती की, जिन्होंने बाद में अपने पूर्व साथियों को द्वीप के सशस्त्र बलों के बारे में गोपनीय जानकारी इकट्ठा करने के लिए भर्ती किया।

### जापान में भीषण आग, 175 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**टोक्यो।** जापान के क्यूशू द्वीप पर स्थित ओइता शहर में भीषण आग लगने से आवासीय भवनों सहित 170 संरचनाएं नष्ट हो गई जिसके बाद 175 लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। एनएचके प्रसारक ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग मंगलवार शाम को लगी और तेज हवाओं के कारण शहर में फैल गई। एनएचके के अनुसार आज सुबह तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका और यह आग पास के पहाड़ी जंगल में भी फैल गई है।

### रूसी वायु रक्षा बल ने 65 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बल ने मंगलवार रात चार रूसी क्षेत्रों और काला और आजोव सागर में 65 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात, वायु रक्षा प्रणालियों ने 65 यूक्रेनी मानव. रहित हवाई वाहनों (ड्रोन) को रोक कर उन्हें हवा में ही नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया कि काला सागर के ऊपर 16 ड्रोन, वोरोनिश क्षेत्र और क्रास्नोडार क्षेत्र के ऊपर 14-14 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र के ऊपर 11 ड्रोन, आजोव सागर के ऊपर नौ ड्रोन और ब्रांस्क क्षेत्र के ऊपर एक ड्रोन नष्ट किया गया।

### जर्मनी, स्वीडन रक्षा सहयोग मजबूत करेंगे

**मास्को।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने कहा है कि जर्मनी और स्वीडन ने सुरक्षा एवं रक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए एक ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हस्ताक्षर चौबीसवें बर्लिन सुरक्षा सम्मेलन के बाद किया गया है। पिस्टोरियस ने मंगलवार को हस्ताक्षर समारोह में कहा कि यह समझौता नाटो में संयुक्त प्रशिक्षण, आधुनिक प्रौद्योगिकियों की खरीद और परस्पर कार्यक्षमता के लिए आधार तैयार करता है। पिस्टोरियस ने याद किया कि स्वीडन पहले ही नाटो में शामिल हो चुका है।

# भारत को एसयू-फाइटर जेट्स देने को रूस तैयार

## तकनीक के भी बिना शर्त ट्रांसफर करने का दावा, एसयू- फाइटर विमान अमेरिकी एफ-35 जेट्स का तोड़

**मास्को।** रूस, भारत को एसयू-स्टेल्थ फाइटर जेट्स देने के लिए तैयार हो गया है। दुबई एयर शो में रूसी कंपनी रास्टेक के सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि वे इन फाइटर जेट्स की तकनीक भी बिना शर्त ट्रांसफर करेंगे। रूसी एसयू-जेट्स को अमेरिका के एफ-35 का तोड़ माना जाता है। एसयू- की तरह एफ-35 भी 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। अमेरिका लंबे समय से भारत को एफ-35 बेचना चाह रहा है। रूस से यह आश्वासन ऐसे समय आया है जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में मास्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। पुतिन अगले महीने भारत आने वाले हैं।

सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं। जब भारत पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध लगे थे, तब भी रूस ने भारत की सुरक्षा के लिए हथियार सप्लाई करना जारी रखा था। उन्होंने कहा कि आज भी हम वही पालिसी अपना रहे हैं। भारत को उसकी जरूरत के मुताबिक हर तरह का मिलिट्री इक्विपमेंट सप्लाई कर रहे हैं और भविष्य के सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। रूस का कहना है कि एसयू-की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी। इसमें इंजन, रडार, स्टेल्थ तकनीक और आधुनिक हथियारों की जानकारी भी दी जा सकती है। रूस ने यह भी कहा कि अगर भारत चाहे तो एसयू- को भारत में ही



■ भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं: सेर्गेई
■ रूस का कहना है कि एसयू- की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी

### 2030 तक रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार पहुंचेगा 100 बिलियन डॉलरः जयशंकर

**मास्को।** भारत ने रूस के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। भारत ने रूस के येकातेरिनबर्ग और कजान में दो नए महावाणिज्य दूतावासों का उद्घाटन किया। इस मौके पर विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है जब हम इस देश में दो और महावाणिज्य दूतावास जोड़ रहे हैं। एस जयशंकर ने कहा कि ये महावाणिज्य दूतावास दोनों देशों के बीच सिर्फ संबंध मजबूत नहीं करेंगे, बल्कि इससे आशा है कि भारत के साथ रूस का द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। गौरतलब है कि फिलहाल भारत और रूस के बीच 68.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। एस जयशंकर ने कार्यक्रम में शामिल लोगों से कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि पिछले कुछ महीनों से इन वाणिज्य दूतावासों की स्थापना के लिए लगातार काम चल रहा था। येकातेरिनबर्ग को अक्सर अपने औद्योगिक महत्व की वजह से रूस की तीसरी राजधानी कहा जाता है और यह साइबेरिया का प्रवेश द्वार है।

बनाया जा सकता है। रूस ने भारत को टू-सीटर एसयू- बनाने की जाइंट प्लानिंग का भी प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि यह सब भारत में बिना किसी विदेशी प्रतिबंध की चिंता के किया जा सकेगा। कई दशक से रूस भारत का प्रमुख मिलिट्री सप्लायर रहा है। फाइटर जेट्स और सबमरीन से लेकर मिसाइल सिस्टम और हेलिकाप्टर्स तक रूस भारत को मुहैया कराता रहा है। भारत कोएसयू-तकनीक मिलने का मतलब है कि भारत भविष्य में अपनाएसयू- वर्जन बना सकता है। तकनीक ट्रांसफर करना सामान्य बात नहीं है। खासकर लड़ाकू विमान जैसे हाई-एंड डिफेंस सिस्टम में। दरअसल फाइटर जेट टेक्नोलाजी दुनिया की सबसे सीक्रेट और संवेदनशील तकनीक होती है। फाइटर जेट सिर्फ एक मशीन नहीं है बल्कि यह किसी भी देश की सैन्य ताकत, इंजिनियरिंग क्षमता और स्ट्रेटेजिक बढ़त का प्रतीक है। एसयू-57 जैसी 5वीं पीढी की मिसाइल में स्टील्थ डिजाइन, एवियोनिक्स, सेंसर फ्यूजन, इंजन टेक्नोलाजी, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम जैसी चीजें शामिल होती हैं। यह ऐसी तकनीक होती है जिसे देश आसानी से शेयर नहीं करते, क्योंकि एक बार तकनीक शेयर हो जाने पर उसकी कापी बनना आसान हो जाता है। चीन जो कि रूस का सबसे बड़ा डिफेंस पार्टनर है उसे भीएसयू-की तकनीक नहीं दी गई है। रूस ने चीन को सिर्फ एसयू-35 फाइटर दिया है, वह भी बिना इंजन टेक्नोलाजी ट्रांसफर के। तकनीक ट्रांसफर ना होने से खरीदार देश को कई तरह के नुकसान होते हैं। अगर तकनीक नहीं मिलती है तो खरीदार देश को मेंटेनेंस, रिपेयर, स्पेयर पार्ट्स और अपग्रेड के लिए हमेशा विदेशी देश पर निर्भर रहना पड़ता है।

# सऊदी अरब के पैसे से बसाया जाएगा गाजा

**वाशिंगटन।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने व्हाइट हाउस में कहा कि उनका देश गाजा को फिर से बसाने के लिए पैसा खर्च करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि खर्च करने की रकम कितनी होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को पत्रकार जमाल खशोगी हत्या मामले में प्रभावी तौर पर क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने मंगलवार देर रात व्हाइट हाउस में एमबीएस के साथ मीडिया से बात करते हुए कहा कि क्राउन प्रिंस को इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी।

ट्रम्प ने कहा खशोगी बहुत विवादित व्यक्ति थे। इस मुद्दे को उठाकर मेहमान को शर्मिंदा क्यों किया जा रहा है। ऐसी चीजें होती रहती हैं। खशोगी की 2018 में इस्तांबुल में सऊदी एंबेसी के अंदर हत्या कर दी गई थी। अमेरिकी सीक्रेट एजेंसियों की रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रिंस सलमान ने ही खशोगी की हत्या को मंजूरी दी थी। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु सहयोग और एफ-35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति को लेकर भी महत्वपूर्ण समझौते हुए। पत्रकार ने ट्रम्प से पूछा कि अमेरिकी खुफिया विभाग दावा करता है कि प्रिंस सलमान ने खशोगी की क्रूर हत्या की साजिश रची थी। ऐसे में आपके परिवार का सऊदी में व्यापार करना क्या सही है? ट्रम्प ने पत्रकार को बीच में टोकते हुए पूछा-आप कहां से आई हैं? पत्रकार ने जवाब दिया-एबीसी न्यूज से हूं। ट्रम्प ने कहा- फेक न्यूज, एबीसी फेक न्यूज। इस बिजनेस में सबसे बुरे संस्थानों में से एक। ट्रम्प ने आगे कहाः मेरा पारिवारिक बिजनेस से कोई लेना-देना नहीं है। मेरा परिवार पूरी दुनिया में बिजनेस करता है। इस बीच, जमाल खशोगी की विधवा ने टीवी पर आकर कहा कि उनके पति के मामले में अभी न्याय अधूरा है और वह उनके शरीर को वापस लाने की मांग करती हैं।



■ बदले में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने जर्नलिस्ट मर्डर केस में क्राउन प्रिंस को क्लीन चिट दी

# ट्रम्प ने सऊदी अरब के साथ साझेदारी को मजबूत किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच मंगलवार को हुई वार्ता में दोनों देशों ने रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

सऊदी अरब ने अमेरिका में अपनी निवेश प्रतिबद्धता को बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर करने की घोषणा की। यह राशि मई 2017 में राष्ट्रपति ट्रम्प की रियाद यात्रा के दौरान घोषित 600 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता से लगभग दोगुनी है। व्हाइट हाउस ने इस समझौते को एक बड़ा कदम बताया है जो अमेरिका-सऊदी रणनीतिक साझेदारी को और बेहतर करेगा और उच्च वेतन वाली अमेरिकी नौकरियों के अवसरों का विस्तार करेगा। इसके अलावा यह महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करेगा, क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करेगा और अमेरिकी श्रमिकों, उद्योग और सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। प्रमुख उपलब्धियों में असैन्य परमाणु सहयोग समझौता, महत्वपूर्ण खनिजों के सहयोग में प्रगति और एक एआई समझौता ज्ञापन शामिल हैं। ये समझौते अमेरिकी लोगों को सीधे लाभ पहुंचाने वाले सौदे हासिल करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ए समझौते ट्रम्प प्रशासन के 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को विश्व मंच पर एक अग्रणी के रूप में मजबूत करते हुए हमारे आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करते हैं।

## क्राउन प्रिंस ने अमेरिका में 1 ट्रिलियन डॉलर के निवेश का वादा किया

**वाशिंगटन।** सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने मंगलवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और व्यापक आर्थिक एवं सैन्य समझौतों की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अमेरिका में सऊदी निवेश को 600 अरब डॉलर से बढ़ाकर लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर करने का संकल्प लिया। व्हाइट हाउस में क्राउन प्रिंस का भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान, ट्रम्प ने 2018 में पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या को लेकर क्राउन प्रिंस का बचाव किया और जोर देकर कहा कि सऊदी अरब के वास्तविक शासक को इस हत्या के बारे में 'कुछ भी पता नहीं था'। अमेरिका और सऊदी अरब ने एक असैन्य परमाणु समझौते और एफ-35 विमानों की बिक्री को भी मंजूरी दी।

# लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए हमले

## पीओके के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक का आतंकी हमलों पर बड़ा कबूलनामा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी।

एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉडयूल ने 10 नवम्बर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था। हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने



■ हक ने पहलगाम में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया

कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है। लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉडयूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था। ये अपने मेडिकल क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल रसायन और विस्फोटक सामग्री जुटाने में कर रहे थे। यह मॉडयूल लंबे समय से भारत में आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहा था। हक ने अपने बयान में इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा, जो पाकिस्तान की ओर से हमलों को लेकर खुले तौर पर स्वीकार किया गया सबसे गंभीर बयान माना जा रहा है। अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। चौधरी अनवरुल हक ने इस हमले को भी पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान को खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का एक और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

# इमरान खान की बहनों को सड़क पर घसीटा

## जेल में बंद भाई से मिलने नहीं दिया, पुलिस ने बदसलूकी की, जबरदस्ती हिरासत में लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डा. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन उठाकर ले जाने की कोशिश की। पार्टी ने आरोप लगाया कि सिर्फ खान की बहनें ही नहीं, बल्कि खैबर प्रांत की मंत्री मीना खान अफरीदी, सांसद शाहिद खटक और कई महिला कार्यकर्ताओं के साथ भी पुलिस ने मारपीट की। पीटीआई ने कहा कि इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है, लेकिन सरकार इन मुलाकातों को जुल्म और दबाव का तरीका बना रही है। पार्टी की तरफ से पोस्ट किए गए एक वीडियो में अलीमा और उज्मा, नोरीन को संभालते दिखती हैं, जो बेहद घबराई हुई नजर आती हैं। अलीमा कहती हैं कि उन्हें सड़क पर घसीटा गया। एक और वीडियो में नोरीन बताती हैं कि महिला पुलिसकर्मियों ने उनके बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर गिरा दिया। उन्होंने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्वक बैठे थे और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अचानक ऐसा क्यों किया गया। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान में इमरान खान की बहनों के साथ इस तरह घटना हुई हो। इससे पहले सितम्बर 2025 में, अडियाला जेल के बाहर मीडिया से बात करते वक्त अलीमा पर अंडे फेंके जाने की घटना हुई थी। इसके अलावा अलीमा, नोरीन और उज्मा को अप्रैल 2025 में जेल पहुंचने की कोशिश के दौरान भी गिरफ्तार किया गया था। अलीमा खान भाई इमरान खान की चैरिटेबल वेलफेयर संस्थाओं से जुड़ी हैं। डा. उज्मा खान क्वालिफाइड सर्जन हैं।



■ पीटीआई ने कहाः इमरान खान को उनके परिवार से मिलने का अधिकार अदालत ने दिया है

## जी-20 शिखर सम्मेलन में अल्जीरिया के राष्ट्रपति से मिलेंगे मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इस सप्ताह के अंत में दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। फ्रांसीसी अखबार जर्नल डू डिमांचे ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। अखबार ने मंगलवार को कहा कि हालांकि फ्रांस और अल्जीरिया के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है लेकिन मैक्रों इस आगामी सप्ताहांत जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान तेब्बौने से मुलाकात करेंगे। जी-20 शिखर सम्मेलन 22-23 नवम्बर को जोहान्सबर्ग में होगा। फ्रांस और अल्जीरिया के बीच संबंध तब खराब हो गए जब 2024 के अंत में पुरस्कार विजेता अल्जीरियाई लेखक बौआलेम संसल, जिन्होंने 2024 में फ्रांसीसी नागरिकता प्राप्त की थी, को अल्जीरिया में हिरासत में लिया गया।

